सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 21.3 अधि |
| धर्मशाला | 19.8 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,709 |
| निफ्टी | 24,239 |
| सोना | 1,41,915 |
| चांदी | 2,18,967 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 21 जुलाई 2026 | 6 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 203, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

# स्पेन बना फुटबॉल का नया बादशाह

## फाइनल में मेसी की अर्जेंटीना को 1-0 से हराया, फेरान टोरेस रहे जीत के हीरो



**एजेंसी, न्यू जर्सी**

स्पेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा वर्ल्ड कप 2026 जीत लिया। रविवार को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में स्पेन ने गत चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 से बराबर था। ऐसे में मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा, जहां स्पेनिश टीम ने जीत हासिल की। 106वें मिनट में सब्स्टीट्यूट प्लेयर फेरान टोरेस ने स्पेन के लिए गोल दागा।

टोरेस को एक अन्य सब्स्टीटयूट खिलाड़ी निको विलियम्स ने पास दिया, जिसपर वो गोल करने में कामयाब रहे। स्पेन ने दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप जीता है। इससे पहले 2010 में ये टीम चैंपियन बनी थी। वहीं अर्जेंटीना की टीम चौथी बार वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीत सकी। (अनंत ज्ञान)

### विश्व विजेता स्पेन को मिले 50 मिलियन डॉलर

**फीफा** ने विश्व विजेता स्पेन को 50 मिलियन डॉलर (करीब 481 करोड़ रुपये) की प्राइज मनी दी। यह फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी चैंपियन टीम को मिली सबसे बड़ी रकम है। रनर-अप टीम को 33 मिलियन डॉलर (करीब 318 करोड़ रुपए) दिए गए, जो पिछले विश्व कप से 3 मिलियन डॉलर अधिक हैं। तीसरे स्थान पर रहे इंग्लैंड को 29 मिलियन डॉलर (लगभग 279 करोड़ रुपए), जबकि चौथे स्थान पर रहने वाले फ्रांस को 27 मिलियन डॉलर (लगभग 260 करोड़ रुपए) मिले।

### फिसड्डी टीमों को भी मिले करोड़ों रुपए

**फीफा** ने इस बार 48 टीमों के नए फॉर्मेट वाले टूर्नामेंट में प्राइज मनी को भी काफी बढ़ा दिया। क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली हर टीम को 19 मिलियन डॉलर (करीब 183 करोड़ रुपए) मिले। वहीं राउंड ऑफ 16 में बाहर होने वाली हर टीम को 15 मिलियन डॉलर (करीब 144 करोड़ रुपए) दिए गए।



# मानसून का रौद्र रूप, चंबा व लाहौल में फटे बादल

## आज कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन का भी खतरा

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रौद्र रूप दिखाया है। चंबा और लाहौल-स्पीति में बादल फटने की घटनाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ है, जबकि भारतीय मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों से दूर रहने की अपील की है। लगातार हो रही बारिश के बीच फ्लैश फ्लड, लैंडस्लाइड और जलभराव की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट मोड पर हैं।

जानकारी के अनुसार चंबा जिले के होली क्षेत्र में बादल फटने के बाद कलाह नाले में अचानक आए तेज बहाव के कारण वहां कार्य कर रहे तीन मजदूर फंस गए। स्थानीय लोगों और प्रशासन की तत्परता से जलस्तर कम होने के बाद तीनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं लाहौल-स्पीति के खंगसर और शूरू गांव के समीप बादल फटने से नालों में उफान आ गया, जिससे कृषि भूमि, फसलें और संपर्क मार्ग प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेना शुरू कर दिया है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 22 जुलाई सुबह तक कई क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा हो सकती है, जिससे निचले इलाकों में जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ सकती हैं।

बीते 24 घंटों में हुई वर्षा के बाद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। चंबा में अधिकतम तापमान सामान्य से 7.6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया, जबकि शिमला, सुंदरनगर, भुंतर और मनाली सहित कई शहरों में भी तापमान सामान्य से कम रहा। इसके बावजूद इस मानसून सीजन में प्रदेश में अब तक सामान्य से लगभग 16 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। एक जून से 19 जुलाई तक सामान्य तौर पर 247.1 मिमी वर्षा होती है, जबकि इस वर्ष केवल 207.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। हमीरपुर, लाहौल-स्पीति, बिलासपुर, मंडी और कांगड़ा जैसे जिलों में वर्षा की कमी अधिक दर्ज की गई है।



### कलाह नाले में फंसे 3 मजदूर, सुरक्षित निकाले

**अनंत ज्ञान, ओपी शर्मा, भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र होली के कलाह नाले में सोमवार को बादल फटने की घटना के बाद अचानक जलस्तर बढ़ जाने से अफरा-तफरी मच गई। नाले के किनारे कार्य कर रहे तीन मजदूर तेज बहाव के बीच बीच धारा में फंस गए। अचानक पानी का स्तर बढ़ने से वे सुरक्षित स्थान पर तो पहुंच गए, लेकिन कुछ समय तक बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मजदूरों की सुरक्षा पर नजर बनाए रखी। तेज बहाव के कारण तत्काल राहत कार्य संभव नहीं हो पाया। कुछ देर बाद जब नाले का जलस्तर कम हुआ तो तीनों मजदूर सुरक्षित बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या कोई घायल होने की सूचना नहीं है। बादल फटने के कारण नाले में अचानक आए उफान ने क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में पहाड़ी नालों का जलस्तर कुछ ही मिनटों में कई गुना बढ़ जाता है, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है।

# हिमाचल में भरेंगे 7,500 पद, पुलिस कांस्टेबल भर्ती में एक वर्ष की छूट

## सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में आशा वर्कर्स का मानदेय भी बढ़ाया

**अनंत ज्ञान**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को जनहित और रोजगार से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने प्रदेश में लगभग 7,500 पदों को नियमित अथवा आउटसोर्स आधार पर भरने की मंजूरी प्रदान की। शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, कृषि, मत्स्य, न्यायिक व्यवस्था और ग्रामीण विकास से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। साथ ही आशा वर्करों और नंबरदारों के मानदेय में वृद्धि, पीजी कर रहे डॉक्टरों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी तथा पुलिस कांस्टेबल भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने जैसे फैसलों को भी मंजूरी दी गई।

कैबिनेट ने शिक्षा विभाग में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए 3,950 चौकीदार एवं मल्टी टास्क वर्कर के पद स्वीकृत किए। इसके अलावा 200 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) के पद नियमित आधार पर राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरे जाएंगे। प्रदेश की विभिन्न पंचायतों में 400 मल्टी टास्क वर्कर तथा आयुर्वेद विभाग में 800 स्टाफ नर्सों की भर्ती को भी मंजूरी दी गई। आशा वर्करों का मासिक मानदेय 1,000 रुपये बढ़ाकर 6,800 रुपये तथा नंबरदारों का मानदेय 500 रुपए बढ़ाकर 5,000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया। यह बढ़ी हुई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। वहीं मेडिकल कॉलेजों में पीजी कर रहे प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के डॉक्टरों का स्टाइपेंड क्रमशः 50 हजार, 60 हजार और 65 हजार रुपए निर्धारित किया गया।

स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए चामियाना स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी के नेफ्रोलॉजी विभाग में डायलिसिस टेक्नीशियन के पांच पद स्वीकृत किए गए। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विभाग के लिए दो सहायक प्रोफेसर नियुक्त किए जाएंगे। शिमला जिले के कोटली में नया स्वास्थ्य केंद्र तथा हमीरपुर के धनेटा में टीचिंग लेवल आयुर्वेद अस्पताल स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। आईजीएमसी शिमला में बीएससी मेडिकल टेक्नोलॉजी (रेडिएशन/रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी) का नया पाठ्यक्रम शुरू होगा, जिसके लिए 30 सीटों को मंजूरी दी गई। शिक्षा सुधारों के तहत मुख्यमंत्री बाल पोषाहार योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत नर्सरी से आठवीं तक के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को मिड-डे मील के साथ सप्ताह में दो दिन उबला अंडा अथवा मौसमी फल उपलब्ध कराया जाएगा।

कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के लिए राहत देते हुए मार्केट इंटरवेंशन स्कीम को इस वर्ष भी जारी रखने का फैसला लिया गया, जिसके तहत सरकार सेब की खरीद करेगी। वहीं पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया, जिससे 800 प्रस्तावित पदों की भर्ती में बड़ी संख्या में युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

### मत्स्य पालन विभाग में 10 नए पद सृजित


**मत्स्य** पालन विभाग में छह फिशरीज ऑफिसर व चार सब-इंस्पेक्टर (फिशरीज) के पद सृजित किए गए हैं। अग्निशमन विभाग में नए फायर स्टेशनों और कांगड़ा के बड़ोल में फायर पोस्ट के लिए विभिन्न पदों को स्वीकृति मिली है। योजना तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में भी नए पद सृजित किए जाएंगे। प्रदेश में चार स्थायी लोक अदालतों के गठन को मंजूरी देते हुए उनके संचालन के लिए 16 अतिरिक्त पद स्वीकृत किए गए।

# विदेशी डिग्री को स्वदेशी मान्यता, हिमाचल प्रदेश में 'अमेरिकन हाई स्कूल डिप्लोमा' अब 12वीं के समकक्ष

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के उन छात्रों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है, जिन्होंने विदेशी मान्यता प्राप्त संस्थानों से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है। अब उन्हें प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए तकनीकी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका के 'अमेरिकन हाई स्कूल डिप्लोमा' को राज्य की जमा दो (12वीं कक्षा) की परीक्षा के समकक्ष मान्यता दे दी है। इस कदम से विदेशी बोर्ड से पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए राज्य में उच्च शिक्षा के दरवाजे पूरी तरह से खुल गए हैं।

### शिक्षा मंत्रालय व एआईयू के मानकों पर मुहर: राजेश



**बोर्ड** के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस महत्वपूर्ण अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि यह मान्यता विशेष रूप से अमेरिका की नॉर्थवेस्ट एक्रिडिटेशन कमीशन से मान्यता प्राप्त स्कूलों द्वारा जारी 'अमेरिकन हाई स्कूल डिप्लोमा ट्रांसक्रिप्ट (ग्रेड 12) या 12-ईयर हाई स्कूल डिप्लोमा' पर लागू होगी। बोर्ड ने यह नीतिगत निर्णय भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया है।

### केवल उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी यह सहूलियत

**अधिसूचना** में एक महत्वपूर्ण शर्त भी स्पष्ट की गई है। डॉ. शर्मा ने साफ किया कि इस अमेरिकन डिप्लोमा को 12वीं के समकक्ष मानने का यह फैसला केवल उच्च शिक्षा में प्रवेश के उद्देश्य तक ही सीमित रहेगा। रोजगार या किसी अन्य प्रयोजन के लिए इसके नियम अलग हो सकते हैं। वहीं फर्जीवाड़े को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बोर्ड ने सख्त हिदायत दी है कि किसी भी छात्र को प्रवेश देने से पहले उसके प्रमाण-पत्र की प्रामाणिकता और वैधता की जांच अनिवार्य होगी। संबंधित शैक्षणिक संस्थान या सक्षम प्राधिकारी को डिप्लोमा जारी करने वाली संस्था (एन डब्ल्यू ए सी) से इसका सत्यापन करवाना होगा। सही सत्यापन होने के बाद ही छात्र को 12वीं के समकक्ष मानते हुए प्रवेश का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी सुप्रीम कोर्ट बोला- राजनीति मत कीजिए

**एजेंसी, अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा एसआईटी बनाने का आदेश दिया है। सोमवार दोपहर 3:30 बजे सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- नए सिरे से एसआईटी बनाई जाए। सीनियर आईपीएस अधिकारी टीम की अगुआई करें, ताकि जांच किसी निर्णायक स्तर तक पहुंचे।

सीजेआई ने कहा- जांच निष्पक्ष और बिना किसी भेदभाव के होनी चाहिए। हम केवल एक चेतावनी दे रहे हैं। कृपया राजनीति न करें, इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता को यूपी सरकार से एसआईटी के लिए नाम लेकर आने को कहा। अदालत अब 27 जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट देवदत्त कामत और अन्य शामिल थे।

## विधायक फंड के दुरुपयोग के आरोप में होशियार सिंह पर विजिलेंस का शिकंजा



**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक होशियार सिंह चंब्याल के खिलाफ सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद की गई है। सतर्कता ब्यूरो के अनुसार, शिकायत पूर्व विधायक की एक कंपनी के कर्मचारियों सहित कुछ लाभार्थियों द्वारा दी गई थी। जांच के दौरान सरकारी दस्तावेजों, बैंक रिकॉर्ड और संबंधित लोगों के बयानों की जांच की गई। इसमें सामने आया कि वर्ष 2023 और 2024 के दौरान विधायक ऐच्छिक निधि से कुछ लोगों के नाम पर वित्तीय सहायता जारी की गई, जबकि संबंधित व्यक्तियों ने कथित तौर पर ऐसी सहायता के लिए आवेदन नहीं किया था। जांच में यह भी आरोप सामने आया कि सहायता राशि बैंक खातों में आने के बाद कथित रूप से नकद निकालकर पूर्व विधायक के निर्देश पर सौंप दी गई। सतर्कता ब्यूरो ने प्रथम दृष्टया सरकारी धन के निर्धारित उद्देश्य से अलग उपयोग और लाभार्थियों को वास्तविक लाभ न मिलने की बात कही है। मामले में थाना स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो धर्मशाला में एफआईआर संख्या 05/2026 दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 409 और 420 के तहत जांच शुरू कर दी गई है। ब्यूरो ने कहा है कि जांच निष्पक्ष और साक्ष्य आधारित तरीके से की जाएगी तथा आगे सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच होगी।

**मानसून सत्र** विपक्ष के हंगामे से सत्र की शुरुआत फीकी, पहले दिन ठप रहा संसद का कामकाज

# पेपर लीक, छात्रों के प्रदर्शन को लेकर विपक्ष का विरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र का पहला दिन सोमवार को विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के मुद्दे समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। अंततः दोनों सदनों की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इसी बीच लोकसभा में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने संबंधी 'सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026' पेश किया गया। वहीं राज्यसभा में 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रगान के समान सम्मान देने से संबंधित विधेयक राज्यसभा में पेश नहीं हो सका।

संसद परिसर के बाहर भी विभिन्न संगठनों के प्रदर्शन के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और संसद भवन की ओर आने-जाने वाले मार्गों पर आवाजाही प्रभावित हुई। लोकसभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही अध्यक्ष ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी सहित छह पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर 3 बार थोड़े अंतराल के लिए स्थगित होने के बाद तीन बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। इसी दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व सदस्यों बलबीर पुंज, स्वपन साधन बोस (टूटू बोस), रंगासायी रामकृष्ण और एच. हनुमंथप्पा के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कतर के पूर्व अमीर को भी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज, नीट और अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए इन विषयों पर तत्काल चर्चा की मांग की। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे, फिर 12:30 बजे, उसके बाद 12: 50, फिर दो बजे और फिर 2:30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने कहा कि संसद संवाद व चर्चा का मंच है व पूरे दिन कोई विधायी कार्य नहीं हो सका। हालांकि हंगामा जारी रहने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। (अनंत ज्ञान)



### नौ नवनिर्वाचित सदस्यों ने ग्रहण की शपथ

**दूसरी** ओर राज्यसभा में मानसून सत्र के पहले दिन नौ नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इनमें गुजरात से मुकेशभाई जे. राठवा, कर्नाटक से पवन खेड़ा, मध्य प्रदेश से महेश केवट, मेघालय से जेम्स पांगसांग कोंगकल संगमा, मिजोरम से खियांगते ललतलुआगकिमा, राजस्थान से सतीश पूनिया तथा पश्चिम बंगाल से प्रकाश चिक बराइक, सुष्मिता देव और सुखेंदु शेखर राय शामिल हैं।

# पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों को जंतर-मंतर से हटाया; निहत्थों को पीटा, संसद मार्च में भी लाठीचार्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलनकारियों को जंतर-मंतर से हटा दिया गया है। पुलिस ने मंच खाली करा लिया है और टेंट भी निकाल दिए हैं। प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर के बाद कनॉट प्लेस से भी खदेड़ दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने जबरदस्त लाठीचार्ज भी किया। उधर, सीजेपी ने पहले दावा किया था कि अभिजीत दीपके को हिरासत में ले लिया गया। लेकिन बाद में पुलिस और सीजेपी दोनों ने इस बात से इनकार कर दिया। सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए प्रदर्शन में पुलिस के लाठीचार्ज और झड़प में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

मामला तब बढ़ गया, जब आंदोलनकारी सुबह 10 बजे बैरिकेड तोड़कर पार्लियामेंट की तरफ बढ़े। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद प्रदर्शनकारी संसद के करीब पहुंच गए।

प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसने की कोशिश की। इसे देखते हुए संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मेन गेट को बंद कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। देर शाम तक चले हंगामे के बीच प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं। पुलिस के एक्शन के बाद इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। जब बाहर ये हंगामा चल रहा था उस वक्त पीएम समेत सभी सांसद संसद में मौजूद थे।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच सीजेपी के प्रतिनिधि जेपी नड्डा से मिले। इनका दावा है कि नड्डा ने उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि जंतर-मंतर व उसके आसपास अब कोई कार्रवाई नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)



# 1300 संपत्तियों को 99 वर्ष की लीज पर देगा नगर निगम शिमला

## आय बढ़ाने के लिए पेट्रोल पंप और गेस्ट हाउस बनाने का प्रस्ताव किया तैयार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी में मौजूद शिमला नगर निगम अपनी आय के स्थायी स्रोत बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। निगम प्रशासन ने शहर की करीब 1300 संपत्तियों को 99 वर्ष की लीज पर देने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके साथ ही निगम की भूमि पर पेट्रोल पंप और खलीनी क्षेत्र के समीप सराय व गेस्ट हाउस विकसित करने की योजना भी बनाई गई है।

प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय से पहले सभी कानूनी, वित्तीय और तकनीकी पहलुओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार वर्तमान व्यवस्था में निगम को इन



संपत्तियों से प्रतिवर्ष लगभग पांच से छह करोड़ रुपए किराए के रूप में प्राप्त होते हैं, लेकिन किराया वसूली और उससे जुड़े प्रशासनिक कार्यों में काफी समय और संसाधन खर्च होते हैं। ऐसे में निगम अब एकमुश्त राशि लेकर 99 वर्ष की लीज देने की योजना पर विचार कर रहा है। प्रस्ताव के अनुसार शहर को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें मुख्य शहर क्षेत्र के लिए 800 रुपये प्रति वर्ग मीटर, दूसरी श्रेणी के क्षेत्रों के लिए 400 रुपये तथा उपनगरों के लिए 300 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर प्रस्तावित की गई है।

बैठक में प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के बाद मेयर सुरेंद्र चौहान ने अकाउंट्स अधिकारी, वास्तुकार और विधि अधिकारी की तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति लीज नीति के कानूनी, वित्तीय और तकनीकी पहलुओं की समीक्षा कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट अगली वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में प्रस्तुत करेगी।

समिति की सिफारिशों के आधार पर ही प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी दी जाएगी। निगम का मानना है कि इस नीति से एकमुश्त बड़ी राशि प्राप्त होगी, जिसे शहर के विकास कार्यों और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर खर्च किया जा सकेगा।

### एमसी का आय के नए सोर्स बनाने पर फोकस

**नगर** निगम ने आय बढ़ाने के लिए अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार किया है। आईजीएमसी अस्पताल के नीचे निगम की भूमि पर पेट्रोल पंप स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिससे हर वर्ष करीब 18 लाख रुपये की अतिरिक्त आय होने का अनुमान है। इसके अलावा खलीनी क्षेत्र के समीप निगम की सराय और गेस्ट हाउस विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि इन परियोजनाओं से निगम की वित्तीय स्थिति और अधिक मजबूत होगी तथा भविष्य में नगर निगम को विकास योजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। प्रस्ताव को समिति की रिपोर्ट के बाद आगामी बैठक में अंतिम स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

## गैर-जमानती वारंट पर चंबा में तैनात कॉन्स्टेबल अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने न्यायालय के गैर-जमानती वारंट की तामील करते हुए चंबा में तैनात एक पुलिस आरक्षी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आरक्षी अजय कुमार, जो वर्तमान में पुलिस लाइन चंबा में कार्यरत है, को शिमला पुलिस की टीम ने चंबा बाजार से गिरफ्तार कर नियमानुसार थाना सदर शिमला लाया। उसे न्यायालय संख्या-3, शिमला के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार मामला वर्ष 2018 से लंबित है और आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी वारंट की तामील की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी अजय कुमार निवासी गांव एवं डाकघर रायपुर, थाना चुवाड़ी, तहसील भटियात, जिला चंबा के विरुद्ध वर्ष 2018 में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 457 और 511 के तहत सदर थाना शिमला में मामला दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया, लेकिन सुनवाई के दौरान आरोपी निर्धारित तिथियों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। इसके चलते न्यायालय ने उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किए। पूर्व में भी वारंट की तामील की गई थी, लेकिन दोबारा अनुपस्थित रहने पर नया गैर-जमानती वारंट जारी किया गया।

# सखोली में सामाजिक नियम तय उल्लंघन पर 51 हजार रुपए जुर्माना

## विवाह समारोह में 'मामा खर्च' और बकरा देने-लेने की परंपरा खत्म

अनंत ज्ञान



**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सखोली ने विवाह समारोहों को सादगीपूर्ण और सामाजिक रूप से संतुलित बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सामाजिक नियम लागू किए हैं। पंचायत प्रधान कमलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से इन प्रस्तावों को पारित किया गया। बैठक में उपप्रधान सुरेंद्र शर्मा, पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पंचायत के अनुसार इन नियमों का उद्देश्य विवाह समारोहों में बढ़ते अनावश्यक खर्च पर रोक लगाना, सामाजिक समानता को बढ़ावा देना और आर्थिक बोझ को कम करना है। यदि कोई व्यक्ति इन सामाजिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उस पर 51 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। साथ ही संबंधित व्यक्ति को पंचायत के लोगों के लिए सामूहिक भोज भी आयोजित करना होगा। पंचायत ने सभी ग्रामीणों से इन निर्णयों का सम्मान करने और सामाजिक सहयोग बनाए रखते हुए सादगीपूर्ण विवाह समारोहों को बढ़ावा देने की अपील की है।

### बारात में अधिकतम 10 वाहन लाने की अनुमति

**विवाह** समारोहों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए बारात में अधिकतम 10 वाहनों की अनुमति दी गई है। इसके अलावा रिश्ता तय करते समय होने वाली 'माशा खान' की परंपरा भी समाप्त कर दी गई है।

### दुल्हन के आभूषणों पर भी संख्या तय

**नए** नियमों के अनुसार विवाह के दौरान दुल्हन केवल मंगलसूत्र, नाक की तीली, कानों के झुमके और पायल ही धारण करेगी। भारी आभूषण पहनने की परंपरा को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। पंचायत ने विवाह में प्रचलित 'मामा खर्च' की परंपरा समाप्त कर दी है। अब केवल वास्तविक (सगे) मामा ही संबंधित रस्म में शामिल होंगे। साथ ही बकरा या अन्य उपहार देने-लेने की परंपरा पर भी रोक लगा दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### एआई से सशक्त होगा एनसीएस पोर्टल : कश्यप

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड आधारित तकनीक और ओपन डिजिटल आर्किटेक्चर से सशक्त बनाकर युवाओं के लिए रोजगार और करियर के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। लोकसभा में इस विषय को उठाते हुए उन्होंने कहा कि एनसीएस पोर्टल अब केवल नौकरी खोजने का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, कौशल विकास, करियर परामर्श, रोजगार मेलों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने वाला व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म बन चुका है। कश्यप ने बताया कि देशभर में 407 मॉडल करियर सेंटर स्वीकृत किए गए हैं, जो युवाओं को रोजगार और करियर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर एआई आधारित जॉब मैचिंग, स्किल गैप विश्लेषण, व्यक्तिगत रोजगार सुझाव, एआई इंटरव्यू कोच और भाषिणी के माध्यम से बहुभाषी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार, कौशल विकास और डिजिटल तकनीक के समन्वय से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

### युवाओं को सैनिक बनने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 133 ईको टास्क फोर्स ने प्रादेशिक सेना द्वारा 28-29 अगस्त 2026 को कोलकाता में आयोजित होने वाली 'नो योर टीए संगोष्ठी' के तहत साधड़ा, बलदेयां और नालदेहरा क्षेत्र में दो दिवसीय पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान नालदेहरा में 'भारतीय सेना में शामिल हों' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय युवाओं को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रादेशिक सेना की राष्ट्र निर्माण, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा में भूमिका की भी विस्तार से जानकारी दी गई। 133 ईको टास्क फोर्स ने कहा कि इकाई पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में वृक्षारोपण और पारिस्थितिक संरक्षण के लिए लगातार अभियान चला रही है। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। सेना ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य जनभागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को भारतीय सेना से जुड़कर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना भी है।

### कर्मचारी महासंघ ने किया आंदोलन का ऐलान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की दो दिवसीय अखिल भारतीय कार्य समिति की बैठक पश्चिम बंगाल के नदिया (कोलकाता) में संपन्न हुई। उद्घाटन सत्र कल्याणी विश्वविद्यालय के एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें 20 राज्यों के प्रतिनिधियों सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के सह संगठन मंत्री गणेश मिश्रा, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं महासंघ के प्रभारी उन्नीकृष्णन, जीईएनसी के प्रभारी एमपी सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, महामंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, विधायक असीम सरकार, विधायक बंकिम चंद्र घोष सहित अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। दूसरे सत्र में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने संगठनात्मक गतिविधियों और कर्मचारी समस्याओं पर विचार रखे। कार्य समिति ने देशव्यापी आंदोलन का प्रस्ताव पारित करते हुए निर्णय लिया कि 1 अगस्त से 12 अगस्त तक देशभर में सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। प्रमुख मांगों में एक देश-एक समान सेवा शर्तें, समान वेतनमान, महंगाई भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वर्ष 2010 से पूर्व के शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा में छूट, सीपीसीटी परीक्षा के आधार पर कर्मचारियों की सेवा समाप्त न करने तथा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों को समयबद्ध लागू करने की मांग शामिल है।

# फिलहाल आज से नहीं दौड़ेगी कालका-शिमला स्पेशल ट्रेन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बिगड़ते मौसम और भारी बारिश के पूर्वानुमान के बीच रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 21 जुलाई को चलने वाली कालका-शिमला स्पेशल ट्रेन को रद्द करने का निर्णय लिया है। खराब मौसम के साथ-साथ कम यात्री संख्या को देखते हुए लिया गया यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन व्यवस्था को ध्यान में रखकर किया गया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि मौसम सामान्य होने पर ट्रेन सेवाएं फिर से नियमित रूप से संचालित की जाएंगी। यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन की ताजा स्थिति अवश्य जांच लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

रेलवे के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, अंबाला मंडल द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 52459/60 तथा 52455/56 का संचालन मंगलवार, 21 जुलाई को नहीं किया जाएगा। रेलवे का कहना है कि प्रदेश में लगातार खराब मौसम, संभावित भूस्खलन और सुरक्षा संबंधी जोखिमों के साथ-साथ कम ऑक्यूपेंसी को देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों और विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को समय रहते जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

### ◆खराब मौसम की चुनौती के बीच रेलवे ने लिया फैसला

विभाग का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा किसी भी स्थिति में सर्वोपरि है और मौसम की परिस्थितियों में सुधार होते ही कालका-शिमला रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से बहाल कर दिया जाएगा। रेलवे ने भरोसा दिलाया है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्थिति सामान्य होते ही सेवाओं को सुचारु रूप से शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

# आदित्य के परिवार ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

## अमेरिकी हमले में हो गई थी मौत, सीएम ने मामले को केंद्र से उठाने का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** स्टेट ऑफ होर्मुज में अमेरिकी हमले के दौरान जान गंवाने वाले हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर निवासी 23 वर्षीय आदित्य शर्मा के परिजनों ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मुलाकात कर न्याय की मांग उठाई। आदित्य के पिता राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके बेटे की असामयिक मृत्यु के मामले को केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाए, ताकि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच हो और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या जिम्मेदारी सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस संवेदनशील मामले में परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आदित्य शर्मा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। इस दौरान आदित्य की माता सुषमा शर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे दिवंगत आदित्य शर्मा के परिजन।

परिजनों ने मुख्यमंत्री को बताया कि आदित्य शर्मा ने जहाज पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत पहले भी की थी और वह अप्रैल माह में जहाज छोड़ना चाहते थे।

उनका दावा है कि इस संबंध में उनके पास बातचीत के रिकॉर्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य भी मौजूद हैं। परिवार का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच बेहद आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी भी दोषी को कानून के दायरे में लाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने परिवार की बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष पूरी मजबूती के साथ उठाया जाएगा। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने आदित्य के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों से फोन पर बातचीत की थी तथा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था। अब व्यक्तिगत मुलाकात के बाद राज्य सरकार ने एक बार फिर परिवार को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय सहयोग का विश्वास दिलाया है।

### परिवार की उम्मीदों का था इकलौता सहारा

**आदित्य** शर्मा हमीरपुर जिले की ग्राम पंचायत हटेटा के गांव भालू के निवासी थे और तेल टैंकर 'एमटी सेंटेबेलो' पर डेक कैडेट के रूप में तैनात थे। स्टेट ऑफ होर्मुज में हुए हमले के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। जालंधर से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने स्कॉटलैंड से नौटिकल इंजीनियरिंग एवं मर्चेंट नेवी का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। 24 नवंबर 2025 को उन्होंने मर्चेंट नेवी में अपने करियर की शुरुआत की थी और प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही इस जहाज पर उनकी तैनाती हुई थी। प्रतिभाशाली और मेहनती आदित्य के असामयिक निधन से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा प्रदेश शोकाकुल है।

## झूठ और भ्रम फैलाकर राजनीति करना चाहती है भाजपा : विनय कुमार

# भाषा पर संयम रखें जयराम ठाकुर, गांधी परिवार का अपमान नहीं होगा बर्दाश्त

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दी है। ऐसे महान नेताओं की स्मृति में संस्थानों का नामकरण करना किसी भी दृष्टि से गलत नहीं है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले नेताओं का सम्मान हर दल का दायित्व है। विनय कुमार ने भाजपा पर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के पास कांग्रेस सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह झूठे आरोपों और भ्रामक प्रचार के सहारे राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए नगर निकायों और ग्राम पंचायत चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की उल्लेखनीय जीत हुई है, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की नीतियों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने भाजपा के इस दावे को पूरी तरह निराधार बताया कि पंचायत चुनावों के परिणाम कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनादेश हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनावों में भाजपा को जनता ने करारा जवाब दिया था और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भी उसे इसी तरह की हार का सामना करना पड़ेगा।

### पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दे भाजपा

**विनय** कुमार ने कहा कि भाजपा का यह दावा भी पूरी तरह तथ्यों से परे है कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को भरपूर आर्थिक सहयोग दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश को आज तक कोई विशेष आर्थिक सहायता नहीं मिली और पिछले वर्ष की आपदा राहत के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपये भी अभी तक जारी नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पूर्व भाजपा सरकार से विरासत में मिली वित्तीय चुनौतियों और कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान कर रही है तथा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू कर अपना वादा निभा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश पर 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज और 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां छोड़कर गई है, जिसके लिए उसे जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# नीट, छात्र आंदोलन व नागरिक अधिकारों को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), नौजवान सभा और इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से ज्ञापन भेजकर नई दिल्ली में नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता से जुड़े मुद्दों पर आंदोलनरत विद्यार्थियों एवं नागरिकों के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी देते हुए एडवोकेट प्रवेश चंदेल ने बताया कि ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर उठे सवालों का उल्लेख किया गया है। साथ ही नई दिल्ली में आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों एवं नागरिकों पर कथित पुलिस बल प्रयोग, हिरासत तथा सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को कथित रूप से प्रदर्शन स्थल से हटाए जाने की घटनाओं की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि जांच में



डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते हुए।

किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कानून एवं निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

साथ ही शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने वाले नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की भी मांग उठाई गई है।

**संसद सत्र**

## हमीरपुर के लोकसभा सांसद ने जमाकर्ताओं के हितों की सुरक्षा पर सरकार से मांगा जवाब

# अनुराग ने संसद में उठाया भगत अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का मुद्दा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से भगत अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सोलन से जुड़े मामले को प्रमुखता से उठाते हुए बैंक पर लगाए गए प्रतिबंधों, उसकी वित्तीय स्थिति तथा हजारों जमाकर्ताओं एवं शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी।

सरकार ने अपने उत्तर में बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से अक्टूबर 2025 में बैंक पर परिचालन संबंधी प्रतिबंध लगाए थे। इसके तहत प्रत्येक जमाकर्ता के लिए निकासी की सीमा 10,000 रुपए निर्धारित की गई थी। यह प्रतिबंध 8 अक्तूबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे, जिनकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।



सरकार ने अनुराग ठाकुर द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में बताया कि बैंक के 70,849 जमाकर्ता, 467.46 रुपए करोड़ की कुल जमा राशि तथा 10,590 शेयरधारक इन प्रतिबंधों से प्रभावित हैं। सरकार ने यह भी बताया कि बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जी ऐन पी ए) 116.19 करोड़ (52.45 प्रतिशत) हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया कि बैंक के किसी वित्तीय रूप से मजबूत सहकारी बैंक में विलय का कोई प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक को प्राप्त नहीं हुआ है।

सरकार ने यह भी जानकारी दी कि डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन के माध्यम से अब तक 12,653 जमाकर्ताओं को 191.57 करोड़ का बीमा भुगतान किया जा चुका है, जबकि 102.28 करोड़ के दावों का निपटान अभी लंबित है। संसद को यह भी अवगत कराया गया कि हिमाचल प्रदेश के सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार ने बैंक के संचालन में गंभीर अनियमितताओं एवं प्रशासनिक विफलताओं की पहचान की थी। बार-बार निर्देश और समीक्षा बैठकों के बावजूद बैंक प्रबंधन द्वारा आवश्यक सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। इसके परिणामस्वरूप 19 जून 2026 को बैंक के निदेशक मंडल को निलंबित कर राज्य सरकार के तीन अधिकारियों को प्रशासक नियुक्त किया गया, जो वर्तमान में बैंक का संचालन कर रहे हैं।

इस विषय को संसद में उठाकर अनुराग सिंह ठाकुर ने भगत अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की वित्तीय स्थिति को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने, जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने तथा बैंक के प्रति जनता के विश्वास को पुनः स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देश और प्रदेश के लोगों के समक्ष रखने का प्रयास किया।

### संसद में डॉ. सिकंदर ने उठाए उच्च हिमालयी क्षेत्रों के लिए हेलिकॉप्टर संचालन से जुड़े अहम मामले

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में पहले दिन नागर विमानन मंत्रालय से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा, एयर सुविधा 2.0 पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से पूछा कि एयर सुविधा 2.0 हेल्थ स्क्रीनिंग पोर्टल का अंतरराष्ट्रीय यात्रियों द्वारा शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं, क्या डीजीसीए ने अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों को प्री-बोर्डिंग सत्यापन संबंधी विशेष निर्देश जारी किए हैं, पोर्टल पर बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए डिजिटल अवसंरचना और सर्वर क्षमता बढ़ाने के लिए क्या प्रबंध किए गए हैं तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए बड़े ट्विन इंजन हेलिकॉप्टरों की खरीद और संचालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की क्या योजना है। इन सवालों के जवाब में नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि एयर सुविधा 2.0 पोर्टल लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि डीजीसीए ने उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर संचालन के लिए किसी भी प्रकार के ट्विन इंजन या सिंगल इंजन हेलिकॉप्टर की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है।

# सुक्खू सरकार में समन्वय का संकट, मंत्री भी बेबस : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली के कारण सरकार के भीतर समन्वय पूरी तरह समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि न मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों और विधायकों की सुन रहे हैं और न ही अधिकारी मंत्रियों के निर्देशों को गंभीरता से ले रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कई मामलों में मंत्रियों के दौरे के दौरान अधिकारियों को दूर रहने के निर्देश दिए जाते हैं, जबकि कहीं मंत्रियों को सार्वजनिक मंचों पर विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने से भी रोक दिया जाता है। उन्होंने इसे मंत्रियों के सार्वजनिक अपमान और सरकार के भीतर अव्यवस्था का प्रतीक बताया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यशैली से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी असहज हैं और कई अनुभवी नेता सक्रिय राजनीति से दूरी बना रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में प्रशासनिक तंत्र पर कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ गया है, जिससे मंत्रिमंडल और सत्ता पक्ष के विधायकों की स्थिति कमजोर हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में यह पूरी तरह नदारद दिखाई दे रहा है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष की प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में आज भी स्थायी पुनर्बहाली नहीं हो सकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा एयरपोर्ट के पास सूखा पेड़ बना खतरा



**अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल।** पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांगड़ा एयरपोर्ट के नजदीक सड़क किनारे खड़ा सूखा पेड़ हादसे को न्यौता दे रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां से रोजाना हजारों वाहन, स्कूली बच्चे और महिलाएं गुजरते हैं। तेज हवा या बारिश में पेड़ गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। मोतीराम, अभिषेक, पंकज, संजीव, गगन, संग्राम और बंटी ने प्रशासन से खतरा बने पेड़ को जल्द हटाने की मांग की है।

### बिक्रम ने जिप अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जिला कांगड़ा जिला परिषद के अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित सीमा चौधरी तथा उपाध्यक्ष पद पर अभिमन्यु कंवर के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर जसवां परागपुर के विधायक एवं पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ने बधाई दी। बिक्रम सिंह ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल, ओजस्वी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में जिला परिषद कांगड़ा जनसेवा, पारदर्शिता, सुशासन और समग्र विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।उन्होंने आप दोनों के इस सफल, जनहितकारी एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं दी हैं।

### बोदा पंचायत में खुले में कूड़ा फेंका तो होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की बोदा पंचायत ने खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पंचायत प्रधान और उपप्रधान ने चेतावनी दी है कि घरों का कचरा खुले में फेंकने वालों पर जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डगोल क्षेत्र में नाले के किनारे लोग कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और सिंचाई कूहल के माध्यम से कचरा खेतों तक पहुंचने से फसलों और पर्यावरण को नुकसान का खतरा है। पंचायत ने लोगों से स्वच्छता बनाए रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की है। दोषियों की सूचना मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जयसिंहपुर में अस्थायी पार्किंग स्थल अधिसूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जयसिंहपुर सिविल न्यायालय परिसर, जयसिंहपुर के निकट स्थित खुले मैदान को तत्काल प्रभाव से टैक्सियों एवं अन्य वाहनों के पार्किंग स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग स्थल के प्रबंधन, संचालन, रखरखाव एवं समुचित व्यवस्था की जिम्मेदारी उपमंडलाधिकारी (नागरिक), जयसिंहपुर की होगी। पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से पार्किंग स्थल का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### मटौर में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, गगल।** मटौर पंचायत में चिराग मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन विपन कुमार अपने स्वर्गीय पुत्र चिराग की स्मृति में करवा रहे हैं। उद्घाटन पंचायत उपप्रधान संजीव कुमार (काका) ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने के साथ अनुशासन और खेल भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट का समापन कांगड़ा विधायक पवन काजल करेंगे। इस अवसर पर ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### सावन माह : विधायक मलेंद्र ने दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने सावन माह के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि सावन का महीना श्रद्धा, सेवा और सद्भाव का संदेश देता है। इस अवसर पर उन्होंने बस स्टैंड इंदौरा में युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित लंगर में भाग लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने युवा कांग्रेस के सेवा कार्य की सराहना की। विधायक ने युवाओं से राजीव गांधी स्टार्टअप योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### ठेहड़ू में सड़क की खराब हालत से लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, कोटला।** जवाली उपमंडल के ठेहड़ू क्षेत्र में सड़क की खराब हालत लोगों के लिए परेशानी बन गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क किनारे नालियों का निर्माण किया जाए और गड्ढों में मिट्टी की जगह बजरी डालकर जल्द तारकोल बिछाया जाए। लोगों ने कहा कि सड़क की हालत ऐसी है कि समझ नहीं आता सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। उन्होंने मंत्री चंद्र कुमार और प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

### धर्मशाला में सीपीआई (एम) ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सीपीआई(एम) जिला कमेटी कांगड़ा ने सोमवार को धर्मशाला में जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर 'शिक्षा बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा गया। धरने को जिला सचिव अशोक कटोच, राज्य कमेटी सदस्य रविंद्र कुमार, शोकिनी कपूर और जगदीश जग्गी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को निजीकरण और व्यापारीकरण से नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने पेपर लीक मामलों पर चिंता जताते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। सीपीआई(एम) नेताओं ने छात्रों और युवाओं के आंदोलनों को समर्थन देने की बात कही।

# जिला परिषद कांगड़ा पर भाजपा का कब्जा

## सीमा चौधरी अध्यक्ष और अभिमन्यू कंवर उपाध्यक्ष निर्वाचित, भाजपा नेता रहे मौजूद, कांग्रेस पार्षदों ने बनाई दूरी

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने कब्जा जमाया है। जिला परिषद सदस्य सीमा चौधरी ने अध्यक्ष और अभिमन्यू ने उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की।

चुनाव प्रक्रिया डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 30 मई को जिला परिषद के चुनाव नतीजे आने के बाद करीब 50 दिनों में बाद सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव करवाए गए, जिसमें भाजपा ने जीत दर्ज की है। 54 जिला पार्षदों वाली जिला परिषद कांगड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए कोरम पूरा होने के लिए 36 पार्षदों की जरूरत थी, जबकि चुनाव के लिए 39 पार्षद मौजूद रहे। कांग्रेस पार्षदों ने जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद से पूरी तरह से दूरी बनाए रखी।



जिप कांगड़ा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष समर्थकों के साथ।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए आया एक-एक नामांकन : डीसी

**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए हुए चुनाव के लिए एक-एक नामांकन पत्र मिला था। इसके चलते चुनाव करवाने की जरूरत नहीं पड़ी और जो नामांकन आए थे उन्हें नियमानुसार निर्वाचित घोषित किया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए सीमा चौधरी और उपाध्यक्ष अभिमन्यू चुने गए। 54 जिला पार्षदों वाली जिला परिषद के लिए 36 पार्षदों की मौजूदगी जरूरी थी, जबकि 39 पार्षद मौजूद रहे और कोरम पूरा हुआ। वहीं, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सीमा देवी एवं उपाध्यक्ष अभिमन्यु कंवर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई व शुभकामनाएं दीं।

### सरकार के हथकंडे काम नहीं आए : सुधीर

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जिले में भाजपा के जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव की तिथि तय करने में सरकार की ओर से देरी की जा रही थी। पूर्ण बहुमत से चुनाव संपन्न हुए हैं तथा सरकार के हथकंडे काम नहीं आए हैं। प्रदेश के 9 जिला परिषदों में भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जो भी निर्णय हुए, उससे स्पष्ट है कि पंचायती राज प्रणाली को प्रदेश सरकार किस तरह से तोड़ना-मरोड़ना चाहती है। पहले सरकार चुनाव में देरी करती रही, जबकि आज चुनाव थे तो कांग्रेस का एक भी जिला पार्षद नहीं आया। कांग्रेस को लगता था कि भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी, लेकिन भाजपा ने पूर्ण बहुमत से चुनाव जीता है।

### चुनौतियों का मिलकर करेंगे सामना : सीमा

**नवनिर्वाचित** जिला परिषद अध्यक्ष सीमा चौधरी ने कहा कि मैं भाजपा का आभार व्यक्त करती हूं, मुझे जो जिम्मेवारी मिली है, उसे बखूबी निभाने का प्रयास किया जाएगा। जो भी चुनौतियां आएंगी, उनका मिलकर सभी के साथ सामना किया जाएगा। जनता की जो भी समस्याएं होंगी, उनका समाधान करवाना प्राथमिकता रहेगी तथा सभी के साथ मिलकर आगे बढ़ा जाएगा। जिला परिषद के लिए जो बजट प्रावधान किया गया है, उसके लिए सबसे पहले प्रावधान किया जाएगा।

### 9 जिलों में भाजपा के जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष : परमार

**वरिष्ठ** भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि सबसे बड़े जिला कांगड़ा के जिला परिषद में अध्यक्ष पद पर सीमा चौधरी और उपाध्यक्ष पद पर अभिमन्यू ने निर्विरोध जीत दर्ज की है। प्रदेश के 12 जिलों में से 10 जिलों में जिला परिषद के चुनाव हुए हैं, जिनमें से 9 जिलों में भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं, जबकि कांग्रेस एक स्थान पर ही सीमित होकर रह गई है। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के व्यवस्था परिवर्तन का नमूना पूरा प्रदेश देख चुका है।

### एक परिवार की तरह आगे बढ़ेंगे : अभिमन्यू

**नवनिर्वाचित** जिला परिषद उपाध्यक्ष अभिमन्यू कन्वर ने कहा कि भाजपा व आजाद पार्षदों, जिन्होंने मुझे सहयोग दिया है, उन सभी का मैं आभार प्रकट करता हूं। जिला के सभी 54 जिला पार्षद एक परिवार की तरह आगे बढ़ेंगे और जो भी समस्याएं सामने आएंगी, उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। पूरा प्रयास कि जनता को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहूंगा।

## अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच ने किया 76वां ज्योतिष सम्मेलन आयोजित



पं. विपन शर्मा जवाली को सम्मानित करते मुंबई के ज्योतिषी जय प्रकाश शर्मा, कै. लेखराज शर्मा और पं. राजीव शर्मा।

अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** धर्मशाला के होटल धौलाधार में अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच की ओर से 76वां ज्योतिष सम्मेलन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजीव शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। इसमें देश के प्रसिद्ध ज्योतिषी, वास्तु, टैरोट, लाल किताब प्रमुख ने अपने अपने शोध के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर जवाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को उनके ज्योतिष क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल, पगड़ी और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंडित राजीव शर्मा, अजय भांभी, कैप्टन लेख राज शर्मा, अक्षय शर्मा, विक्रांत शर्मा,मुंबई से लाल धागे वाले जय प्रकाश शर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## जिला परिषद कब्जाने से भाजपा नेता गदगद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला परिषद चुनावों में सफलता के बाद भाजपा ने अब 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को धर्मशाला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार, विधायक सुधीर शर्मा, पवन काजल, बिक्रम ठाकुर, रणवीर सिंह निक्का, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया, त्रिलोक कपूर सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने एकजुट होकर आगामी चुनावों के लिए रणनीति पर चर्चा की। भाजपा नेताओं ने कहा कि नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों में मिली जीत से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर पार्टी की विचारधारा और विकास के एजेंडे को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। भाजपा का दावा है कि कांगड़ा में जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर जीत से प्रदेश सरकार को स्पष्ट राजनीतिक संदेश मिला है। पार्टी ने बूथ पालकों और शक्ति केंद्रों को आगामी चुनावों में जीत की मजबूत कड़ी बताते हुए प्रदेशभर में चुनावी अभियान तेज करने की घोषणा की। नेताओं ने विश्वास जताया कि भाजपा 2027 में सरकार बनाकर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करेगी।

## भाजपा ने कुशल रणनीति और एकजुटता से हासिल की जीत

# भाजपा ने लगातार पांचवीं बार कब्जाया जिला परिषद कांगड़ा का अध्यक्ष पद

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा के जिला परिषद अध्यक्ष पद पर भाजपा ने लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। इससे पहले दो दशक तक जिला परिषद अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित जिला पार्षदों का कब्जा रहा है। भाजपा ने कुशल रणनीति व एकजुटता से कार्य करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष पद कब्जाया है। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2006 से 2011 तक भाजपा समर्थित देशराज बागी, वर्ष 2011 से 2016 तक श्रेष्ठा कौंडल, वर्ष 2016 से 2021 तक मधु गुप्ता और वर्ष 2021 से 2026 तक भाजपा समर्थित रमेश बराड़ जिला परिषद अध्यक्ष रह चुके हैं।

**भाजपा ने की मजबूत घेराबंदी:** जिला परिषद चुनाव में जीत दर्ज करने वाले 17 निर्दलीय जिला पार्षद, जिन्होंने से भाजपा से बगावत करके निर्दलीय चुनाव लड़ा था, उनमें से अधिकतर को भाजपा मनाकर अपने साथ ले आई थी। वहीं दो दर्जन के लगभग भाजपा समर्थित जिला पार्षद निर्वाचित हुए थे। भाजपा की इस मजबूत घेराबंदी के आगे असहाय नजर आ रही कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने चुनाव प्रक्रिया से पूरी तरह दूरी बना ली, जिससे भाजपा ने 39 सदस्यों की मौजूदगी के साथ न केवल कोरम पूरा किया, बल्कि दोनों पदों पर अपने प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित कराकर जिले में अपना राजनीतिक दबदबा फिर साबित कर दिया।

### तीसरी बार की पार्षद सीमा ने मारी बाजी

**कांगड़ा** जिला परिषद अध्यक्ष का पद इस बार ओबीसी महिला श्रेणी के लिए आरक्षित था। कलियाड़ा वार्ड से तीसरी बार चुनाव जीतकर आईं सीमा चौधरी ने अध्यक्ष पद हासिल किया। सीमा भाजपा के लदवाड़ा मंडल की अध्यक्ष भी हैं। दूसरी ओर, चुनाव प्रक्रिया में कांग्रेस के सभी 12 पार्षदों ने अनुपस्थित रहकर दूरी बनाई रखी। इस पर भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस के पास संख्या बल नहीं था, इसलिए उन्होंने बहिष्कार किया।

### भाजपा दिग्गजों का जमावड़ा और शक्ति प्रदर्शन

**ऐतिहासिक** जीत के दौरान भाजपा ने कांगड़ा में अपनी पूरी राजनीतिक ताकत झोंक दी। चुनाव वाले दिन पार्टी का जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। जब भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक खुद अपनी-अपनी गाड़ियों में जीतकर आए पार्षदों को लेकर चुनाव स्थल पर पहुंचे। मौके पर प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, विधायक सुधीर शर्मा, विपिन सिंह परमार, बिक्रम सिंह ठाकुर, पवन काजल, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया और जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा खुद पूरी कमान संभाले हुए थे। वहीं, पूर्व विधायक रीता धीमान, मुलखराज प्रेमी और अरुण कुमार (कुका) की मौजूदगी ने संदेश दिया कि कांगड़ा में पार्टी अब पूरी तरह से एकजुट है।

## कांगड़ा एयरपोर्ट प्रभावित परिवारों की हरसंभव सहायता करेंगे : पठानिया

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने गगल में कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना से प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि नए गगल के निर्माण और प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा के लिए वे सदैव उनके साथ खड़े हैं तथा उनकी हरसंभव सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि इस विषय को वे लगातार विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाते रहे हैं।

पठानिया ने बताया कि कागड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना के तहत 3,655 प्रभावित परिवारों को लगभग 2,580 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाना है, जिसमें से अब तक 2,232 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त राहत एवं पुनर्वास के तहत 128 करोड़ रुपए की राशि भी प्रभावित परिवारों को प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने उन पात्र परिवारों को भी राहत देने का निर्णय लिया है, जिनके नाम निजी भूमि नहीं थी और जो सरकारी भूमि पर रह रहे थे। उन्होंने इसे संवेदनशील एवं जनहितैषी निर्णय बताते हुए कहा कि कठिन समय में प्रभावित लोगों के हितों के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने की आवश्यकता है। उपमुख्य सचेतक ने प्रदेश के सभी लोकसभा सांसदों से भी आग्रह किया कि गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण से प्रभावित परिवारों को अधिक मुआवजा दिलाने के लिए इस मुद्दे को लोकसभा में मजबूती से उठाया जाए। इस अवसर पर एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रभावित परिवारों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने विशेष रूप से उन परिवारों को भी राहत देने के निर्णय की सराहना की, जिनके पास निजी भूमि नहीं थी।

## संसारपुर टैरेस में एक ट्रक चोरी लेकिन दो अन्य को नहीं चुरा पाए चोर

अनंत ज्ञान



**पिंकी, डाडासीबा।** पुलिस थाना संसारपुर टैरेस के अंतर्गत रविवार देर रात ट्रक चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक ट्रक चोरी कर लिया, जबकि दो अन्य ट्रकों को भी निशाना बनाया, लेकिन उन्हें ले जाने में सफल नहीं हो पाए। घटना के बाद क्षेत्र के ट्रक संचालकों और ट्रांसपोर्टरों में चिंता का माहौल है।

जानकारी के अनुसार दी ग्रीन वैली गुड्स कैरियर संसारपुर टैरेस की तीन गाड़ियों को रात करीब 11 बजे के बाद निशाना बनाया गया। चोर एचपी-36बी-2410 नंबर का 10 टायर ट्रक चोरी कर ले गए। यह ट्रक सुल्याह निवासी विक्रम सिंह जसरोटिया का बताया जा रहा है। इसके अलावा चोरों ने एचपी-38डी-3777 ट्रक को भी चोरी करने का प्रयास किया, जिसका शीशा तोड़ दिया गया, लेकिन वे उसे स्टार्ट नहीं कर सके। वहीं एचपी-68-6003 ट्रक का शीशा तोड़कर अंदर घुसे और जीपीएस सिस्टम को नुकसान पहुंचाया, लेकिन इसे भी नहीं ले जा पाए। सोमवार सुबह ट्रक मालिक को चोरी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी संजय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संभावित रास्तों की जांच कर रही है। डीएसपी डाडासीबा राजकुमार ने बताया कि मामले की गहनता से छानबीन जारी है।

◆ पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

## अवैध खनन : जेसीबी सहित तीन वाहन जब्त



**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। उप-पुलिस अधीक्षक जवाली बीरी सिंह की अगुवाई में थाना फतेहपुर पुलिस टीम और क्यूआरटी ने संयुक्त गश्त के दौरान अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त वाहनों और मशीनरी को जब्त किया। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि मध्यरात्रि गश्त के दौरान रे पत्तन के समीप पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही एक जेसीबी मशीन और दो मल्टी-एक्सल ट्रकों को माइनिंग एक्ट के तहत कब्जे में लिया गया। जब्त किए गए वाहनों में जेसीबी मशीन नंबर पीबी-07 सीजी-6846, मल्टी-एक्सल ट्रक नंबर पीबी-07 सीएच-7948 और पीबी-07 सीएन-9736 शामिल हैं। पुलिस ने मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी ने कहा कि नूरपुर पुलिस अवैध खनन और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गगल-शाहपुर मार्ग पर एनएचएआई ने तैनात की 24 घंटे एंबुलेंस सेवा

**अनंत ज्ञान, गगल।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए गगल और शाहपुर के बीच लड़वाड़ा में 24|7 एंबुलेंस सेवा शुरू की है। यह एंबुलेंस 20 किलोमीटर के दायरे में होने वाली दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में तुरंत सहायता उपलब्ध करवाएगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि इसका उद्देश्य दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में घायलों को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाना है। आपात स्थिति में लोग हेल्पलाइन नंबर 1033 पर संपर्क कर सकते हैं। एम्बुलेंस में जीवन रक्षक उपकरणों के साथ ईएमटी निखिल राणा, राजेश कुमार और चालक गगन सिंह तैनात रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है।

## शाहपुर बाजार में क्रॉसिंग बंद होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** वैकल्पिक व्यवस्था की मांगशाहपुर बाजार में मुख्य सड़क क्रॉसिंग बंद होने से स्थानीय लोगों, दुकानदारों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि क्रॉसिंग बंद करने के बाद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को अधिक दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने अंडरपास, फुटओवर ब्रिज या ट्रैफिक सिग्नल जैसी सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। दुकानदारों ने सर्विस लेन की ढलान से दुकानों में पानी आने की समस्या भी उठाई है।

## सुजानपुर नगर काउंसिल प्रधान चुनाव मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** सुजानपुर नगर काउंसिल प्रधान चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अदालत का रुख किया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि बिना कोरम के आम आदमी पार्टी के चार पार्षदों की मौजूदगी में चुनाव करवाकर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गए, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नियमों के अनुसार प्रक्रिया पूरी की गई, क्योंकि अन्य पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे थे। भाजपा ने चुनाव रद्द करवाने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। कांग्रेस भी पहले ही अदालत जाने की घोषणा कर चुकी है।

## पठानकोट में वकीलों की भूख हड़ताल शुरू

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीति के विरोध में पठानकोट सहित पंजाब भर के वकीलों ने अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। बार एसोसिएशनों की जॉइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर चल रहे आंदोलन के चलते अदालतों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। वकीलों का आरोप है कि इस नीति से युवा अधिवक्ताओं की आजीविका पर संकट पैदा हुआ है। उन्होंने नीति में संशोधन या वापसी की मांग करते हुए संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी है।

## जसवां-परागपुर में भाजपा को बड़ा झटका, कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले।

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की जोन बैठकों के दौरान भाजपा की नीतियों से नाराज होकर कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन छोड़ दिया है।

बणी पंचायत के उपप्रधान गगन राणा, जसमेल सिंह, प्रस्ताव सिंह, रणजीत सिंह, रक्षा कुमारी, रविंदर कुमार, लाल चंद सलेटी, मुहीं के अनूप चौधरी, बाबू राम चनौता, अजय शर्मा, अरुण पठानिया, कुलविंदर पठानिया, मनोहर और परागपुर के अवतार पठानिया सहित कई अन्य लोगों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरिंदर मनकोटिया के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरिंदर मनकोटिया ने इन सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सभी साथियों के आने से क्षेत्र में जनसेवा, विकास और जनता की आवाज को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## पठानकोट में ईडी की रेड 48 घंटे तक खंगाले रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में दो क्रशर कारोबारियों, तारागढ़ के एक प्रॉपर्टी डीलर और एक स्थानीय नेता के ठिकानों पर चल रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई शनिवार देर रात समाप्त हो गई। करीब 48 घंटे से अधिक समय तक चली जांच के बाद ईडी की टीमें वापस लौट गईं। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने इस दौरान करीब छह ठिकानों पर संपत्ति, आय के स्रोत, व्यवसायिक गतिविधियों और अन्य दस्तावेजों की जांच की। चर्चा है कि टीमों ने लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डिजिटल डाटा भी एकत्र किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच का मुख्य केंद्र 92 एकड़ जमीन से जुड़ा मामला रहा। ईडी की टीमों ने विवादित जमीन की पैमाइश करवाई और खनन गतिविधियों से संबंधित रिकॉर्ड जुटाए। नरोट जैमल सिंह क्षेत्र में रावी दरिया किनारे कथित अवैध खनन की गहराई का पता लगाने के लिए ड्रोन से भी सर्वे करवाया गया। सूत्रों के मुताबिक, गोल और भट्टियां क्षेत्र की करीब 734 कनाल भूमि पर माइनिंग गतिविधियों की जांच की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि निर्धारित सीमा से अधिक खनन हुआ या नहीं। आयकर विभाग द्वारा भी कुछ स्टोन क्रशरों के वित्तीय रिकॉर्ड की जांच किए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि जांच का दायरा लुधियाना और हिमाचल प्रदेश तक जुड़े कुछ कारोबारी लेनदेन तक पहुंचा है। हालांकि, ईडी की ओर से इस पूरी कार्रवाई को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## बैजनाथ में सावन माह के पहले सोमवार को बारिश के बीच आस्था का सैलाब



अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** सावन मास के पहले सोमवार को मूसलाधार बारिश भी शिव भक्तों की आस्था को नहीं डिगा सकी। ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में सुबह 3 बजे से रात 9:30 बजे तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

मंदिर के कपाट सुबह 3 बजे खोले गए, लेकिन भक्त इससे पहले ही पहुंचना शुरू हो गए थे और बारिश के बीच लगातार भोलेनाथ के जयकारे लगाते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने मंदिर परिसर और मुख्य द्वार पर वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था की थी। इस बार वीआईपी व्यवस्था पर भी नियंत्रण रखा गया और गर्भगृह में केवल एक पुजारी व एक न्यासी को प्रवेश की अनुमति दी गई। मंदिर से सटे खीरगंगा घाट में भी स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया कि सुरक्षा के लिए सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। मंदिर ट्रस्टी मुकेश शर्मा के अनुसार रसीद बुक के माध्यम से करीब 80 हजार रुपए का चढ़ावा प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

◆ सुबह तीन बजे से जुटना शुरू हो गए थे श्रद्धालु

# हमीरपुर में जुटे पेंशनर्स, लंबित मांगों पर विद्युत प्रबंधन और सरकार को घेरा

### हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन राज्य कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को राज होटल हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की 20 इकाइयों और उप इकाइयों के करीब 250 पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ई. एसके सोनी ने की।

प्रदेश महासचिव पीएल गुप्ता ने एसोसिएशन की गतिविधियों और उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रबंधन के साथ हुई बैठकों में पेंशनरों की कई समस्याओं का समाधान करवाया गया है। इनमें जीवन प्रमाण पत्र को पेंशनर्स पोर्टल के माध्यम से भेजने की सुविधा, पेंशनरों की समस्याओं के लिए समर्पित फोन सुविधा और पेंशन स्लिप में कॉम्प्युटेशन संबंधी जानकारी शामिल है। उन्होंने कहा कि संगठन ने प्रदेश के अन्य पेंशनर संगठनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया है, जिससे एसोसिएशन की पहचान प्रदेश के अग्रणी संगठनों में बनी है। हालांकि, 1 जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों की नोशनल फिक्सेशन में सुधार, पेंशन पोर्टल पर एरियर विवरण उपलब्ध करवाने जैसे महत्वपूर्ण मामले अभी लंबित हैं। पीएल गुप्ता ने प्रदेश सरकार से मांग की कि 80 और 85 वर्ष की आयु में मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन वृद्धि आयु पूर्ण होने के बजाय आयु के प्रथम दिन से प्रदान की जाए। उन्होंने महंगाई भत्ते की लंबित 15 प्रतिशत किस्तें और बकाया एरियर जल्द जारी करने की मांग भी उठाई। साथ ही विद्युत बोर्ड में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग दोहराई। बैठक में ई. डीएस ढटवालिया, जेसी शर्मा, दिनेश गुप्ता, कमलेश पुंडीर, केडी शर्मा, बीआर भाटिया, सीएस चंदेल, एके सोहल, एसके चड्ढा और धर्मवीर सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे।

समापन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ई. एसके सोनी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में संगठन का विस्तार हुआ है और बड़ी संख्या में पेंशनर इससे जुड़े हैं। बैठक में सर्वसम्मति से ई. दिनेश गुप्ता को अतिरिक्त महासचिव, ई. मनोहर लाल को मुख्य संगठन सचिव और ई. एसपी गुप्ता को कार्यालय सचिव चुना गया।



ओल्ड पेंशन को शीघ्र लागू करने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर बिझड़ी में उमड़ी भक्तों की भीड़



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** ज्येष्ठ सोमवार को शिव मंदिर बिझड़ी में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शिव मंदिर कुआं चौक बिझड़ी में मातृशक्तियों ने मंदिर के में पहुंचकर भगवान शिव की पिंडी पर जलाभिषेक और भजन कीर्तन किया। सावन महीने का पहला सोमवार बड़ा पर्व माना जाता है। मंदिर के संचालक एवं आचार्य सुरेंद्र शर्मा शास्त्री ने बताया कि सावन माह में शिव का गुणगान करने से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं। इस महीने में सभीस को शिव भगवान की पिंडी पर भांग, धतूरा, दूध और जल चढ़ाने से भगवान भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं, इसलिए सावन महीने में शिव की पूजा का विशेष महत्व है।

### 31 तक बंद रहेगी गारली-हरसौर सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर में गारली-हरसौर सड़क पर सीमेंट-कंक्रीट पेवमेंट बिछाने के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 31 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि गारली-हरसौर सड़क पर सीमेंट-कंक्रीट पेवमेंट लगाने का कार्य आरंभ किया गया है। इस कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 31 जुलाई तक बंद की गई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़सर-शाहतलाई सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### कलाह मोड़-भरेड़ी सड़क 26 तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में कलाह मोड़ से गुग्वी, भुक्कड़, बैरी ब्राह्मणा, साई दा घाट, नमलाख, जड़ोह, भरेड़ी सड़क के मरम्मत के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 26 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि कलाह मोड़ से गुग्वी, भुक्कड़, बैरी ब्राह्मणा, साई दा घाट, नमलाख, जड़ोह, भरेड़ी सड़क के मरम्मत कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 26 जुलाई तक बंद की गई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक भरेड़ी से जड़ोह, बुंगा चौक, अमरोह सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### कलेश्वर महादेव मंदिर में किया महायज्ञ

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** सावन मास के प्रथम सोमवार को उपमंडल नदौन के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। कस्बा बड़ा की पंचायत फस्टे के बटाहली स्थित ऐतिहासिक बिल्व कलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ जुटी रही। मंदिर सभा ने सावन के स्वागत के लिए महायज्ञ का आयोजन किया, जिसमें शिव भक्तों ने भाग लिया। मंदिर के समीप करीब 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित शिव धाम पार्क आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पार्क में स्थापित भगवान शिव की विशाल प्रतिमा और कैलाश पर्वत की प्रतिकृति श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है।

### भरेड़ी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 22 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के भरेड़ी में 22 जुलाई को आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र की 9 ग्राम पंचायतों की जनसमस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। स्थानीय विधायक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत शनिवार को एसडीएम शशिपाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, नायब तहसीलदार तथा ग्राम पंचायत पपलाह के प्रधान सुरेंद्र जरयाल ने भरेड़ी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि इससे पहले एसडीएम शशिपाल शर्मा ने मिनी सचिवालय भोरंज में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की थी।

# ईशान शर्मा ने बिना कोचिंग के पास की नीट की परीक्षा



अनंत ज्ञान

◆ सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र ने रचा इतिहास जिले में चौथा रैंक

**हमीरपुर।** नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है जिसमें हमीरपुर जिला के छोटे से गांव ख्वाह के ईशान शर्मा ने बिना कोचिंग के नीट की परीक्षा पास कर नया आयाम स्थापित किया है। वैसे तो अधिकतर बच्चे कोचिंग संस्थान में पढ़ कर नीट की परीक्षा पास करते हैं, लेकिन ईशान शर्मा के माता चंद्र किरण पिता अशोक कुमार जो दुकानदार हैं और आर्थिक रूप से संपन्न नहीं थे कि कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करवाते। ईशान शर्मा ने जमा एक और जमा दो की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर से पूरी की। ईशान शर्मा ने अपने सपने को पूरा करने के लिए जमा एक कक्षा से ही नीट की पढ़ाई शुरू कर दी। तीन वर्षों की मेहनत रंग लाई और नीट की परीक्षा अच्छे अंकों में पास कर जिला का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर के स्टाफ और अध्यापकों ने ईशान शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस खुशी के मौके पर ईशान शर्मा को मिठाई खिलाकर मुहं मीठा करवाया और भविष्य को लेकर शुभकामनाएं दी।

## हमीरपुर में लघु रोजगार मेला कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में 22 जुलाई को सुबह 10 बजे लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें तीन निजी कंपनियां कुल 115 पदों के लिए पात्र युवाओं के साक्षात्कार लेंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि एआर डिजिटल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में डिजिटल मार्केटिंग, एचआर एग्जीक्यूटिव, ग्राफिक डिजाइनर, वेब डिजाइनिंग और सेल्स एंड मार्केटिंग सहित विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को 15 हजार से 25 हजार रुपए तक वेतन मिलेगा। स्नो व्यू ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड में सर्विस एडवाइजर, मोटर मैकेनिक और सेल्स एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। वहीं बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड में सेल्स मैनेजर के पदों पर भर्ती होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों, हिमाचली प्रमाण पत्र और रोजगार कार्यालय पंजीकरण के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## मैहरे में वांगचुक और पेपर लीक के विरोध में 3 किलोमीटर तक मार्च



विद्यार्थियों ने की शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** सोनम वांगचुक के समर्थन और देशभर में सामने आए कथित पेपर लीक मामलों के विरोध में सोमवार को बड़सर स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले मैहरे में शांतिपूर्ण मार्च निकाला गया।

इस प्रदर्शन में क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 70 छात्रों के साथ स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग की और नारेबाजी के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। लगातार हो रही भारी बारिश भी प्रदर्शनकारियों का हौसला नहीं तोड़ सकी। बारिश में भीगते हुए छात्रों ने लगभग 3 किलोमीटर पैदल मार्च कर अपनी आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था में निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए और परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

## वांगचुक को जबरन उठाने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** सोनम वांगचुक को जबरन उठाने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के लिए मजदूरों ने हमीरपुर के धौलासिद्ध में विरोध-प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि देश में नीट और अन्य परीक्षाओं के लगातार पेपर लीक होने से देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो रहा है और इसकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने और सिस्टम में सुधार लाने में विफल रहने पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के लिए नौजवानों के आंदोलन के समर्थन में भूख हड़ताल पर बैठे देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद और वैज्ञानिक सोनम वांगचुक को जबरन उठाने का सीटू कड़ा विरोध करती है।

सीटू के अखिल भारतीय आह्वान पर धौलासिद्ध में देश में बढ़ती तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन को सीटू के जिला सचिव जोगिंदर कुमार, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, रंजन शर्मा, और नवीन कुमार ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं में जो भी गिरफ्तारी हो रही हैं, उनके संबंध भाजपा से हैं, इसलिए मोदी सरकार पेपर लीक के धंधे से जुड़े बड़े नेताओं को बचा रही और कोई सख्त कार्रवाई न करते हुए देश के युवाओं को बर्बाद करने पर तुली है। देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री की भूमिका को लेकर उनके इस्तीफे के लिए शुरू किए अनशन और सोनम वांगचुक को जबरन उठाकर मोदी सरकार ने देश की जनता को यह संदेश दिया है कि चाहे भाजपा संघ से जुड़े लोग मंदिरों को लूटें या पेपर लीक करने का धंधा करें उन्हें कोई रोकने बाला नहीं है और जो भी लोग आवाज उठाएंगे उन्हें कुचल दिया जाएगा, जिसके विरोध में सीटू ने मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन को समर्थन आज का आह्वान किया है और इसी कड़ी में ये प्रदर्शन किया गया है।



धरना-प्रदर्शन करते सीटू नेता। अनंत ज्ञान

# अधिक से अधिक पौधे लगाएं और देखभाल भी करें : सुभाष



अनंत ज्ञान

**बड़सर।** कृषि विभाग के शिवा प्रोजेक्ट के तहत पथलायर पंचायत के जब्बल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि करीब तीन हेक्टेयर भूमि में मौसमी के 3,333 पौधे लगाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बागवानी को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। परियोजना से क्षेत्र में हरित विकास को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष ढटवालिया ने परियोजना के लिए धनराशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की नींव तैयार करते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बीसीसी सदस्य पवन कुमार, शमशेर चंद शर्मा, वार्ड सदस्य हरदेव सिंह, ठाकुर महेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विभाग की ओर से जिला समन्वयक गोपाल सिंह, सूरज कुमार और मीनाक्षी ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## रिवैल्युएशन के मैट्रिक परीक्षा नतीजों में किड बड्स स्कूल में पांच होनहार छाए

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** किड बड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की पुनर्मूल्यांकन परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन किया है। अंकिता शर्मा ने 689/700 अंक प्राप्त कर राज्य में 11वां स्थान प्राप्त किया, जबकि हिमांशी ने 688/700 अंक प्राप्त कर 12वां स्थान प्राप्त किया। पल्लवी और अंशिका ने 687/700 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से 13वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, दक्ष ने 685/700 अंक प्राप्त कर 15वां स्थान और गोवर्धन ने 684/700 अंक प्राप्त कर 16वां स्थान प्राप्त किया।

◆ 11वीं , 12वीं, 13वीं, 15वीं, 16वीं पोजीशन हासिल की

इस उपलब्धि के साथ ही, विद्यालय के कुल 11 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश बोर्ड की मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव चंदेल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधक सुरेश शर्मा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम और संस्थान के समर्पित अध्यापक वर्ग के प्रयासों का परिणाम है।

# नालियां बंद होने से तालाब बनी एबीसी अंबोटा बड्डू संपर्क सड़क, चालक परेशान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एवीसी चौक से अंबोटा होते हुए बडडू को जाने वाली सड़क इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रही है। थोड़ी सी बारिश के बाद सड़क तालाब का रूप धारण कर लेती है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर बनी नालियां लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिसके कारण बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि इस समस्या को कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के ध्यान में लाया गया, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। अंबोटा के पास सड़क के बीचोंबीच पानी जमा होने से स्कूली बच्चों और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने से कई बार बच्चों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं, जिससे अभिभावक चिंतित हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एवीसी चौक से चलसाई, वुनाणी, अंबोटा होते हुए बडडू तक जाने वाले इस मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने निजी भूमि भी उपलब्ध करवाई थी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से सड़क के दोनों ओर बंद पड़ी नालियों को जल्द खोलने की मांग की है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि मामला विभाग के ध्यान में है। बारिश समाप्त होते ही सड़क किनारे बंद पड़ी नालियों को खोल दिया जाएगा, ताकि जलभराव की समस्या दूर हो सके।



## 12 वर्षीय गूंगी-बहरी बच्ची का रेस्क्यू चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने सुंदरनगर भेजा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला बाल कल्याण कमेटी हमीरपुर ने 12 वर्षीय गूंगी-बहरी नाबालिग बच्ची का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से विशेष योग्यता प्राप्त बच्चों के संस्थान सुंदरनगर, जिला मंडी भेज दिया है। यह मामला जिला न्यायिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा के माध्यम से जिला बाल कल्याण कमेटी के पास पहुंचा था।

मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जिला बाल कल्याण कमेटी हमीरपुर ने चाइल्ड हेल्पलाइन को बच्ची के रेस्क्यू के निर्देश दिए। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के ममता कुमार और दिनेश कुमार ने सुजानपुर से बच्ची को रेस्क्यू किया। जांच में सामने आया कि बच्ची शारीरिक शोषण का शिकार हुई थी, जिसकी एफआईआर 18 दिसंबर 2024 को दर्ज की गई थी। बच्ची मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और उसके माता-पिता नहीं हैं। वह अपनी मुंह बोली चाची के साथ रह रही थी, जहां उसकी स्थिति बेहद दयनीय थी और उचित देखभाल व सुरक्षा नहीं मिल रही थी। इसके बाद बच्ची को उसकी मुंह बोली चाची सहित जिला चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया गया और बाद में वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बच्ची को हमीरपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसकी मुंह बोली चाची वहां से चली गई। इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन की शबाना खातून और जिला बाल सुरक्षा अधिकारी शबनम ने बच्ची को दोबारा जिला बाल कल्याण कमेटी के समक्ष पेश किया।

18 जुलाई को जिला चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट की पीओ एनआईसी उर्मिला देवी और महिला पुलिस कर्मी पूजा रानी ने कमेटी के आदेशों पर बच्ची को सुंदरनगर संस्थान पहुंचाया। अब बच्ची सुरक्षित है और उसकी शिक्षा व भविष्य की देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। कमेटी अध्यक्ष मनीष राणा ने लोगों से अपील की कि बच्चों से जुड़े किसी भी मामले की सूचना 1098 पर दें।

## ललीण पंचायत में ट्रांसजेंडरों व फेरी वालों के लिए नियम किए तय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ललीण पंचायत की ग्राम सभा प्रधान सोनिका जम्वाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ग्राम सभा में पंचायत के गणमान्य लोगों सहित प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लड़के की शादी पर ट्रांसजेंडरों को 3100 रुपए तथा लड़के के जन्म पर 21 रुपए शगुन के रूप में दिए जाएंगे। इसके अलावा पंचायत में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले लोगों के लिए भी नियम तय किए गए। अब बाहरी फेरी वाले पंचायत से 100 रुपए की अदायगी और स्वीकृति लेने के बाद ही सामान बेच सकेंगे। बैठक में पंचायत निवासियों से अपील की गई कि बाहरी राज्यों से किराए पर रह रहे मजदूरों के फोन नंबर और आधार कार्ड की प्रतियां पंचायत सचिव के पास जमा करवाएं। साथ ही उनके लिए शौचालय की उपलब्धता की जानकारी भी पंचायत को दी जाए, ताकि स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाई जा सके। प्रधान सोनिका जम्वाल ने ग्राम सभा को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 11 परिवारों के मकानों का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ललीण गांव में मोक्षधाम निर्माण की मांग का प्रस्ताव भी ग्राम सभा में पारित किया गया। इस अवसर पर रजनीश जम्वाल, एनडी शर्मा, शीत कुमार, संतोष कुमार, जुल्फी राम, जयंत शर्मा, अशोक कुमार, जगदीश जम्वाल सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पौधे लगाना जरूरी : कुलदीप



अनंत ज्ञान

**भोरंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का समापन सोमवार को भाजपा मंडल भोरंज द्वारा जाहू और लुद्दर महादेव में पौधरोपण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भोरंज ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे। अशोक ठाकुर ने बताया कि यह छह दिवसीय अभियान 15 से 20 जुलाई तक चलाया गया। इसके तहत रथवानी, पट्टा और लदरौर ग्राम केंद्रों सहित महल, खरवाड़, जख्योल, खुथड़ी, कड़ोहता, मुंडखर, तरक्वाड़ी, भोरंज, लझयाणी, धमरोल, बड़ैहर, बाहन्वीं, जाहू और लुद्दर महादेव में पौधारोपण किया गया। अभियान में स्थानीय युवाओं, महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुलदीप शर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## चार सेक्टरों में बंटा सुजानपुर कांग्रेस संगठन, सौंपी जिम्मेदारियां

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए सुजानपुर कांग्रेस ब्लॉक को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर के लिए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, ताकि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जा सके। ऊहल सेक्टर में जिला परिषद क्षेत्र ऊहल के सभी पोलिंग बूथ शामिल किए गए हैं। इसके अध्यक्ष श्री रवि चंदेल होंगे। बीड़ बगेहड़ा सेक्टर में जिला परिषद क्षेत्र बीड़ बगेहड़ा के सभी पोलिंग बूथ और सुजानपुर नगर परिषद के छह पोलिंग बूथ शामिल किए गए हैं। इस सेक्टर की जिम्मेदारी प्यार चंद ठाकुर को दी गई है। पनोह सेक्टर में जिला परिषद क्षेत्र पनोह के सभी पोलिंग बूथ शामिल किए गए हैं। इसकी अध्यक्ष बिंदु राजपूत होंगी। दरोगण पत्ती कोट सेक्टर में जिला परिषद क्षेत्र दरोगण पत्ती कोट के सभी पोलिंग बूथ और हमीरपुर नगर निगम क्षेत्र के आठ पोलिंग बूथ शामिल किए गए हैं। इस सेक्टर के अध्यक्ष रत्तन चंद होंगे। राजेंद्र वर्मा ने बताया कि सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हर माह की 9 तारीख को सुबह 11:00 बजे होगी। बैठक एक माह टैगोर हॉल, सुजानपुर में और अगले माह टौणी देवी मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में संगठन की समीक्षा, कार्यकर्ताओं से संवाद और आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के नेतृत्व में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के साथ सुजानपुर नगर के सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं के विस्तार पर भी काम हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पुनर्गठन से कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और बूथ स्तर पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी।

## दो माह बाद फिर शुरू होगा पपलाह प्लास्टिक कचरा संग्रहण केंद्र



पंचायत प्रतिनिधियों ने की अधिकारियों के साथ बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज की पपलाह पंचायत स्थित प्लास्टिक कचरा नियंत्रण एवं संग्रहण केंद्र को करीब दो माह बाद दोबारा सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पहल तेज हो गई है। पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संयंत्र के संचालन, वित्तीय व्यवस्था और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि पंचायत चुनावों के कारण पिछले दो माह से केंद्र का संचालन बंद था। अब इसे नियमित रूप से शुरू करने का निर्णय लिया गया है, ताकि क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके और स्वच्छता अभियान को मजबूती मिले। संयंत्र के संचालन के लिए आवश्यक बजट पर भी सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि 15वें वित्त आयोग के तहत बजट का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही, इस केंद्र से जुड़े सात पंचायतों के क्लस्टर की प्रत्येक पंचायत 5-5 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग देगी, जिससे संयंत्र का संचालन निर्बाध रूप से जारी रखा जा सके।

प्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र के पुनः शुरू होने से पपलाह क्लस्टर, भरेड़ी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण एवं वैज्ञानिक निस्तारण में सुधार होगा। इससे स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र को प्लास्टिक प्रदूषण से राहत मिलेगी। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नबाही में 24 को होंगे हिमाचल की सीनियर बॉल बैडमिंटन टीमों के चयन ट्रायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 72वीं सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की बॉल बैडमिंटन टीमों के चयन ट्रायल नबाही देवी मैदान में 24 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11 बजे आयोजित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया में हिमाचल प्रदेश के केवल बोनाफाइड खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। चयन के समय खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड चयन समिति को दिखाना अनिवार्य होगा तथा खेल किट के साथ ही चयन प्रक्रिया में भाग लेना होगा। चयन समिति में नरेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार तथा मनोज ठाकुर सदस्य के रूप में चयन प्रक्रिया संपन्न कराएंगे। चयनित सीनियर पुरुष एवं महिला टीमें 72वीं सीनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता, जो श्रीकालहस्ती, जिला तिरुपति (आंध्र प्रदेश) में 24 से 28 सितंबर तक आयोजित होगी, में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। आयोजकों ने पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर नबाही पहुंचकर चयन ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

### बृज लाल बने माता मुरारी देवी सेवा समिति के प्रधान



**अनंत ज्ञान, भौर।** देवी शक्ति स्थल मुरारीधार में माता मुरारी देवी सेवा समिति के सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए चुनावों में प्रधान पद पर बृज लाल चुने गए। इसके साथ ही वरिष्ठ उप प्रधान हुक्म चंद उप प्रधान श्याम लाल एवं धर्म सिंह महासचिव अमर सिंह सह-सचिव नयन सिंह,हेम सिंह व अमर चंद कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर मीडिया प्रभारी हंस राज तथा मुख्य सलाहकार जय सिंह ठाकुर चुने गए।

### सरकाघाट के विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव तथा लाइनों के समीप स्थित पेड़ों की शाखाओं की कटाई-छंटाई के कार्य के चलते क्षेत्र के विभिन्न 11 केवी फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में निर्धारित तिथियों पर सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को 11 केवी जमनी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसी प्रकार 21 एवं 25 जुलाई को 11 केवी चंदेश फीडर, 22 एवं 27 जुलाई को 11 केवी पिंगला फीडर तथा 23 एवं 28 जुलाई को 11 केवी मसरेन फीडर से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### एचआरटीसी कर्मियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एचआरटीसी क्षेत्रीय कार्यशाला सरकाघाट के प्रांगण में एचआरटीसी की विभिन्न चालक परिचालक और तकनीकी यूनियन के कर्मचारियों ने एक विशाल गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ड्राइवर यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ठाकुर ने की, जबकि प्रांतीय उपाध्यक्ष जीवन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। गेट मीटिंग में एचआरटीसी की विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष व्यक्त किया। यूनियन नेताओं ने अपने संबोधन में आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का कर्मचारी वर्ग डटकर विरोध करेगा और अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेगा। धरना-प्रदर्शन में सरकाघाट इकाई के ड्राइवर यूनियन के प्रधान जय किशन, प्रकाश चंद और नानक चंद ने भाग लिया। तकनीकी कर्मचारी यूनियन की ओर से कमलेश कुमार, शिवराम, हेमराज, संदीप कुमार और अरुण कुमार उपस्थित रहे। वहीं परिचालक यूनियन के प्रधान वीरेंद्र कुमार ठाकुर के नेतृत्व में राजीव कुमार, नरेश चंद्र, महेश कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### रिवालसर में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** नगर पंचायत रिवालसर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाभ सिंह ठाकुर और उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में उपमंडलाधिकारी नागरिक बल्ह स्मृतिका नेगी ने दोनों जनप्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें बधाई दी । इस दौरान नगर पंचायत के सभी पार्षद, नगर पंचायत सचिव विनोद कुमार , कांग्रेस मंडल बल्ह के अध्यक्ष अरुण ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता और बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों ने फूल-मालाओं से दोनों का स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में जश्न का माहौल रहा सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष लाभ सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने और धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में रिवालसर के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# रेड अलर्ट के बावजूद संधोल में धरने पर डटे रहे आंदोलनकारी

## अस्पताल में खाली पदों को भरने की मांग, आज तय होगी आगामी रणनीति

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला भर में भारी बारिश के रेड अलर्ट के बावजूद सोमवार को भी नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाशक्ति संघर्ष समिति और मातृशक्ति का जनआंदोलन लगातार जारी रहा। 28 जून से शुरू हुआ क्रमिक अनशन सोमवार को 23वें दिन में प्रवेश कर गया। लगातार 23 दिनों से चल रहे इस आंदोलन के बावजूद आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी एक-दो प्रमुख मांगें अभी भी अधूरी हैं, इसलिए उनका संघर्ष फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा।

आंदोलन के 23वें दिन इंदु देवी, शकुंतला देवी, मंगला देवी, संतोष कुमारी, बिमला, ब्यासां देवी, कृष्ण पाल और देशराज अगले 24 घंटे के लिए क्रमिक अनशन पर बैठे।



अपनी मांगों को लेकर 23वें दिन धरने पर बैठे आंदोलनकारी। अनंत ज्ञान

भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद धरना स्थल पर लोगों की उपस्थिति बनी रही और आंदोलनकारियों का हौसला पहले की तरह बुलंद दिखाई दिया। युवाशक्ति संघर्ष समिति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल और संयोजक राकेश जम्वाल ने धरना स्थल पर मौजूद लोगों को आंदोलन की शुरुआत से लेकर अब तक हुई प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से शिमला में हुई मुलाकात के बाद सरकार और स्थानीय विधायक की ओर से कुछ सकारात्मक प्रयास हुए हैं तथा अब तक एक नए चिकित्सक ने कार्यभार भी संभाल लिया है, लेकिन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजी सेवाओं तथा मेडिसिन विशेषज्ञ की समुचित व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। इसलिए आंदोलन जारी रखना उनकी मजबूरी है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं और इन पदों को भरना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि स्थानीय जनता के सहयोग से शेष मांगों को भी पूरा करवाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। युवाशक्ति ने बताया कि सरकार को दी गई समय-सीमा मंगलवार को समाप्त हो रही है। ऐसे में आंदोलन की अगली रणनीति सरकार की कार्रवाई और शेष मांगों पर होने वाली प्रगति को देखते हुए मंगलवार को तय की जाएगी। आंदोलनकारियों ने दोहराया कि जब तक सभी प्रमुख मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक क्रमिक अनशन और शांतिपूर्ण जनआंदोलन जारी रहेगा।

# औट में बस से 1.645 किलो चरस संग दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना औट की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1.645 किलोग्राम चरस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना औट पुलिस ने थलौट स्थित थाना गेट, राष्ट्रीय राजमार्ग-03 पर नियमित नाकाबंदी एवं वाहन जांच के दौरान कुल्लू से दिल्ली जा रही निजी वोल्वो बस की तलाशी ली।

इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान घनश्याम, निवासी जिला रेवाड़ी (हरियाणा) तथा मोहन लाल, निवासी तहसील भुंतर, जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना औट में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि बरामद चरस का स्रोत क्या है तथा इसे किसे सप्लाई किया जाना था। मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार



◆ **थलौट में एनएच-3 पर पुलिस को मिली कामयाबी**

ने कहा कि जिला मंडी में नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी दृढ़ता और प्रभावी ढंग से जारी रहेगा। मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े प्रत्येक नेटवर्क पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से भी नशे के विरुद्ध इस जन अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नशे से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस मंडी नशा मुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# छातर डुगराई और चौक के ग्रामीण फेरीवालों से परेशान

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छातर डुगराई और चौक में बाहर से आकर फेरी लगाकर सामान बेचने वालों की लगातार बढ़ती आवाजाही को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन नए-नए लोग गांवों में पहुंचकर लाउडस्पीकर के माध्यम से सामान का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूर्व में प्रदेश में बाहरी लोगों से जुड़ी आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसके चलते ग्रामीण स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उनका कहना है कि फेरी लगाकर व्यापार करने की आड़ में कुछ लोग घरों की रेकी करने की आशंका भी पैदा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई फेरीवालों के पास सामान के बिल और दोपहिया वाहनों के आवश्यक दस्तावेज भी नहीं होते। ऐसे में वे किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए संबंधित प्रशासन को समय-समय पर उनके पहचान पत्र, वाहन दस्तावेज और व्यापार संबंधी अभिलेखों की जांच करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि किसी भी अप्रिय घटना से पहले एहतियाती कदम उठाना जरूरी है।

◆ **ग्रामीणों ने प्रशासन दस्तावेजों का सत्यापन करवाने की उठाई मांग**

उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में आने वाले बाहरी फेरीवालों का नियमित सत्यापन किया जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# डॉ. पीसी कौंडल को मिला इंडियन मैन आइकॉन अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, विजय कुमार, हटगढ़।** हिमाचल प्रदेश के जाने माने वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक 'हिम खंड' पत्रिका डॉ. पीसी कौंडल को ग्लोबल फोरम से 'इंडियन मैन आइकॉन अवॉर्ड' कोरियर द्वारा प्राप्त हुआ है। इस अवॉर्ड के अलंकरण हेतु डॉ पी सी कौंडल को अवॉर्ड वितरण समारोह में नई दिल्ली आमंत्रित किया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से वे अवॉर्ड वितरण समारोह में नई दिल्ली नहीं जा सके थे, इसलिए फोरम द्वारा यह अवॉर्ड इन्हें कोरियर द्वारा भेजा गया है।



अवॉर्ड में एक स्मृति चिन्ह मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और एक गोल्ड मेडल प्राप्त हुए हैं। यह अवॉर्ड डॉ पी सी कौंडल को उनकी अब तक की साहित्यिक उपलब्धियों के लिए दिया गया है। डॉ. पीसी कौंडल ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि उनकी अब तक 14 ( चौदह) पुस्तकें हिंदी भाषा में प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें उपन्यास, कहानियां, कविताएं आदि संकलित की हैं, वहीं एक त्रैमासिक हिंदी पत्रिका' हिम खंड' राष्ट्रीय स्तर पर 2004 से निरंतर प्रकाशित की जा रही है, जिसके अब तक 88 अंक प्रकाशित हो चुके हैं।

# एससी बस्ती हवाणी में तीन माह से पेयजल आपूर्ति ठप

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत रोपड़ी के गांव हवाणी स्थित अनुसूचित बस्ती में पिछले वार महीनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने स्थानिय पंचायत के प्रधान अजय चंदेल की अध्यक्षता में जलशक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि पानी न आने से लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ खाना बनाने, बर्तन व कपड़े धोने तथा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने में भी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या को लेकर उन्होंने वाटर गार्ड अनिल कुमार, टैंक की सप्लाई देने वाले वाटर गार्ड सप्लू राम तथा रिस्सा सेक्शन के जेई को भी कई बार अवगत करवाया, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर समस्या को टाल रहे हैं, जबकि बस्ती में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों से मामले का तुरंत संज्ञान लेकर पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

◆ **24 घंटे में सप्लाई न होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

# प्राचीन शिव मंदिर महादेव मार्ग खस्ताहाल

## बारिश में श्रद्धालु, स्कूली बच्चों और राहगीरों को होती है दिक्कत

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत स्थित प्राचीन शिव मंदिर महादेव से होकर करसोग की ओर जाने वाले महादेव-धनोटू संपर्क मार्ग की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो बरसात के दौरान तालाब का रूप धारण कर रहे हैं। इससे वाहन चालकों, श्रद्धालुओं, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वाहन गुजरने पर गंदा पानी और कीचड़ राहगीरों पर उछलने से लोगों के कपड़े खराब हो रहे हैं तथा दुर्घटना का



प्राचीन शिव मंदिर महादेव के समीप सड़क पर पड़े गड्ढों में जमा हुआ पानी।

खतरा भी बना रहता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

◆ **लोक निर्माण मंत्री से मार्ग की मरम्मत कराने की मांग**

बरसात के कारण गड्ढों में लंबे समय तक पानी जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नाचन के विधायक विनोद कुमार ने इस मार्ग को चौड़ा करने की बात कही थी, लेकिन आज तक न तो चौड़ीकरण हुआ और न ही सड़क की हालत सुधारी गई। यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक स्थली को जोड़ता है और इसे राज्य राजमार्ग के रूप में भी जाना जाता है। इस मार्ग से सेना के वाहनों सहित दिन-रात बड़ी संख्या में अन्य वाहन भी गुजरते हैं। लोगों ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से महादेव-धनोटू सहित आसपास के सभी जर्जर मार्गों की शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करवाने की मांग की है।

### साहिल जनक चुने टैक्सी यूनियन संधोल के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** माता मनसा देवी टैक्सी यूनियन संधोल के वार्षिक चुनाव पूर्व अध्यक्ष इंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुए, जिसमें साहिल जनक को नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि नरेश कुमार को उपाअध्यक्ष महासचिव रवि कुमार, सह सचिव प्रवीण कुमार पिनु, कोषाध्यक्ष जोगिंदर, संयोजक संजय कुमार को चुना गया। इस दौरान बैठक में पेट्रोलियम पदार्थों के सतग बढ़ी महंगाई के बाद संशोधित किरायों पर मंथन किया जिसमें स्थानीय व दूर दराज क्षेत्रों के लिए किरायों पर सहमति बनाई गई। इस दौरान ये भी निर्णय लिया गया कि यूनियन द्वारा निर्धारित किरायों से अधिक व कम किराया वसूलने पर 500 रूपए जुर्माने का प्रावधान भी किया गया। अध्यक्ष साहिल जनक ने बताया कि वो सभी सदस्यों को इकट्ठा रखने का प्रयास करेंगे।वही उन्होंने बताया कि निजी गाड़ियों द्वारा लगातार सवारियो के उठाने से टैक्सी चालकों को बहुत घाटा झेलना पड़ रहा है जिसके लिए वो स्थानीय पुलिस व आरटीओ मंडी से मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करवाएंगे।

# आनंद सिंह को चुना देवभूमि कबड्डी एसोसिएशन का प्रधान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** हिमाचल प्रदेश की देवभूमि कबड्डी एसोसिएशन के वर्ष 2026-2030 के लिए नई कार्यकारिणी की निर्वाचन अधिकारी पंकज श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) ने औपचारिक घोषणा करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की।

इसमें धर्मेंद्र राणा (ऊना) को एसोसिएशन का चेयरमैन, जबकि आनंद सिंह (सोलन) को प्रधान चुना गया है। अभिषेक शर्मा (ऊना) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुरेंद्र राणा (कांगड़ा), रणवीर सिंह (सोलन), प्रवेज अली (चंबा) तथा संजू (सिरमौर) को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा ऋषभ कुमार (ऊना) को महासचिव, रेखा देवी (चंबा), परितोष जोशी (शिमला), हरदेव सिंह (सोलन) एवं राकेश कुमार (सोलन) को संयुक्त सचिव, जबकि पंकज कुमार (बिलासपुर) को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में विकास शर्मा (ऊना), मनोज कुमार (सोलन), संजीव कुमार (बिलासपुर), प्रकाश चंद पीतांबर शर्मा देवेंद्र ठाकुर(मंडी), प्रवीण कुमार (सोलन), सुनील ठाकुर (हमीरपुर), अमित सैनी (ऊना) तथा पवन कुमार (सोलन) निर्वाचित हुए। इस अवसर पर एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कबड्डी प्रेमियों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में कबड्डी खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

◆ **धर्मेंद्र राणा को मिली चेयरमैन की जिम्मेदारी**

**शपथ समारोह** विधायक जम्वाल ने केंद्र सरकार से हरसंभव सहयोग दिलवाने का दिया आश्वासन

# नप सुंदरनगर की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने ली शपथ

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने नगर परिषद सुंदरनगर के भाजपा समर्थित नवनिर्वाचित अध्यक्ष रुमा चौहान एवं उपाध्यक्ष लकेश सेन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम जनसेवा, पारदर्शिता और विकास को प्राथमिकता देते हुए सुंदरनगर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श नगर बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

राकेश जम्वाल ने कहा कि सुंदरनगर प्रदेश का महत्वपूर्ण नगर है और केंद्र सरकार ने पहले भी यहां कई विकास योजनाएं स्वीकृत की हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी केंद्र सरकार से नगर के लिए हरसंभव सहयोग दिलाया जाएगा। उन्होंने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी पार्षदों से शहर की



जरूरतों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को भेजने का आग्रह किया, ताकि अधिकाधिक विकास योजनाएं स्वीकृत हो सकें।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी दिल्ली में संबंधित मंत्रालयों के समक्ष सुंदरनगर की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि नई नगर परिषद को स्वच्छता, पेयजल, सीवरेज, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, पार्कों के विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देना होगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

### सरकाघाट नप में अध्यक्ष पुष्पा देवी एवं उपाध्यक्ष लाल सिंह ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर परिषद के बैठक कक्ष में आयोजित किया गया। समारोह में पुष्पा देवी ने अध्यक्ष तथा लाल सिंह ने उपाध्यक्ष के रूप में विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं प्राधिकृत अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम ने दोनों निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर परिषद के सभी पार्षद उपस्थित रहे। समारोह में विधायक सरकाघाट दलीप ठाकुर ने भी विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। शपथ ग्रहण के उपरांत अध्यक्ष पुष्पा देवी एवं उपाध्यक्ष लाल सिंह ने नगर परिषद क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास, नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

# शाहनु मेले को खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बना दिया रोमांचक

## मुख्यातिथि पार्षद गुरदीप कौर ने विजेताओं को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** माता भगवती उग्रतारा टारना की कृपा से वार्ड 8 में शाहनु मेले का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भाग लेकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि वार्ड नंबर 8 की पार्षद गुरदीप कौर रहीं, जबकि पूर्व पार्षद हरदीप सिंह (राजा सिंह), टारना के पूर्व पार्षद बंशी लाल तथा मनमोहन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले के दौरान महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने नशा मुक्ति विषय पर प्रभावशाली भाषण देकर समाज को जागरूक करने का संदेश भी दिया।



नींबू-चम्मच दौड़ में हिमांशी ने पहला, यश पंडित ने दूसरा और प्रियल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नशा मुक्त भारत विषयक भाषण प्रतियोगिता में नितेश पुल घराट प्रथम, मोक्ष द्वितीय और शिवम टारना तृतीय स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रियंका पुल घराट ने पहला, रिटायर ने दूसरा और मीरा देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। रस्साकशी प्रतियोगिता में माता उग्रतारा युवा मंडल विजेता रहा। वहीं नृत्य प्रतियोगिता में अंशिता चौहान ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि युविका, हंसिका और तपस्या ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से खूब सराहना बटोरी। मुख्यातिथि गुरदीप कौर ने अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा आयोजकों ने मेले को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

नेकी कर और दरिया में डाल।

-किस्सा हातिमताई

संपादकीय

## समाज का नैतिक पतन

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक मासूम बच्ची के साथ उसके पिता द्वारा किया गया दुष्कर्म समाज के नैतिक पतन का आईना है। जिस पिता को संतान का रक्षक माना जाता है, जब वही उसकी अस्मिता का भक्षक बन जाए, तो परिवार के लिए इससे बड़ी त्रासदी क्या होगी? यह एक ऐसा वाकया है जो पूरे समाज के लिए चेतावनी समान है। ऐसी घटनाएं यह सोचने पर विवश करती हैं कि आखिर हमारे सामाजिक मूल्य, पारिवारिक संस्कार और मानवीय संवेदनाएं किस दिशा में जा रही हैं।

आज हम आर्थिक प्रगति, डिजिटल क्रांति, आधुनिक शिक्षा और तकनीकी विकास पर गर्व करते हैं। महिलाएं सेना से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। सरकारें महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बाल संरक्षण जैसी अनेक योजनाएं चला रही हैं। इसके बावजूद यदि घर की चारदीवारी के भीतर ही बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारी सबसे बड़ी कमी भौतिक संसाधनों की नहीं, वरन नैतिक मूल्यों की है।

ऐसे अपराधों को केवल कानून और पुलिस के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। पुलिस अपराध होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है और न्यायालय उसे कठोर सजा दे सकता है, लेकिन कानून किसी व्यक्ति के मन में सम्मान, संवेदना और आत्मसंयम पैदा नहीं कर सकता। यह जिम्मेदारी परिवार, समाज और शिक्षा व्यवस्था की है। यदि बचपन से ही बच्चों को यह सिखाया जाए कि हर महिला सम्मान की पात्र है, रिश्तों की मर्यादा सर्वोपरि है और किसी भी व्यक्ति की गरिमा से खिलवाड़ सबसे बड़ा अपराध है, तो भविष्य में अपराधों की संख्या स्वत: कम होगी।

आज सबसे अधिक आवश्यकता संस्कार आधारित शिक्षा की है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार दिलाना नहीं होना चाहिए, बल्कि अच्छे नागरिक तैयार करना भी होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति उच्च शिक्षित होकर भी महिलाओं का सम्मान नहीं करता, तो उसकी शिक्षा अधूरी है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, संवैधानिक मूल्यों, लैंगिक समानता और बाल सुरक्षा जैसे विषयों को व्यवहारिक रूप से पढ़ाया जाना चाहिए। केवल पुस्तकों में पाठ जोड़ देने से बदलाव नहीं आएगा, बल्कि परिवार और विद्यालय दोनों को मिलकर बच्चों के चरित्र निर्माण पर ध्यान देना होगा। इस घटना का एक दूसरा पक्ष भी समाज के सामने आता है।

कई बार घरेलू हिंसा, नशाखोरी, बेरोजगारी, पारिवारिक विघटन और सामाजिक अलगाव जैसी परिस्थितियां परिवारों को भीतर से कमजोर कर देती हैं। हालांकि, यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि इनमें से कोई भी कारण किसी अपराध का औचित्य नहीं बन सकता। अपराध का उत्तरदायित्व पूरी तरह अपराधी का ही होता है, लेकिन यदि समाज इन समस्याओं की अनदेखी करता रहेगा, तो विकृत मानसिकता पनपने के अवसर बढ़ते रहेंगे। इसलिए नशा मुक्ति अभियान, मानसिक स्वास्थ्य पर खुली चर्चा और पारिवारिक परामर्श जैसी व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाना होगा।

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बच्चों को केवल अजनबियों से सावधान रहो कह देना पर्याप्त नहीं है। अधिकांश यौन शोषण के मामलों में अपराधी कोई परिचित, रिश्तेदार या परिवार का सदस्य ही होता है। इसलिए बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी देना, उन्हें बिना डर अपनी बात कहने का साहस देना और उनकी बात पर विश्वास करना अत्यंत आवश्यक है। यदि बच्चा किसी असहज व्यवहार की शिकायत करता है, तो उसे डांटने या चुप कराने के बजाय उसकी बात को गंभीरता से सुना जाना चाहिए।

समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। पड़ोसी, रिश्तेदार, शिक्षक और स्थानीय समुदाय यदि किसी परिवार में हिंसा, नशाखोरी या बच्चों के प्रति असामान्य व्यवहार देखते हैं, तो उसे घरेलू मामला कहकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कई बार समय पर की गई एक छोटी-सी पहल किसी मासूम का जीवन बचा सकती है। संवेदनशील समाज वही है, जो केवल तमाशबीन न बने, बल्कि सही समय पर सही कदम उठाए। आज सोशल मीडिया और इंटरनेट का प्रभाव भी तेजी से बढ़ा है। ये साधन ज्ञान, शिक्षा और संवाद के प्रभावी माध्यम हैं, लेकिन जब इनका उपयोग विकृत सोच के साथ किया जाता है, तो वे समाज के लिए खतरा भी बन सकते हैं। यदि बच्चे भयमुक्त बचपन नहीं जी सकते और महिलाएं सम्मानपूर्वक जीवन नहीं जी सकतीं, तो विकास के सारे दावे अधूरे हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती

### जुझारू सलामी बल्लेबाज और जनसेवक



चेतन प्रताप सिंह चौहान
**जन्म :** 21 जुलाई, 1947
**निधन:** 16 अगस्त, 2020

भारतीय क्रिकेट के पूर्व सलामी बल्लेबाज और राजनेता चेतन प्रताप सिंह चौहान का नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में सुनील गावस्कर के साथ सफल सलामी जोड़ीदार के रूप में याद किया जाता है। उनका जन्म 21 जुलाई, 1947 को मेरठ, उत्तर प्रदेश में हुआ था। जिस तरह चेतन चौहान अपने परिधानों और अनुशासन को लेकर सजग रहते थे, उसी तरह उनका व्यवहार भी बेहद संतुलित और सरल था।

चेतन चौहान ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 40 टेस्ट मैच खेले और 2084 रन बनाए। उनका सर्वोच्च स्कोर 97 रन रहा। इसके अलावा उन्होंने सात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। वह बिना शतक लगाए टेस्ट क्रिकेट में दो हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटरों में शामिल रहे। सुनील गावस्कर के साथ उनकी जोड़ी लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के बीच लोकप्रिय रही। उनके योगदान के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद चेतन चौहान ने राजनीति में कदम रखा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 1991 में अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और सांसद चुने गए। इसके बाद 1996 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन 1998 में वह दोबारा सांसद बने। उन्होंने 1999 और 2004 के लोकसभा चुनाव भी लड़े। बाद में वह उत्तर प्रदेश की राजनीति में सर्ि, य रहे और राज्य सरकार में सैनिक कल्याण, होमगार्ड्स, प्रांतीय रक्षक दल और नागरिक सुरक्षा मंत्री की जिम्मेदारी संभाली। चेतन चौहान का जीवन खेल और राजनीति दोनों क्षेत्रों में अनुशासन, धैर्य और समर्पण का उदाहरण रहा। कोरोना संक्रमण के कारण उनका निधन 16 अगस्त, 2020 को हो गया।



कविता

### शब्दों का बोलबाला

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी, नॉन मेडिकल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टावा, त. बल्ह, जिला मंडी

**शब्द** ही रुलाते हैं, शब्द ही हंसाते हैं।
शब्द झगड़ा कराते हैं, शब्द ही प्रेम बढ़ाते हैं।
शब्द दुश्मन बन जाते हैं, शब्द ही दोस्ती कराते हैं।
शब्द ही भरमाते हैं, शब्द ही तीर चलाते हैं।
शब्द दिल को चुभ जाते हैं, शब्द मन मुटाव कराते हैं।
शब्द गुस्सा दिलाते हैं, शब्द ही शांत कराते हैं।
शब्द निंदा कराते हैं, शब्द प्रशंसा बन जाते हैं।
शब्द है मां, शब्द है पिता, शब्द है रोग, शब्द है चिता।
शब्द है जन्म, शब्द है मरण, शब्द है साक्षर, शब्द है निरक्षर।
शब्द है शादी, शब्द है बारात, शब्द है मिलाप, शब्द है तलाक।
शब्द है राजा, शब्द है प्रजा, शब्द है राम, शब्द है सीता।
शब्द है कृष्ण, शब्द है गीता, शब्द है बाण, शब्द है प्राण।
शब्द है धरती, शब्द है आकाश, शब्द है अंधकार, शब्द है प्रकाश।
जहां देखो वहां शब्दों का बोलबाला है, सारा जहां शब्दों ने संभाला है।

# भारत में कुछ नहीं हो रहा? या बहुत कुछ हो रहा है!



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कृषि प्रसार शिक्षा

लोग कह रहे हैं भारत में कुछ नहीं हो रहा, यह गलत बोल रहे हैं। भारत में वह सब होता है जो विश्व के किसी देश में नहीं होता। क्या विश्व के किसी भी चर्च में कभी चढ़ावा चोरी हुआ? क्या एक दिन में किसी देश में 35 करोड़ वृक्ष लगे। यह मात्र भारत में ही संभव हो सकता है। यहां विशाल जनता है जो एक दिन में कुछ भी कर सकती है। उत्तर प्रदेश में एक दिन में 40 करोड़ पौधे लगे हैं, जबकि आबादी है 55 करोड़। सवाल उठता है कि क्या हर व्यक्ति ने दो पौधे लगाए? क्या 5 साल के लड़के भी शामिल थे पौधरोपण में? क्या एक दिन में 3 लाख पौधे किसी शहर में लगे हैं? भारत में लगे हैं और कहते कुछ नहीं हो रहा है। देखने सुनने का नजरिया बदल दें।

भारत में अब बस सुनने का अधिकार है, ऐसा किसी देश में है? हमारे देश से बैंकों का पैसा लेकर लोग भाग जाते हैं, कहा जाता है भारतीय पैसा था ले गया। 10 रुपए बैंक का कर्ज किसान कम वापस करता है तो कुर्की हो जाती है जमीन की, परंतु जो अरबों लेकर भाग गया वह सम्मानयोग्य है। यह नया भारत है। पांच साल में लगभग नौ लाख भारतीय भारत की नागरिकता छोड़ चुके हैं। क्या अन्य किसी देश के नागरिक ऐसा करते हैं? यहां शिक्षा बदल गई। सरकारी स्कूल बंद हो गए-किसी ने कुछ बोला। कभी पेट्रोल में इथेनॉल की लूट तो कभी नौकरी के पेपर की लूट। चिकित्सा महाविद्यालयों में डॉक्टर नहीं फिर भी डिग्री की लूट। निजी कॉलेजों में मानक के अनुसार अध्यापक नहीं, वेतन नहीं, परंतु डिग्री तो मिल रही है। विश्व में ऐसा कोई देश है, बस बोलते हैं भारत में कुछ नहीं हो रहा है।

भारत में ड्रोन तकनीकी से 7000 करोड़ की सड़क बनती है और वह एक बारिश में बह जाती है और कोई सड़क 3000 करोड़ की बनी उद्घाटन से पहले ही गड्ढे बन जाते हैं। यह सब हो रहा है और कहते हैं कुछ नहीं हो रहा है। अनशन पर बैठे युवा-छात्र। क्या किसी देश में अनशन वालों को अनशन करने से रोका जाता है? भारत में व्यवस्था सही रहे इसलिए आंदोलनों को रोका जाता है। मुकदमे होते हैं और कहते हैं कुछ नहीं हो रहा है।

भारत में इस समय बहुत तरह की समस्याओं की बाढ़ आ गई है। इस बाढ़ में राम मंदिर चंदा चोरी के आरोपी चंपत राय, अनिल मिश्रा, गोपालराव से भाजपा सरकार परेशान भी है। कहीं न कहीं हर जगह कुछ हो रहा है। हर शहर हर प्रदेश में, लेकिन इस कुछ में कुछ जनता कुछ युवा छात्र ही बस आवाज दे रहे हैं। अब हर आवाज में चढ़ावा चोरी की गूंज जैसे कानों को विदिर्ण कर रही है, दर्द दे रही है। आस्था कमजोर हो रही है, विश्वास भागवान से उठ रहा है। इस विश्वासघात पर जनता हताश, निराश एक-दूसरे को बस देख रही है शक भरी नजर से कि क्या यह भी उसी गिरोह का हिस्सा तो नहीं है? बाकी जनता को पेंशन नौकरी में है, वह मौन है। परेशान है सबसे गरीब और मध्यम श्रेणी, परंतु मध्यम वर्गीय परिवार सरकार से डर कर बस जी रहा है। मंहगाई की मार से कमर टूट रही है।

वह अपने लड़कों को सही शिक्षा देने योग्य नहीं है। वह अब सरकारी नौकरी पर आस और विश्वास नहीं कर रहे हैं। निजी क्षेत्र की तरफ भी उतनी उम्मीद नहीं लगा रहे हैं। बस मौन है। जनता जानती है जब सरकारी नौकरी कम होती है तो निजी क्षेत्रों में भी नौकरियां कम होने लगती हैं। वेतन भी कम मिलने लगता है। कारण, सरकार से प्रतिस्पर्धा समाप्त हो रही है। अब तो बस सांसद ,विधायक और सेना को ही पेंशन, डीए, मेडिकल सुविधा के साथ बैंक लोन मिलेगा। पांच किलो राशन पर जिंदा आम आदमी ने अपने भाग्य को भगवान मान लिया है। वह अयोध्या की लूट पर मौन है, परंतु आस्था लुट रही है, बेचैन है।

एक तरफ कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दीपके जंतर-मंतर पर युवाओं और छात्रों के साथ भूख हड़ताल पर बैठकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उन्हें किसान नेताओं, खाप पंचायतों, सोनम वांगचुक और योगेंद्र यादव सहित कई सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। दूसरी ओर राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा चोरी के आरोप और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से जुड़े कथित जमीन घोटाले की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। इन घटनाओं ने अयोध्या और उज्जैन की आस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। सरकार जवाबदेही से बचते हुए राजनीतिक प्रबंधन और सांसदों की संख्या बढ़ाने में अधिक व्यस्त दिखाई दे रही है।



दल-बदल, सांसदों की खरीद-फरोख्त, लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, न्याय व्यवस्था और संसद में घटती बहस भी तो भारत में हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी, ई-20 इथेनॉल, पेपर लीक और युवाओं के भविष्य को लेकर जनता की बढ़ती चिंता के बीच आम नागरिक लगातार आर्थिक और सामाजिक दबाव झेल रहा है।

जंतर-मंतर पर विरोध की सीमित होती जगह लोकतंत्र के सिकुड़ने का प्रतीक बनती जा रही है। संसद सत्र के बीच सड़क पर संघर्ष कर रहे युवाओं और सत्ता के राजनीतिक समीकरणों के बीच बढ़ती दूरी लोकतंत्र की दिशा पर प्रश्न खड़े करती है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि देश अनेक संकटों और राजनीतिक बहसों के दौर से गुजर रहा है, पर जनता अब जवाबदेही, पारदर्शिता और समाधान चाहती है। यह तो आने वाला समय ही तय करेगा कि लोकतांत्रिक आवाज मजबूत होगी या फिर सब कुछ इसी तरह चलते रहने से सत्ता का प्रभाव और अधिक व्यापक होगा?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पुरस्कारों की 'बंदरबांट' से घटती जा रही 'सम्मान' की गरिमा



रामलाल पाठक
साहित्यकार, गांव निहारखन बासला डा. ब्रह्मपुखर, जिला बिलासपुर

देश-प्रदेश एवं जिला स्तर की अनेक सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं ने अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अनेक ऐसे कार्यकम शुरू किए हैं, जो जमीनी स्तर पर कहीं नजर नहीं आते, लेकिन सोशल मीडिया में उनकी बल्ले-बल्ले हो रही है। जिन मंत्रालय या विभागों से ऐसी संस्थाएं पंजीकृत हैं, उनका भी कोई नियंत्रण नहीं हैं। यदि किसी संस्था को ऐसे कार्यक्रमों के लिए सरकार अनुदान देती है तो उसे कागजों में न दर्शा कर सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

अक्सर ऐसे कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के नाम पर कुछ व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। बहुत सी संस्थाएं ऐसी हैं जिनका कोई मापदंड नहीं होता कि किस व्यक्ति विशेष को सम्मानित किया जाना चाहिए। उसमें 'अंधा बांटे रेवड़ियां', मुड़-मुड़ अपनों को दे' की तर्ज पर अपने खास किसी व्यक्ति विशेष को सम्मानित किया जाता है जिनका उस क्षेत्र से दूर का भी संबंध नहीं है।

हिमाचल प्रदेश में कुछ ऐसी सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाएं हैं जिनका प्रतिवर्ष वार्षिक समारोह होता है तथा उसमें ही बड़े सम्मान के साथ पुरस्कार वितरित किए जाते हैं। इसके लिए मापदंड तय किए जाते हैं। सम्मानित किए जाने वाले व्यक्ति का जीवन परिचय मंगवाया जाता है। विशेष उपलब्धियों पर गौर किया जाता है। पूरी पारदर्शिता के साथ चायन प्रक्रिया अपनाई जाती है। संस्था की नजर में यदि कोई ऐसा व्यक्ति है जिसने किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो उसे भी सम्मानित किया जाता है। ऐसी संस्थाओं द्वारा व्यक्ति विशेष को दिए पुरस्कारों की अपनी अलग गरिमा होती है। यदि दर्जनों लोगों को एक जैसा पुरस्कार दिया जाता है तो उसका कोई औचित्य नहीं और न ही उस संस्था का उद्देश्य केवल अपना नाम कमाना है। कागजी कार्यक्रमों को अत्यधिक प्रचारित करने से जितनी अधिक सुर्खियां बटोरी जा रही हैं, समाज में उन संस्थाओं के साथ ही सोशल मीडिया की विश्वसनीयता भी कम हो रही है। लोग ऐसी संस्थाओं और उनके भ्रामक प्रचार को अनदेखा करने लगे हैं, जिससे पारदर्शिता के साथ काम करने वाली संस्थाओं की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है। परिणामस्वरूप केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों पर भी संदेह बढ़ता जा रहा है। पुरस्कारों की इस बंदरबांट से योग्य व्यक्तियों की उपेक्षा होती है और अयोग्य सम्मानित हो जाते हैं। इससे प्रतिभाशाली लोगों का मनोबल टूटता है तथा समाज में यह संदेश जाता है कि सफलता के लिए प्रतिभा से अधिक ऊंची पहुंच और व्यक्तिगत प्रभाव आवश्यक है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ता है। समाज में सम्मान और पुरस्कार का उद्देश्य ईमानदारी, परिश्रम और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पहचान देना तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होता है। जब किसी पात्र व्यक्ति को सम्मान मिलता है, तो उस संस्था की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है और अन्य लोगों को भी उल्लेखनीय कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। सम्मान देने और लेने की प्रक्रिया किसी संस्था की सोच और उसके मूल्यों का भी परिचय कराती है।



पुरस्कारों को लेकर समय-समय पर पारदर्शिता की कमी, प्रभावशाली लोगों की दखलअंदाजी और चयन प्रक्रिया में पक्षपात के आरोप लगते रहे हैं। कई बार समाजसेवा, खेल, साहित्य, विज्ञान, कला, लोक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोग उपेक्षित रह जाते हैं, जबकि विवादित चयन पुरस्कारों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। इसलिए पुरस्कार केवल योग्यता, ईमानदारी, पारदर्शिता और वास्तविक योगदान के आधार पर ही दिए जाने चाहिए। निष्पक्ष चयन प्रर्ि, या ही पुरस्कारों की गरिमा बनाए रख सकती है, अन्यथा ऐसे सम्मान धीरे-धीरे समाज में अपना महत्व खो देंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैज्ञानिक क्यों हो रहे निराश? भारत की वैज्ञानिक व्यवस्था के सामने बढ़ता संकट



डॉ. बलदेव सिंह नेगी
संकाय सदस्य, अंतर्विषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू, शिमला

जुलाई 2026 में जब यह समाचार सामने आया कि इसरो के 120 वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने इस्तीफा दिया या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली, तब इसे एक असाधारण घटना के रूप में देखा गया, किंतु उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या अचानक नहीं, बल्कि पिछले एक दशक से धीरे-धीरे गहराती रही है।

नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल के अनुसार 2012-17 के बीच 289, 2018-22 के बीच 381 तथा 2023-24 में 38 वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मी इसरो छोड़ चुके थे। जुलाई 2026 तक सामने आए 120 नए मामलों को जोड़ने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल व्यक्तिगत करियर परिवर्तन का मामला नहीं, बल्कि देश की सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्था में बढ़ते असंतोष का संकेत है।

सवाल यह नहीं कि वैज्ञानिक क्यों जा रहे हैं, बल्कि यह है कि वे निराश क्यों हो रहे हैं और वैज्ञानिक समुदाय का मनोबल लगातार क्यों गिर रहा है। भारत अनुसंधान एवं विकास पर अपनी जीडीपी का केवल 0.6-0.9 प्रतिशत खर्च करता है, जबकि चीन लगभग 2.6 प्रतिशत तथा दक्षिण कोरिया और इसराइल 5 प्रतिशत से अधिक निवेश करते हैं। सीमित संसाधन, धीमी वित्तीय स्वीकृतियां, प्रशासनिक एवं राजनीतिक हस्तक्षेप और वैज्ञानिक स्वायत्तता पर बढ़ते प्रश्न वैज्ञानिकों में असंतोष पैदा कर रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो नई पीढ़ी को विज्ञान की ओर आकर्षित करना भी कठिन होगा।

भारत की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा को तब भी झटका लगा जब भारतीय विज्ञान कांग्रेस जैसे मंचों पर ऐसे दावे प्रस्तुत किए गए जिनका आधुनिक विज्ञान में कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं था। 2015 और 2019 की विज्ञान कांग्रेस में प्राचीन विमान, स्टेम सेल, टेस्ट-ट्यूब बेबी और न्यूटन-आइंस्टीन के सिद्धांतों पर विवादास्पद दावे किए गए। प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका Nature और अन्य अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा कि ऐसे दावों से भारत की वैज्ञानिक विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। इसका परिणाम यह हुआ कि आईआईएससी, टीआईएफआर, आईआईएसईआर तथा सीएसआईआर के अनेक वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने विज्ञान कांग्रेस से दूरी बना ली।



2024 में 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का निर्धारित समय पर आयोजित न हो पाना भी संस्थागत संकट का संकेत माना गया। वर्ष 2020 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) की SUTRA-PIC योजना के अंतर्गत गोमूत्र, गोबर और पंचगव्य पर लगभग 98 करोड़ रुपए के अनुसंधान प्रस्ताव ने भी व्यापक बहस को जन्म दिया। 100 से अधिक वैज्ञानिकों ने खुला पत्र लिखकर कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान किसी निष्कर्ष को सिद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि निष्पक्ष परीक्षण के लिए होता है।

उनका मत था कि सीमित संसाधनों को स्वास्थ्य, जैव-प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम प्रौद्योगिकी तथा मूलभूत विज्ञान जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित किया जाना चाहिए। विवाद केवल एक शोध विषय का नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्राथमिकताओं और सार्वजनिक अनुसंधान निधि के उपयोग का था। स्वतंत्रता के बाद जवाहरलाल नेहरू, होमी भाभा, विक्रम साराभाई और मेघनाद साहा ने जिस आधुनिक भारत की परिकल्पना की थी, उसकी आधारशिला वैज्ञानिक दृष्टिकोण थी। संविधान के अनुच्छेद 51(क)(ह) में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और जिज्ञासा की भावना के विकास को नागरिकों का कर्तव्य बताया गया है। इसी सोच ने भारत को अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और औषधि निर्माण में वैश्विक पहचान दिलाई।

यदि वैज्ञानिक असंतोष, सीमित अनुसंधान निवेश, छद्म-विज्ञान और वैज्ञानिक स्वायत्तता पर सवाल जारी रहे, तो भारत की नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाना, प्रमाण-आधारित शोध को बढ़ावा देना और संस्थानों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। अन्यथा संकट केवल वैज्ञानिकों के पलायन का नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच के कमजोर होने का होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संसद के सुचारु संचालन का खर्च एवं जनप्रतिनिधियों की वित्तीय जवाबदेही



डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

भारतीय संसद देश की संप्रभुता, लोकतांत्रिक मूल्यों और जन-आकांक्षाओं का प्रतीक है, परंतु पिछले कुछ दशकों में संसद के भीतर बढ़ते गतिरोध और घटती उत्पादकता ने करदाताओं की धनराशि के सदुपयोग तथा जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

संसद को चलाने में भारी जन-धन खर्च होता है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पर अनुमानित खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए प्रति मिनट यानी करीब 1.5 करोड़ रुपए प्रति घंटा आता है। एक दिन की कार्यवाही का खर्च लगभग 9 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इसमें सांसदों के वेतन-भत्ते, सुरक्षा, संसद भवन का रखरखाव, सचिवालय और अन्य प्रशासनिक खर्च शामिल होते हैं। जब व्यवधान के कारण सदन स्थगित होता है तो यह धन बिना किसी विधायी परिणाम के व्यर्थ हो जाता है।

क्या संसद न चलने पर सांसदों का भत्ता काटा जाना चाहिए? यह विषय लंबे समय से बहस का केंद्र रहा है। इसके पक्ष में तर्क है कि करदाताओं के पैसे से मिलने वाले भत्तों के बदले सांसदों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। 'नो वर्क, नो पे' की भावना के अनुसार लगातार व्यवधान की स्थिति में जवाबदेही बढ़ सकती है। वहीं दूसरा पक्ष यह कहता है कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना भी विपक्ष का अधिकार है। सांसद केवल सदन में उपस्थित रहने का काम नहीं करते, बल्कि समितियों और अपने निर्वाचन क्षेत्रों में भी कार्य करते हैं, लेकिन बिना चर्चा के कानून पारित होना और करोड़ों रुपए का नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। 16वीं लोकसभा (2014-2019) की कार्य उत्पादकता लगभग 85 प्रतिशत रही। इस दौरान जीएसटी और दिवाला एवं दिवालियापन संहिता जैसे महत्वपूर्ण कानून पारित हुए, हालांकि नोटबंदी, राफेल और अन्य मुद्दों पर गतिरोध भी देखने को मिला। 17वीं लोकसभा (2019-2024) में लोकसभा ने लगभग 88 प्रतिशत और राज्यसभा ने 73 प्रतिशत काम किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और नए आपराधिक कानून जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, लेकिन कृषि कानून, पेगासस विवाद, मणिपुर हिंसा और सांसदों के निलंबन जैसे मुद्दों पर भारी हंगामा हुआ। 18वीं लोकसभा में विपक्ष की संख्या बढ़ने के बाद राजनीतिक बहस और टकराव दोनों बढ़े हैं। संसद के इतिहास पर नजर डालें तो पहली तीन लोकसभाओं में वार्षिक बैठकों का औसत 120 से 130 दिन होता था, जो अब घटकर लगभग 60 से 70 दिन रह गया है।



व्यवधान केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि गहरे संस्थागत कारणों का परिणाम हैं। विपक्ष का आरोप रहता है कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचती है। वहीं बिना पर्याप्त बहस और संसदीय समितियों की जांच के विधेयक पारित होना भी विवाद का कारण बनता है।

सीधा प्रसारण होने के कारण कई बार सांसद जनता के सामने अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए नारेबाजी और प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हैं। करदाताओं का पैसा देश निर्माण के लिए है, राजनीतिक गतिरोध के लिए नहीं। संसद की उत्पादकता बढ़ाने के लिए न्यूनतम कार्य दिवस तय किए जाने चाहिए। महत्वपूर्ण विधेयकों को अनिवार्य रूप से संसदीय समितियों के पास भेजा जाना चाहिए ताकि चर्चा हो सके। यदि कोई दल बिना ठोस कारण के लगातार सदन बाधित करता है तो जवाबदेही तय करने के उपाय भी होने चाहिए। संसद की गरिमा, सर्वोच्चता और उत्पादकता तभी बनी रह सकती है जब सत्ता पक्ष विपक्ष को पर्याप्त सम्मान और समय दे तथा विपक्ष भी विरोध के साथ रचनात्मक आलोचना का मार्ग अपनाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान



ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, जुब्बल-नावर-कोटखाई की मासिक बैठक सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह कोटखाई में विभागाध्यक्ष मुन्नी लाल नरसेठ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुन्नी लाल नरसेठ ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में क्षेत्र में हुए जिला परिषद, बीडीसी, पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक जीत जनता के विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति पर विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास और जनहित के कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है।

बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने पर बल दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी, वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व प्रधान, पूर्व उपप्रधान, पूर्व बीडीसी सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिमला में नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था को लेकर किया प्रदर्शन

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और एनटीए को भंग करने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर एसएफआई, सीटू, एडवा, डीएसएमएम, एआईएलयू, डीवाईएफआई, शिमला नागरिक सभा, सेब उत्पादक संघ तथा माकपा के समर्थकों ने संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली और देश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। संगठनों ने सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने,



एनटीए को भंग करने, नई शिक्षा नीति को वापस लेने तथा सोनम वांगचुक की रिहाई की भी मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों के साथ न्याय सुनिश्चित करने और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे।

धरने को संबोधित करते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि देशभर में परीक्षा घोटालों और शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन का वे समर्थन करते हैं। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन, संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई तथा सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने की भी आलोचना की। एसएफआई ने घोषणा की कि पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शिमला उपायुक्त कार्यालय के बाहर क्रमिक धरना शुरू किया जाएगा। संगठनों ने प्रदेश के छात्रों, अभिभावकों और जागरूक नागरिकों से इस आंदोलन में शामिल होकर सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की मुहिम का समर्थन करने की अपील की। साथ ही कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

◆ **जंतर-मंतर आंदोलन के समर्थन में शिमला में क्रमिक धरने का ऐलान**

# घुंडा भड़ेच में प्रत्येक वार्ड के विकास का लिया संकल्प



ग्राम सभा में विकास योजनाओं पर चर्चा करते जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** घुंडा भड़ेच ग्राम पंचायत में सोमवार को प्रधान तनुजा शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। आवश्यक कोरम पूरा होने के बाद संपन्न हुई बैठक में पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) 2026-27, 16वें वित्त आयोग के तहत प्रस्तावित कार्यों, प्रत्येक वार्ड की विकास आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं तथा पंचायत की विकास परियोजनाओं की सूची (शेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट्स) तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपप्रधान साहिल कंवर, वार्ड सदस्य आशीष चौहान, गुड्डी देवी, मुमताज बेगम, केशव और रितु सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पंचायत सचिव सुरेश शर्मा ने बैठक का संचालन करते हुए पंचायत की विभिन्न विकास योजनाओं और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। ग्राम सभा में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से पंचायत के प्रत्येक वार्ड का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। साथ ही ग्रामीणों से भविष्य में भी ग्राम सभाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

# ननखड़ी के घरटी में तेंदुए व भालू का आतंक

## डरे-सहमे ग्रामीणों ने वन विभाग से की पिंजरा लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, कुमारसैन।** ननखड़ी तहसील की ग्राम पंचायत बगलती के घरटी गांव में पिछले काफी समय से तेंदुए की लगातार मौजूदगी और रात्रि के समय भालू के आने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुआ कई बार गांव के आसपास देखा जा चुका है, जबकि रात के समय भालू बाग-बगीचों में पहुंचकर सेब की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए और भालू की बढ़ती आवाजाही से बच्चों, बुजुर्गों तथा पालतू पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने इस संबंध में वन विभाग को कई बार सूचना भी दी है, लेकिन अब तक तेंदुए और भालू को पकड़ने अथवा क्षेत्र में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, आवश्यक होने पर पिंजरा लगाया जाए तथा वन्यजीवों को आबादी से दूर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उधर, स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे सुबह और शाम के समय अकेले जंगल अथवा सुनसान स्थानों पर जाने से बचें, बच्चों को अकेला बाहर न भेजें तथा पालतू पशुओं की विशेष निगरानी रखें। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शिक्षा मंत्री आज से ठियोग और कोटखाई के दौरे पर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 21 और 22 जुलाई को ठियोग तथा कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह 21 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे ठियोग के वैली व्यू होटल में अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता करेंगे और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे कोर्ट कॉम्प्लेक्स, ठियोग में बार एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। दौरे के दूसरे दिन 22 जुलाई को शिक्षा मंत्री प्रातः 11:30 बजे धार शरगल पहुंचकर हरिजन बस्ती के लिए बनने वाले संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे देवरी-खनेटी में आयोजित जिला स्तरीय रिहाली मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों पर भी उनका विशेष ध्यान रहेगा।

# समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभा रहा एकल अभियान: शशि

अनंत ज्ञान



**रामपुर बुशहर।** एकल अभियान, संभाग दक्षिण हिमाचल, भाग शिमला के अंतर्गत अंचल कुमारसैन में आयोजित आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग में सोमवार को शशि भूषण श्याम ने विशेष रूप से सहभागिता की। इस अवसर पर उनके साथ प्रकाश आजाद भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में आचार्यों के मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। अपने संबोधन में शशि भूषण श्याम ने वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकल अभियान समाज के उत्थान एवं जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने महिलाओं के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं सदैव समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाती रही हैं। इस अवसर पर भाग प्रशिक्षण प्रमुख सीमा मानटा, संच प्रशिक्षक रीतू, शेला, सपना, समित्रा एवं दामयंती सहित सभी शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

इस प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, सेवा, संस्कार एवं समाज के प्रति दायित्वबोध पर विशेष बल दिया गया।

◆ **कहा- राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं महिलाएं**

# उपरोजगार कार्यालय मशोबरा में कल होगा कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से 22 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय मशोबरा में कोटी रिजॉर्ट, मशोबरा के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से शुरू होने वाले इस साक्षात्कार में 19 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। भर्ती सेल्स एग्जीक्यूटिव, फ्रंट ऑफिस एसोसिएट और चाइनीज सीडीपी के एक-एक पद के लिए की जाएगी। सेल्स एग्जीक्यूटिव के लिए स्नातक योग्यता के साथ 20 से 25 हजार रुपये मासिक वेतन, जबकि फ्रंट ऑफिस एसोसिएट और चाइनीज सीडीपी के लिए होटल मैनेजमेंट में बीएससी/डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता निर्धारित की गई है। इन दोनों पदों पर क्रमशः 14 हजार और 15 हजार रुपये मानदेय के साथ भोजन एवं आवास की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी प्रवीण नगराईक ने बताया कि इंटरव्यू में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। जिन युवाओं का पंजीकरण नहीं हुआ है, पंजीकृत पोर्टल पर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित इंटरव्यू में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के लिए 4 अगस्त तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बाल विकास परियोजना बसंतपुर के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बाल विकास परियोजना अधिकारी बसंतपुर (सुन्नी) हरीश शर्मा ने पात्र महिला अभ्यर्थियों से 4 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी की जाएगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी के अनुसार करोरी स्थित पंजोल वजीरा, पनिहाना, बझोल, फ़रीडा, मटेओग, तरौर, कटूडू, कडेची, जुब्बड़, धार, कार्यालटू, ओडडू कोट, डायला, झोलो, सेवांग, बगैन, मुंगना तथा सुन्नी-1 आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिकाओं के पद रिक्त हैं, जबकि पनेहल आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता का एक पद भरा जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है।

# शिमला जिले में केवल एक मुख्य सड़क बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला की सोमवार सुबह को जारी स्थिति रिपोर्ट के अनुसार जिले में जनजीवन सामान्य बना हुआ है। पूरे जिले में केवल एक मुख्य सड़क बंद है, जबकि सभी लिंक सड़कें यातायात के लिए खुली हैं।

**अनंत Classifieds**

## नाम परिवर्तन

**मैं, रतेश सिंह** (42 वर्ष) पुत्र श्री अजीत सिंह, निवासी गांव सालंग, डाकघर टिकरू, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी, हि.प्र., घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का सही नाम (Tanish Chandel) है, जबकि आधार कार्ड में (Tansh Chandl) गलत दर्ज है। अतः आधार कार्ड में भी सही नाम (Tanish Chandel) दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह विकास खंड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत डलाह विकास खंड दरंग जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशनें) आमंत्रित की जाति है। ये निविदाएं दिनांक 28-07-2026 तक ग्राम डलाह के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाएं आगामी बैठक को प्रातः 11 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत डलाह के पास सुरक्षित होगा इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। **शर्तें लागू। सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर व रेत खड्डु व रेत पठानकोट-प्रति फुट (लगभग 5000 क्यूबिक फीट), 2. बजरी क्रशर 10mm,20mm,40mm व बजरी खड व बजरी पठानकोट-प्रति फुट (लगभग 5000 क्यूबिक फीट), 3. सोलिंग / बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन)- प्रति पत्थर (लगभग 1000), 5. ईंट मिट्टी के भठे की-प्रति 1000 (लगभग 5000नं.), 6. टाइल्स-प्रति पीस प्रति साईज, 7. JCB मशीन द्वारा मिट्टी कटान व ब्रेकर- प्रति घन मीटर (हार्ड/सॉफ्ट रॉक) प्रति घंटा (लगभग 1000 क्युविक मीटर), 8. सामग्री ढूलान (सीमेंट पधर से पंचायत घर डलाह तथा पंचायत घर से कार्य स्थल तक उतराई चढाई सहित) ट्रेक्टर / जीप / अन्य वाहन द्वारा-प्रति किलोमीटर /प्रति फेरा/प्रति बैग, 9. शटरिंग लोहा व लकड़ी-प्रति फुट, 10. लकड़ी व एल्युमीनियम फिटिंग्स व डोर विंडो-आईटम वार/प्रति घनफुट, 11. प्लाई बोर्ड शीटे/OTHER फैंसी सीलिंग / पैलींग SHEETS - आईम वार/साईज वार, 12. कलर कोटेड रूफ शीट्स आदि व सीलिंग शीट्स-प्रति शीट साईज वार,13. RCC क्लवर्ट PIPE - साईज वार, 14. FURNITURE ITEMS (TABLE&CHAIRS, सोफा सेट्टी, मैट, लेक्चर स्टैंड, इत्यादि सभी फर्नीचर वस्तुएं)- प्रति आईटम पूर्ण विवरण सहित, 15. वेल्डिंग वर्कस- प्रति किलो/क्विंटल, 16. मिक्सर मशीन-प्रति दिन/प्रति घंटा, 17. पेंटर-प्रति दिन/प्रति वर्ग फुट, 18. साइन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग-साईज बार/अन्य, 19. इलैक्ट्रिकल फिटिंग सामग्री व लेवर-आईम बार प्रति प्वाईंट, 20. गैस हीटर-साईज वार, कंपनी नाम सहित, 21. वाटर डिस्पेंसर तथा वाटर कूलर-आईटम वार, 22. बैंच लोहा- आइटम वार, 23. डस्टविन प्लासटिक व अन्य- आइटम वार। **नियम व शर्तें :** 1 निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण, TIN NO / CST / GST NO..होना आवश्यक है। 2 रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगे M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर रायल्टी जमा करनी होगी। 3 निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए OVERWRITIUNG होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। 4 सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5 रेत, बजरी, पत्थर, ईटो इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सडक है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पुरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6 अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनिकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7 अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत रद्द करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओ के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने. सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9 सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10 नोट रेत बजरी की कुटेशन जिस भी फर्म की स्वीकृत होगी उन्हें मु0 50000.00 रु0 की धरोहर राशी ग्राम पंचायत डलाह के पास जमा करनी होगी उसे निधि खाते में सुरक्षित रखा जाएगा जेसे ही 31.03.2027 को टेंडर समाप्त होता है तो उस फर्म को वापिस कर दिया जाएगा यदि फर्म द्वारा किसी भी प्रकार की गडवडी होती है तो उक्त राशि समाप्त मानी जाएगी।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह विकास खंड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**ग्राम पंचायत पटड़ीघाट**
**विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि0प्र0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 26-07-2026 को 12 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं दिनांक 27-07-2026 को पंचायत कार्यालय में गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है।

सामग्री का विवरण:-
बजरी प्रति घन मीटर, रेत प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति रनिंग मीटर/ स्क्वेयर मीटर, बोर्ड प्रति बोर्ड, बोल्डर प्रति घन मीटर, इंट प्रति इंट, L&T, JCB मशीन प्रति घण्टा, JCB मशीन प्रति घण्टा, सीमेंट ढुलाई प्रति बैग।

नियम व शर्तें:-
निविदादाता के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है व चालू हालत में होने चाहिए। सप्लायर के पास अपना GST NO/TIN No व गाड़ी के सभी कागज सप्लायर के नाम होने चाहिए। सप्लायर को मु0 20,000/- रू0 की अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। यदि सप्लायर समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी।

सामग्री की दर बराबर होने की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत का होगा। उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी। अंतिम निर्णय पंचायत का होगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पटड़ीघाट
विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि0प्र0

**कार्यालय ग्राम पंचायत जाबली, कसौली गडखल, कोटला**
**विकास खंड धर्मपुर, जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त जीएसटी एवं डबल्यू/एक्स फार्म के लिये अधिकृत/ वैध निर्माण सामग्री विक्रेता को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि ग्राम पंचायत जाबली व ग्राम पंचायत कसौली गडखल व ग्राम पंचायत कोटला वितीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निर्माण हेतु सामग्री खरीद व ढलवान के लिये प्रत्येक पंचायत हेतु पृथक निविदाए आमंत्रित की जानी है,सामग्री की सप्लाई पंचायत के सभी ग्रामों में दी जानी है,जहाँ तक गाड़ी जाती है, अतः इच्छुक निविदादाता उपरोक्त पंचायत को अपनी पृथक कुटेशने भेज सकतें है,निर्माण सामग्री की सूचना निम्न प्रकार से है। 1.रेत खान का बारीक, मध्यम व मोटा ,क्रशर रेत (प्रति फुट)2.बजरी/रोड़ी क्रशर 10-15-20-40mm (प्रति फुट )3.गटका 4.बोल्डर सोलिंग (प्रति फुट) 5.ड्रेसिंग व पत्थर टूटा हुआ(प्रति पीस)/पत्थर तुड़ान प्रति पीस व लोकल खरीद 6.शेटरिंग प्रति sqft/m/प्रति दिन 7.जेसीबी मशीन soft,hard cutting (प्रति घण्टा) 8.ईट 1st,2nd class (प्रति पीस) 9. Dirty/रेन water drain हेतु plastic pipe 3 to 6 inch,व PVC फिटिंग-प्रति cft 10. Drinking water GI/PVC पाइप½-4 इंच, हर क्वालिटी की व फिटिंग मटेरियल 10. इन्टर लोक टाइल 40-60-80 mm,लबाई चौड़ाई ग्रेड सहित(ISI मार्क होना अनिवार्य है),other tiles फर्श/दिवार ,चक्का मार्वल etc.14.सरिया 8 से 18mm,एंगल-चैनल iron, sheet/चादरें ,शटरिंग लोहे की व लकड़ी की इत्यादि.11. wooden,iron/aluminium Door,window etc.12.पुल्ली/पाइप 13.ढुलान सीमेंट प्रति बैग धर्मपुर-कानो से प्रत्येक वार्ड ग्राम पंचायत तक 14.स्टील फेब्रिकेशन/वेल्डिंग work के कार्य (प्रति किलोग्राम/cft,Painting & writing Public information Board, Salogan etc 15.रिपेयर सोलर लाइट व यूनिट सोलर LED सिस्टम चेंज 16.फलदार व अन्य पौधे-प्रति पौधा 17.सीमेंट ढुलान प्रति बैग कानों धर्मपुर सपाथु रोड से पंचायत घर तक 18. अन्य निर्माण सामग्री जो भी निर्माण कार्य में प्रयोग की जाती है। उपरोक्त लिखित सामग्री की निविदाए सामग्री कंपनी का नाम एवं पूर्ण विवरण एवं मानक दर सहित कार्यालय ग्राम पंचायत जाबली (गाँव डा0 जाबली,तहसील कसौली जिला सोलन पिन-173209) व कार्यालय ग्राम पंचायत कसौली गडखल (1श्वश गडखल,तहसील-कसौली,जिला-सोलन, पिन-173201) मे दिनांक 28-07-2026,तक सांय 4-00 बजे व कार्यालय ग्राम पंचायत कोटला (गाँव कोटला डा0 धर्मपुर,तहसील-कसौली,जिला-सोलन, पिन-173229) में दिनांक 30-07-2026 तक पंजीकृत डाक या स्वयं के माध्यम से पहुँच जानी चाहिए, इसके बाद कोई भी निविदा नहीं ली जाएगी। प्राप्त निविदाए कार्यालय ग्राम पंचायत जाबली में दिनांक 28-07-2026, ग्राम पंचायत कसौली गडखल में दिनांक 29-07-2026 तथा ग्राम पंचायत कोटला में दिनांक 31 -07-2026 को को कमेठी के समक्ष तथा कुटेशनदाता या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थित अथवा अनुपस्थिति में पूर्वाहन 11:30 से दिन में 2:00 बजे के बीच में खोल दी जाएगी व तुलनात्मक सूची तैयार कर न्यूनतम दर वाले सफल निविदा दाता को सामग्री हेतु सप्लाई आर्डर अधिकृति बारे आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति उपरांत आदेश पारित होंगे। शर्ते- 1. निविदाएं बन्द लिफाफे मे सील बन्द होनी चाहिए तथा कुटेशन दाता का पता व मोबाइल न0 व कुटेशन सामग्री का संक्षेप विवरण(सामग्री का नाम)पत्र के बाहर लिखा होना चाहिये तथा सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का नजदीकी रिश्तेदार नहीं होना चाहिए) 2. निविदादाता का जीएसटी no संबन्धित सामग्री का होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की छायाप्रति स्वयं हस्ताक्षर करके लगानी होगी 1.जीएसटी नंबर, , वोटर कार्ड, पैन कार्ड। सफल निविदादाता को संबन्धित मैटीरियल का वैध w & x सप्लीमेंट्री फार्म देना अनिवार्य है। 3.ग्राम पंचायत के समस्तक्षेत्र अधिकार मे एक ही मुल्य देय होगा 4. दरों का उल्लेख करते समय जीएसटी INCLUDE एंड EXCLUDE करना भी आवश्यक होगा। 5.यह कि मनरेगा /VB GRAM-G मद के अंतर्गत अपलोड हुए बिल का भुगतान अनिश्चित समय अवधि में होगा। 6.यह कि किसी भी कार्य की अग्रिम अदायगी नहीं होगी और सामग्री पहुंचने उपरांत कमेटी व पंचायत बैठक मे पुष्टि उपरांत व स्टॉक एवं तकनीकी पैमाइश के बाद ही बिल बुक एवं भुगतान किए जाएगे। 6. कटिंग ओवर राइटिंग व् आशिक कटाई वाली निविदा मान्य नहीं होंगी। 8. अस्वीकृत /रद्द निविदाओं की सूचना निविदा कर्ता को नहीं दी जाएगी। 9. यह कि सप्लाई आदेश देने के 24 घंटे के अंदर सप्लाई पूर्ण करनी होगी। 10.निविदादाता को सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने तथा यदि सामग्री आपूर्ति समय पर नहीं होती है या बिल के अनुसार कम मात्रा में पाई जाती है या मिटीरियल की गुणवता तकनीकी कारणो से अस्वीकृत होने की परिस्थिति में निविदा को किसी भी रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा 11. सरकार के वर्तमान या भविष्य में जारी आदेशों का तथा सफल निविदा दाता द्वारा सामग्री की आपूर्ति समय पर न देने पर समान दरों पर किसी भी अन्य सप्लायर से निर्माण सामग्री आपूर्ति तथा वित नियम हिमाचल प्रदेश पंचायती राज सामग्री आपूर्ति (मु 0 50000/- से कम खरीद प्रत्येक कार्य के लिये सीधे मार्किट से कुटेशन अनुसार खरीद ) शर्त लागू रह सकती है। 12. निविदा खोलने की तारीख को पंचायत बिना सूचना दिये बड़ा सकती है। 13. सफल निविदादाता को सामग्री के m फार्म देने अनिवार्य है ,अन्यथा नियमानुसार सरकारी मापदंडो के आधार पर रवायल्टी काट कर अदायगी की जाएगी तथा नियमानुसार TDS भी काटा जाएगा। निविदा दर मू0 2500/- रूपये रखी गई है,सफल निविदादाता धारक को बतौर धरोहर राशि मु. 20000/- पंचायत निधि मे जमा करवाने होंगे तथा पंचायत के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित करना होगा ,जिसमे सम्बन्धित पंचायत द्वारा शर्ते तय होंगी।

*कार्यालय ग्राम पंचायत जाबली, कसौली गडखल, कोटला*
*विकास खंड धर्मपुर, जिला सोलन (हि.प्र.)*

**कार्यालय ग्राम पंचायत आम्बल (ठेहड़ू)**
**तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

विषय ग्राम पंचायत आम्बल के अन्तर्गत वर्ष 2026-2027 के विकास कार्यों को करने के सन्दर्भ में निविदाएं प्राप्त करने बारे। प्रधान ग्राम पंचायत के प्रस्ताव रखा और समस्त सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया कि वर्ष 2026-2027 के अन्तर्गत विभिन्न विभिन्न मदों व मनरेगा बी.बी. राम जी. के विकास कार्यों को करवाने हेतू कोटेशने (निविदाएं) आमंत्रित की जानी आवश्यक हैं तथा कोटेशनर के पास जी0 एस0 टी नंबर होना अनिवार्य है। कोटशनें दिनांक 25-07-2026 को समय 3.00 बजे डाक द्वारा/अन्य किसी माध्यम से सीलबंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत आम्बल में पहुंच जानी चाहिए निविदाएं दिनांक 27-07-2026 को समय 11.00 बजे पंचायत कार्यालय में कमेटी द्वारा खोली जाएंगी। **साम्रगी सामग्री का विवरण निम्न लिखित है।** 1. रेत बजरी पत्थर क्रशर (एम फार्म सहित)-प्रति घनमीटर 2. ईंट पक्की ए.बी.सी ग्रेड-प्रति ईंट 3. ढुलाई सीमें सिविल सप्लाई फतेहपुर से ग्राम पंचायत स्थल तक लोडिंग व अनलोडिंग सहित-प्रति बैग, 4. शटरिंग लोहे व लकड़ी की - प्रति वर्ग मीटर 5. पीवीसी पाईप-प्रति पीस 6. पानी की टैंक-प्रति टैंक 7. मिक्चर मशीन-प्रति दिन 8. साईन बोर्ड लिखाई सहित-प्रति बोर्ड 9. बोर्ड लिखाई-प्रति बोर्ड 10. जेसीबी मशीन-प्रति घंटा अन्य वस्तुएं 11. विभिन्न प्रकार के पौधे-प्रति पौधे की दर से 12. बैंच सीमेंट प्रति बैंच की दर से यदि मैटिरियल के साथ एम फार्म जमा नहीं करवाया जाता है तो उस स्थिति में पंचायत द्वारा रॉयल्टी काट कर ही अदायगी की जाएगी 13. ईटरलॉक्स टाईल/पेवर टाईल-प्रति टाईल। **नोटः-** मैटीरियल की सप्लाई कार्य की प्रकृति को मद्देनजर रखते हुए प्राकलन के अनुसार/कनिष्ठ अभियंता द्वारा तैयार किए गए प्राकलन के अनुसार ही क्रशर/स्थानीय सामग्री क्रय की जाएगी निर्माण सामग्री बिल/लेबर की अदायगी टी.ए./जेई की मंजूरी/ मूल्यांकन के बाद ही होगी। कोटेशनर के पास जी.एस.टी. नंबर होना आवश्यक है। तथा साथ में जी.एस.टी. की प्रति संलग्न करें। निविदाएं निविदाकर्ता/कुटेशन देने वाले फर्म के व्यक्ति ग्राम पंचायत के नाम 50000/- रुपए का बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर नं. निविदा के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर कुटेशन/निविदा रद्द कर दी जाएगी। फर्म उपरोक्त यदि कोई व्यक्ति/फर्म उपरोक्त शर्तों के अनुसार खरी उतरती है तो ही उसकी कुटेशन/निविदा मान्य होगी। पंचायत पदाधिकारियों/ कर्मचारियों के परिवार संबंधित निविदाएं मान्य नहीं होंगी। यदि सप्लायर द्वारा समय-समय पर बढ़ियार समाग्री विकास कार्यों हेतु नहीं दी जाती है तथा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो ग्राम पंचायत के पास बैंडर को बिना सूचित किए निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। दर समान होने पर अंतिम निर्णय कमेटी/ग्राम पंचायत का होगा। अतः ग्राम पंचायत सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करती है और कुटेशन (निविदा) सरकार व विभाग के मापदंडो (नियम व शर्त) अनुसार न्यूनतम दरों के आधार पर कुटेशन (सप्लायर) चयनित करने के संदर्भ में कुटेशन आमंत्रित करने व प्राप्त करने बारे लिखिती है।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत आम्बल (ठेहड़ू)**
**तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दरीणी**
**विकास खंड रैत, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दरीणी द्वारा आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास कार्यों हेतु निर्माण सामग्री और लेबर रेट के लिए इच्छुक फर्मों आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं। यह कोटेशन / मनरेगा (MNREGA), 15वां वित्त आयोग (15th FC), स्वच्छ भारत मिशन (SBM-G), RGSA एवं अन्य विभागीय मदों के अंतर्गत होने वाले कार्यों हेतु मान्य होंगी। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार से है:-** 1. रेत क्रशर- प्रति फुट, 2. बजरी क्रशर-प्रति फुट, 3. रेत एवं बजरी (लोकल)- प्रति फुट, 4. पत्थर खाडू एवं पत्थर फाड़ा-प्रति नग, 5. ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी (1st & 2nd Class)- प्रति नग, 6. बोल्डर-प्रति फुट, 7. शटरिंग (स्लैब / स्टील / लकड़ी)-प्रति वर्ग फुट/रनिंग मीटर, 8. ट्रैक्टर किराया खड्ड से कार्य स्थल तक-प्रति फेरा, 9. ट्रैक्टर किराया सड़क से कार्य स्थल तक-प्रति फेरा, 10. लिखाई बोर्ड एवं बोर्ड लिखाई (फोटो सहित) अन्य मद / सामान्य (साइन बोर्ड)- प्रति नग/वर्गफुट, 11. ढुलाई रेत बजरी खच्चर से (क्रशर)-प्रति फुट, 12. ढुलाई सीमेंट खच्चर से-प्रति बैग, 13. ढुलाई ईट खच्चर से-प्रति ईट, 14. ढुलाई सीमेंट HPSCS पुहाड़ा से पंचायत तक) With Loading/Unloading)-प्रति बैग, 15. स्टील (सरिया) 8mm/10mm/1 2mm/ 16mm/20mm-प्रति किलोग्राम, 16. बेंच संधारण 4 फीट, 5 फीट, 6 फीट (इन्स्टालेशन व लिखाई सहित)-प्रति बैंच, 17. पानी की टंकी (स्टील / प्लास्टिक) 1000/2000 लीटर (संधारण व इन्स्टालेशन सहित)-प्रति टंकी, 18. जेसीबी (JCB) कार्य प्रति घंटा-प्रति घंटा, 19. फलदार व अन्य पौधे-प्रति पौधा, 20. टाइल फ्लोर व दीवार 2' ×2', 1'×1', 1' ×1.5' (इंटरलोक टाइल्स के अलावा)-प्रति फुट, 21. पार्क एवं जिम आइटम संधारण सहित (आदि झूला)- प्रति नग, 22. सेनेटरी पैड डिस्पेंसर एवं डिस्पोजल मशीन इन्स्टालेशन सहित- प्रति नग, 23. Water Dispenser 20/40/60 लीटर इन्स्टालेशन सहित-प्रति नग, 24. Inverter Single/Double Battery, Trolley इन्स्टालेशन सहित- प्रति नग, 25. Fire Bricks / कंक्रीट ब्लॉक 4 ', 6 ', 8 '- प्रति नग। **मुख्य नियम व शर्तें- (जो पहले निर्धारित की गई थीं)** 1. जमा करने की तिथिः सभी कोटेशन 06.08.2026 सुबह 11:00 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालयों तक पहुँच जानी चाहिए। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। 2. आवेदन का माध्यम एवं लिफाफाः निविदा केवल पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही भेजें। व्यक्तिगत आवेदन मान्य नहीं होगा। लिफाफे पर संबंधित ग्राम पंचायत का नाम और 'वर्ष 2026-27 हेतु कोटेशन' स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य है। 3. GST एवं बिलिंगः वेंडर के पास वैध GST नंबर होना अनिवार्य है। बिल में HSN कोड, GST स्लैब रेट और GST राशि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। साथ ही निविदा के साथ पिछले 3 वर्षो की GST रिटर्न की कॉपी संलग्न करें। 4. बिल एवं M-फार्म- निर्माण सामग्री कार्य स्थल (Work Site) पर पहुँचाने के साथ ही बिल और M-फॉर्म देना अनिवार्य होगा। M-फॉर्म न देने की स्थिति में रॉयल्टी (Royalty) वेंडर को स्वयं अदा करनी होगी। 5. आपूर्ति एवं आदेशः पंचायत सचिव द्वारा सप्लाई ऑर्डर मिलने के 7 दिनों के भीतर सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी। विना आधिकारिक सप्लाई ऑर्डर के यदि किसी भी पंचायत सदस्य के कहने पर सामग्री की आपूर्ति की गई, तो उस बिल की अदायगी की जिम्मेदारी सचिव की नहीं होगी। 6. शपथ पत्र (Affidavit): सफल निविदादाता को सरकारविभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर एक शपथ पत्र (Affidavit) देना होगा, जिसमें समय पर आपूर्ति और अन्य विभागीय शर्तों को मानने की सहमति होगी। 7. खोलने की प्रक्रिया सुबह 11:00 बजेः (निविदाएं गठित कमेटी के सामने (अनिवार्य रूप से शामिल होंगे जिसमें तकनीकी सहायक) निम्नलिखित तिथियों पर खोली जाएंगीः ग्राम पंचायत दरीणीः 06.08.2026 (सुबह 11:00 बजे)

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत दरीणी**
**विकास खंड रैत, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पंजोह**
**विकास खंड चंबा, जिला चंबा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पंजोह विकास खण्ड चंबा जिला चंबा हिमाचल प्रदेश वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा VB-GRAM-G तथा अन्य समस्त मदों के अंतर्गत निष्पादित करवाए जा रहे विकास कार्यों की सामग्री क्रय हेतु निविदाएं/कटेशनें हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम नियम एवं MGNREGA/VB-G-RAM-G Operational Guidelines के अन्तर्गत आमंत्रित करती है। अतः फर्मों/विक्रेताओं से अनुरोध है कि निम्नलिखित सामग्री अनुसार अपनी निविदाएं कटेशनें बन्द लिफाफे में भरकर दिनांक 03/07/2026 से दिनांक 20/07/2026 समय 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत पंजोह में जमा करवाएं। जो कि दिनांक 07/08/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत पंजोह में प्रातः 11.00 बजे कमेटी के सम्मुख खोली जाएगी निर्धारित तिथि समय के पश्चात प्राप्त होने बाली निविदा/कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। **शर्तें निम्न प्रकार से होंगी** - 1.फर्म/विक्रेताओं का GST नम्बर होना अनिवार्य है। GST no. की कमेटी द्वारा ऑनलाइन जांच की जाएगी यदि GST नं अवैध पाया जाता है तो कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। 2. Over writing/Cutting वाली निविदा/कुटेशन मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री कार्य FOR ली जाएगी तथा समय पर उपलब्ध न करवाने की दशा में निविदा/कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। 4. तकनीकी कर्मियों पास सामग्री की जांच व मुल्यांकन (MB) उपरान्त ही अदायगी की जाएगी। 5. निविदा/कुटेशन धारक द्वारा पत्थर बजरी रेत इत्यादि सामग्री का W, X/ एम फार्म बिल के साथ जमा करवाना होगा यदि व्यक्ति फर्म द्वारा W.X/एम फार्म बिल के साथ जमा नहीं करवाया जाता है तो उस दशा बिल की अदायगी नहीं की जाएगी जिसके लिए सम्बंधित व्यक्ति/फर्म स्वयं जिम्मेवार होगी। 6. निविदाकर्ता को नियमानुसार TDS भी जमा करवाना होगा। 7. समस्त ओपचारिक्ताएं पूर्ण करने वाली फर्मों को सरकारी दरों (Rate Authorize by HPSR 2009, 2020 and Market rate) पर सामग्री देने हेतु Negotiation उपरांत बार्ड बार प्रत्येक बार्ड में 3 फर्मो को Penal list कर दिया जाएगा। 8. विक्रेताओं की एक ही सामग्री की दरें सामान होने की स्थिति में आपूर्ति same rate पर ग्राम पंचायत की सहमति अनुसार दोनों विक्रेताओं से ली जाएगी। 9. निविदा/कुटेशन के साथ PAN/TAN/GST नम्बर व आधार कार्ड पहचान पत्र की छायाप्रति देनी होगी। 10. कोई भी GST धारक व्यक्ति फर्म का मालिक बी पी एल सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। 11. निविदाकर्ता/ कुटेशन देने वाला व्यक्ति/फर्म हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 की धारा 122 (1) व 151 के प्रावधान अनुसार वर्णित प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ के अन्तर्गत परिवार की परिभाषा के तहत पंचायत पदाधिकारी (वार्ड सदस्य, प्रधान, उपप्रधान पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य) कर्मचारी का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रिश्तेदार व सगा सम्बन्धी नहीं होना चाहिए। 12. पंचायत पदाधिकारी स्वयं भी कोई कुटेशन निविदा प्रस्तुत नहीं करेगा। 13. निविदाकर्ता/कुटेशन देने वाले व्यक्ति/फर्म को ग्राम पंचायत के नाम मु-50000/- (पचास हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट / FDR जो ग्राम पंचायत के नाम pledge हो, जमा करवानी होगी तथा उसका प्रमाण भी कुटेशन / निविदा के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा ऐसा न करने पर कुटेशन /निविदा रद्द कर दी जाएगी। सामग्री की समयवद्ध आपूर्ति न करने या घटिया सामग्री की आपूर्ति करने की दशा में इस प्रकार की जमानत राशि जब्त हो जाएगी। 14. कुटेशन /निविदा का फॉर्म कार्यालय ग्राम पंचायत पंजोह से मु 500 (पांच सौ) रूपये जमा करवा कर के प्राप्त किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत द्वारा जारी कुटेशन /निविदा फॉर्म पर ही कुटेशन मान्य होगी। जिसमे सभी मापदंड व अन्य शर्तें निहित होंगी। यदि कोई व्यक्ति फर्म उपरोक्त शर्तों अनुसार खरा उतरता है तो ही उसकी कुटेशन /निविदा मान्य होगी। क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से हैं:-1. सरिया 8mm, 10mm, 12mm, 16mm का,-प्रति किलो, 2. ईट, PVC पाईप दो ईंच, चार ईंच, छः इंच, PVC पाइप 100 mtr रोल, PVC पाईप आधी इंच, पौनीइंच, 1 इंच सवाई इंच, डेढ, दो इंच-प्रति पीस, 3. टाईल फ्लोर 1*1 फुट, 16 ईंट, 2 फीट, 2*4 वाल टाइल 8*12, 12*18 इत्यादि-प्रति पीस, 4. शौचालय बाथरूम सामग्री-प्रति पीस, 5. रेत, बजरी खरीद with Cost and carriage-प्रति फुट, 6. पत्थर तोड़ाई, पत्थर ढुलाई-प्रति क्युविक मीटर, 7. सभी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री including Shuttering, 8. रेत, बजरी, ढुलाई-प्रति फुट, 9. सीमेंट ढुलाई with Cost एंड कैरिज and Loading/Unloading-प्रति बैग, 10. पत्थर ढुलाई-प्रति क्युम, 11. ईट, ढुलाई-प्रति ईंट, 12. कूड़ेदान प्लास्टिक / लोहा with fixing-प्रति पीस, 13. JCB/LNT/Compressor/Stone breaker- प्रति घंटा, 14. शोक पिट ड्रम-प्रति पीस, 15. दरवाजा खिड़की लकड़ी / लोहा /Aluminium with Fixing-प्रति पीस, 16. कम्पुटर/लैपटॉप/प्रिंटर, फर्नीचर, 17. क्रेट/क्रेट वाईर-प्रति क्रेट/प्रति किलो, 18. CGI शीट 63/50mm (8Feet) 63mm/50mm (10 Feet) 63mm/50mm(12 Feet Colour cotted 8feet/10 feet, 12 feet, सिलिंगशीट with Cost and Carriage-प्रति पीस, 19. ऐंगल 75mm, 65mm, 50mm, 45mm 35mm, 25mm- प्रति किलो 20. Paint, Putti etc 21. बिजली बायरिंग सामग्री।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत पंजोह विकास खंड चंबा, जिला चंबा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### आर्ट ऑफ लिविंग का आनंद अनुभूति शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा जगतसुख में आयोजित पांच दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर रविवार को संपन्न हुआ। 15 से 19 जुलाई तक चले इस शिविर में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवक प्रयाग महंत के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सुदर्शन क्रिया, योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। आर्ट ऑफ लिविंग की डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर सोनाली कपूर और शिक्षक गौरव चंदेल ने प्रतिभागियों को इन तकनीकों को नियमित जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने बताया कि शिविर से उन्हें शांति, सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव हुआ। मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में सभी स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था का उद्देश्य लोगों के जीवन में शांति, स्वास्थ्य और खुशहाली का प्रसार करना है।

### पूर्व कानूनगो व पटवारियों के पुनर्नियोजन के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क सर्किल शमशी के अंतर्गत रिक्त पदों को भरने के लिए एक सेवानिवृत्त कानूनगो और दो पटवारियों के पुनर्नियोजन हेतु आवेदन मांगे गए हैं। आवेदक की आयु 20 जुलाई, 2026 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव आवश्यक है। चयनित कानूनगो को 50 हजार और पटवारी को 40 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। पुनर्नियोजन एक वर्ष के लिए होगा, जिसे कार्य प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जुलाई, 2026 शाम 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01902-265320 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 12 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के तत्वावधान में 12 सितंबर, 2026 को जिला न्यायालय कुल्लू, मनाली तथा बंजार न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू के सचिव विशाल तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दुर्घटना दावा (मोटर दुर्घटना क्लेम), श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, भूमि संबंधी विवाद, बैंक ऋण से जुड़े मामले, वैवाहिक विवाद तथा कम राशि के चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर मोटर व्हीकल लोक अदालत का भी आयोजन होगा, जिसमें मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित चालानों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222378 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जाणा पंचायत की ग्राम सभा में विकास कार्यों पर चर्चा



**अनंत ज्ञान, मनाली।** जाणा पंचायत में आयोजित विशेष ग्राम सभा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने गांव के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर सक्रिय भागीदारी निभाई। पंचायत प्रधान लक्ष्मण सिंह ने भारी उपस्थिति और सहयोग के लिए ग्रामीणों, बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की मजबूत नींव है। ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों और सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने पंचायत सचिव, उपप्रधान, वार्ड पंचों, कर्मचारियों और महिला-युवक मंडलों के सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया।

# लापता तंजिन की तलाश तेज, आईटीबीपी पुलिस ने नदी किनारे चलाया सर्च ऑपरेशन

## विधायक अनुराधा राणा ने दिए अभियान तेज करने के निर्देश, प्रशासन ने झोंकी पूरी ताकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** स्पीति के लापता तंजिन की तलाश को लेकर प्रशासन ने खोज एवं बचाव अभियान और तेज़ कर दिया है। विधायक अनुराधा राणा के निर्देशों के बाद पुलिस प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि तंजिन का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके।

पुलिस थाना काजा से मिली जानकारी के अनुसार, समदो से सुमरा तक नदी किनारे संयुक्त खोज अभियान चलाया गया। इस अभियान में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और हिमाचल प्रदेश पुलिस के करीब 15 जवान शामिल रहे। टीमों ने नदी किनारे के संवेदनशील क्षेत्रों, दुर्गम स्थानों और संभावित इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाते हुए हर संभावित स्थान की बारीकी से जांच की। हालांकि अब तक अभियान के दौरान तन्ज़िन के संबंध में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खोज अभियान बिना रुके लगातार जारी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर अन्य क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान का दायरा बढ़ाया जाएगा और उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। इस बीच लापता 37 वर्षीय तंजिन जोकि ताबो से हैं और जलशक्ति विभाग के कार्यरत थे पिछले 2 जुलाई से लापता चल रहे हैं और अब तक उनके बारे में कोई भी सुराग नहीं मिला पाया है। तंजिन के परिजन गहरी चिंता और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। विधायक अनुराधा राणा पूरे मामले की लगातार निगरानी कर रही हैं। वह प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस से अभियान की नियमित जानकारी ले रही हैं तथा संबंधित विभागों को खोज अभियान में किसी भी प्रकार की कमी न रखने और हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दे रही हैं। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। यदि किसी भी व्यक्ति के पास तंजिन के संबंध में कोई जानकारी हो या उन्हें कहीं देखा गया हो, तो तत्काल पुलिस थाना अथवा उनके परिजनों को सूचित करें। प्रशासन का कहना है कि आपकी छोटी-सी सूचना भी खोज अभियान में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।




नदी किनारे सर्च अभियान चलाते आईटीबीपी व पुलिस के जवान। अनंत ज्ञान

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में कुल्लू में प्रदर्शन




डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

- डीसी के माध्यम से भेजा गया ज्ञापन
- सोनम की रिहाई की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में माकपा, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, सीटू, हिमाचल किसान सभा के पदाधिकारी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया और डीसी के माध्यम से भी केंद्र सरकार को एक ज्ञापन भेजा गया। वहीं ज्ञापन में मांग रखी गई कि नीट यूजी में हुए पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के साथ हो रहे अन्याय से देशवासी आक्रोशित हैं। माकपा के प्रदेश सचिव भूप सिंह भंडारी ने बताया कि नीट पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा लिया जाए और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी एनटीए को तत्काल भंग (रद्द) किया जाए।

# राज्यस्तरीय लादारचा मेले की तैयारियां तेज, काजा में प्रशासन ने बनाई रुपरेखा



बैठक के दौरान मेले के सफल आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** आगामी अगस्त माह के तीसरे सप्ताह में लादारचा मैदान काजा में आयोजित होने वाले ज़िला लाहौल स्पीति के स्पीति का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध राज्यस्तरीय लादारचा मेले की तैयारियों को लेकर आज अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा के कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम काज़ा दीक्षित राणा ने की। बैठक में मेले के आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

एसडीएम ने बताया कि मेले का शुभारंभ शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। यह शोभा यात्रा काजा गोंपा से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय होते हुए मेला ग्राउंड तक निकाला जाएगा जिसमें विभिन्न गोंपाओं के लामागण व चोमोगण, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह व स्थानीय लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। एसडीएम ने बताया कि मेले की तीनों संध्याओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे जिसके लिए प्रदेश के बाहर से भी कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय एवं प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा वॉलीबॉल, बैडमिंटन टेबल टेनिस व आर्चरी सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार धर्मपाल नेगी, एसएचओ जगदीश चंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिभी घाटी में सुरक्षा अलर्ट, होटल और होमस्टे संचालकों से सतर्क रहने की अपील

- जीभी घाटी पर्यटन विकास संघ ने संदिग्ध महिला से जुड़ी जानकारी साझा कर जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान

**बंजार।** जिला कुल्लू उपमंडल बंजार में जीभी घाटी पर्यटन विकास संघ ने हरियाणा पुलिस से प्राप्त एक आधिकारिक सुरक्षा परामर्श के आधार पर क्षेत्र के सभी होटल, होमस्टे, रेस्टोरेंट एवं पर्यटन व्यवसायियों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है।

संघ ने सभी संचालकों से कर्मचारियों की नियुक्ति और अतिथियों के सत्यापन में विशेष सतर्कता बरतने का आग्रह किया है। जारी परामर्श के अनुसार हरियाणा पुलिस को आशंका है कि एक महिला संदिग्ध हिमाचल प्रदेश के किसी होटल, रेस्टोरेंट अथवा होमस्टे में छिपी हो सकती है या कार्यरत हो सकती है। पुलिस द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार संदिग्ध का नाम अन्तरा बैराग्य है, जिसकी जन्म तिथि 3 नवंबर 2002 बताई गई है। उसकी पहचान के लिए कुछ विशेष चिन्ह भी बताए गए हैं, जिनमें दाहिने हाथ पर टैटू तथा पारदर्शी फ्रेम वाला चश्मा शामिल है।



पुलिस के अनुसार उक्त महिला पहले ऋषिकेश में कार्य कर चुकी है तथा वर्तमान में कानून से बचने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश में होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने उसे एक नाबालिग से जुड़े गंभीर आपराधिक मामले में संदिग्ध बताया है।

संघ ने सभी होटल एवं होमस्टे संचालकों से अपील की है कि यदि उक्त विवरण से मेल खाने वाला कोई व्यक्ति नौकरी के लिए संपर्क करे, ठहरने का प्रयास करे अथवा उसके संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो बिना किसी देरी के हरियाणा पुलिस को सूचित करें इसके साथ ही पर्यटन विकास संघ ने भविष्य में सभी कर्मचारियों की नियुक्ति से पहले आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट अथवा अन्य वैध पहचान पत्र का सत्यापन, पुलिस सत्यापन अथवा चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने, कर्मचारियों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखने तथा जहां संभव हो, नियुक्ति प्रक्रिया का डिजिटल रिकॉर्ड भी संधारित करने की सलाह दी है। संघ ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यटकों का विश्वास बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी पर्यटन व्यवसायी सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित पुलिस विभाग को दें।

# केडी स्टार स्कूल के स्टूडेंट्स राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में छाए

- नीट, जेईई और आईआईटी-जैम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चमकाया क्षेत्र का नाम



केडी स्टार स्कूल के चयनित विद्यार्थी शिक्षक के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के बाशिंग स्थित के डी स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष देश की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जेईई, नीट यूजी और आईआईटी-जैम 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इन शानदार उपलब्धियों ने एक बार फिर स्कूल की उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतरीन मार्गदर्शन की परंपरा को साबित कर दिया है।

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई) में स्कूल के कई होनहारों का चयन देश के नामी संस्थानों में हुआ है। इसमें पूर्वांशी का चयन गणित और कंप्यूटिंग में, शिवांश तनेजा का विद्युत अभियांत्रिकी (एनआईटी हमीरपुर) में, सोहम शर्मा का सिविल अभियांत्रिकी में, नितीश का विद्युत अभियांत्रिकी में, नितिन का रासायनिक अभियांत्रिकी में, अभय ठाकुर का इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी में तथा शिवांश नेगी का कंप्यूटर विज्ञान में हुआ है। इस ऐतिहासिक सफलता पर के डी स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन, प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने भरोसा जताया कि ये होनहार विद्यार्थी आगे चलकर भी अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से देश-दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुएंगे और समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।

### नीट-यूजी में चमकीं तेनजिन

**चिकित्सा** क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 में विद्यालय की छात्रा तेनज़िन यांगडन ने 502 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। इस सफलता के साथ ही उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में अपने सुनहरे भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा दिया है।

### राकेश ने आईआईटी-जैम में हासिल की 1084वीं रैंक

**विद्यालय** के लिए सबसे बड़ा गौरव का क्षण तब आया जब छात्र राकेश ठाकुर ने आईआईटी-जैम 2026 की परीक्षा में पूरे देश में 1084वीं रैंक हासिल की। इस शानदार रैंक की बदौलत उनका चयन देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान 'भारतीय विज्ञान संस्थान' (आईआईएससी), बेंगलुरु में रासायनिक विज्ञान में एकीकृत पीएचडी के लिए हुआ है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

# कांग्रेस सरकार युवाओं के रोजगार पर लगा रही बंदिशें: अखिलेश कपूर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स भर्ती व्यवस्था के संबंध में जारी नए नियमों को बेरोजगार युवाओं के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार देने के बजाय रोजगार के अवसरों पर ही बंदिशें लगाने में जुटी है। अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के युवाओं को पांच लाख स्थायी रोजगार देने की गारंटी दी थी, लेकिन सत्ता में आए साढ़े तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ। इसके विपरीत प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में हजारों नियमित पद रिक्त पड़े हैं और अब आउटसोर्स रोजगार के अवसरों को भी सीमित किया जा रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि नए नियमों के तहत वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति के बिना कोई भी विभाग नई आउटसोर्स सेवाएं नहीं ले सकेगा और आउटसोर्स व्यवस्था को केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों तक सीमित कर दिया गया है। इससे उन हजारों युवाओं के रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे, जो आउटसोर्स व्यवस्था के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं या रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे हैं। कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार का रवैया पूरी तरह विरोधाभासी है। एक ओर सरकार पांच लाख स्थायी रोजगार देने की अपनी चुनावी गारंटी पूरी नहीं कर पाई, वहीं दूसरी ओर अस्थायी रोजगार के अवसरों पर भी प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को तुरंत सभी विभागों में रिक्त पड़े नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। जब तक नियमित नियुक्तियां नहीं होतीं, तब तक आउटसोर्स भर्ती के अवसरों को सीमित करना पूरी तरह अनुचित और अव्यावहारिक है।



# लाहौल-स्पीति के 49 सरकारी विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण, सुविधाओं की कमी



अनंत ज्ञान

- 41 फीसदी स्कूलों में कक्षाओं की कमी

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले की विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सामाजिक अंकेक्षण के बाद काजा में जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें जिले के सरकारी विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं, शैक्षणिक योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। सामाजिक अंकेक्षण के तहत जिले के 225 सरकारी विद्यालयों में से 49 विद्यालयों का विस्तृत अध्ययन किया गया। रिपोर्ट में सामने आया कि 41 प्रतिशत विद्यालयों में पर्याप्त कक्षाओं की कमी है। 12 प्रतिशत विद्यालयों में मिड-डे मील रसोईघर उपलब्ध नहीं हैं, जबकि 39 प्रतिशत विद्यालयों में चारदीवारी का अभाव पाया गया। रिपोर्ट में कई सकारात्मक पहलू भी सामने आए। सर्वेक्षण किए गए विद्यालयों में 94 प्रतिशत शिक्षकों की उपलब्धता पाई गई। सभी पात्र विद्यार्थियों को समय पर निशुल्क पाठ्यपुस्तकें और वर्दी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। 98 प्रतिशत विद्यालयों में यूथ क्लब और ईको क्लब सक्रिय हैं। जनसुनवाई में शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालयों में सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सुझाव दिए गए। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'फिट इंडिया' कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया।

# पतलीकूहल में चलाया स्वच्छता अभियान दुकानदारों को कूड़ा प्रबंधन के निर्देश



रास्तों के किनारे उगी भांग को भी उखाड़ा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पतलीकूहल मेला ग्राउंड, कूहल और आसपास के रास्तों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा रास्तों के किनारे उगी भांग की भी कटाई की गई। इस दौरान युवक मंडल, महिला मंडल, पंचायत प्रधान हुकम चंद और वार्ड पंच पार्वती ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

अभियान के दौरान पंचायत प्रधान हुकम चंद ने स्थानीय दुकानदारों और लोगों से क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाजार में जिस भी दुकान के सामने कूड़ा पाया जाएगा, उसका चालान संबंधित दुकानदार के नाम पर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के आसपास सफाई रखें और कूड़े को निर्धारित स्थान पर ही डालें। पंचायत ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमित स्वच्छता से क्षेत्र को सुंदर और साफ रखा जा सकता है।

# आनी में व्यापारियों के लिए आयकर जागरुकता बैठक कल

**अनंत ज्ञान आनी।** व्यापार मंडल आनी के तत्वावधान में आयकर विभाग, सर्किल रामपुर बुशहर द्वारा क्षेत्र के व्यापारियों के लिए आयकर जागरूकता एवं जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 22 जुलाई बुधवार को दोपहर 2 बजे लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, आनी में आयोजित होगी। बैठक में आयकर विभाग के अधिकारी व्यापारियों को आयकर नियमों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देंगे। इस दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, टीडीएस, करदाताओं के अधिकार एवं दायित्व, डिजिटल भुगतान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही व्यापारियों की आयकर से जुड़ी शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा। व्यापार मंडल आनी के प्रधान विनोद चंदेल ने सभी व्यापारियों से बैठक में समय पर पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

**बैठक** जिभी घाटी में जिम्मेदार पर्यटन की दिशा में बड़ा कदम, तांदी ग्राम सभा में प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# तांदी ग्राम सभा में बनी जिम्मेदार पर्यटन की रणनीति

- कचरा प्रबंधन, वेंडिंग जोन पार्किंग और पुलिस चौकी की स्थापना के लिए सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**बंजार।** जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तांदी पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में सोमवार को सतत एवं समुदाय आधारित पर्यटन (कम्युनिटी बेस्ड टूरिज्म) को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। ग्राम सभा में 200 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अवसर पर क्षेत्र की बीडीसी सदस्य भूमा देवी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। ग्राम सभा के दौरान जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधि ने समुदाय आधारित पर्यटन की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन का वास्तविक लाभ तभी संभव है, जब स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलें, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान सुरक्षित बनी रहे।बैठक में जिभी घाटी में बढ़ रहे पर्यटन के प्रभावों और भविष्य की चुनौतियों पर भी गंभीर चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारियों ने जिम्मेदार एवं सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम सभा के समक्ष कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए, जिनका ग्रामीणों ने व्यापक समर्थन किया।ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण तथा अवैध पार्टी संस्कृति पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इसके साथ ही सभी होटल, होमस्टे और अन्य पर्यटन इकाइयों को संगठित ठोस अपशिष्ट (कचरा) प्रबंधन प्रणाली से जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि घाटी की स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।बैठक में वन विभाग और पंचायत के सहयोग से प्रमुख पर्यटन स्थलों पर व्यवस्थित वेंडिंग ज़ोन विकसित करने का सुझाव भी दिया गया। इसके अलावा सभी व्यावसायिक पर्यटन प्रतिष्ठानों के लिए पार्किंग व्यवस्था को अनिवार्य बनाने पर भी सहमति बनी, जिससे सड़कों पर यातायात की समस्या कम हो और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।पर्यटन गतिविधियों में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए जिभी घाटी में स्थायी पुलिस चौकी अथवा अतिरिक्त पुलिस बल की स्थापना के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने की भी मांग उठाई गई। ग्रामीणों का मानना था कि इससे कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि पर्यटन विकास ऐसा होना चाहिए, जिसमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि इन प्रस्तावों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो जिभी घाटी हिमाचल प्रदेश में जिम्मेदार, सुरक्षित और सतत पर्यटन का एक आदर्श उदाहरण बन सकती है।अंत में जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन ने ग्राम पंचायत तांदी, बीडीसी सदस्य, जनप्रतिनिधियों तथा सभी ग्रामीणों का सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन ने कहा कि जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों से ही जिभी घाटी के पर्यटन को नई दिशा दी जा सकती है तथा इसे पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय विकास के साथ आगे बढ़ाया जा सकता है।



ग्राम सभा मे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधि व ग्रामीण । अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### शमती में युवाओं ने चलाया पौधरोपण व संरक्षण अभियान, 50 से अधिक पौधे लगाए



**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर-15 एवं शमती पंचायत के युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण एवं संरक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान 50 से अधिक पौधे लगाए गए, वहीं पहले से लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर युवाओं ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर विकसित करना भी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इस दिशा में सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। अभियान में वार्ड नंबर-15 के पार्षद एवं अधिवक्ता अभिषेक ठाकुर, शमती पंचायत के प्रधान टेकचंद, उपप्रधान मनोज ठाकुर, पंचायत सचिव रामप्रकाश तथा शमती युवा मंडल के ऋषभ ठाकुर, आशिष, अखिल ठाकुर, अंकुश ठाकुर, मोहित, कुशाग्र, हैप्पी और गोलू सहित अनेक युवा एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में वार्ड-15 के पार्षद एवं अधिवक्ता अभिषेक ठाकुर ने अभियान को सफल बनाने के लिए शमती युवा मंडल, शामति पंचायत, स्थानीय नागरिकों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रथम प्रयास में नीट-यूजी 2026 पास कर सनीग्धा पुरी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उप-तहसील दाड़लाघाट की ग्राम पंचायत मांगू की बेटी सनीग्धा पुरी पुत्री राकेश पुरी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सनीग्धा की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। प्रथम प्रयास में नीट-यूजी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने यह साबित किया है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने सनीग्धा पुरी व परिवार को हार्दिक बधाई दी है।

### सोनम वांगचुक के समर्थन में निकाला शांति मार्च, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध वर्ग ने पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में सोमवार को शांति मार्च निकालकर उनका समर्थन किया। शांति मार्च शिरगुल चौक से शुरू होकर एसडीएम कार्यालय राजगढ़ तक निकाला गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में 'सोनम वांगचुक जिंदाबाद', 'युवा शक्ति जिंदाबाद' सहित विभिन्न संदेशों वाले पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण ढंग से रैली निकाली। एसडीएम कार्यालय पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम राजगढ़ के माध्यम से देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार शीघ्र सोनम वांगचुक से सकारात्मक वार्ता कर उनकी मांगों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करे। साथ ही कहा गया कि लोकतंत्र में किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संवाद और बातचीत के माध्यम से ही संभव है। शांति मार्च का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी जय प्रकाश चौहान ने कहा कि यह मार्च किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध में नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, युवाओं के भविष्य व जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहे सोनम वांगचुक के समर्थन में निकाला गया है। कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश आर्य, सुंदर सिंह ठाकुर, इंद्र पाल ठाकुर, सोहन सिंह, नरेंद्र शर्मा सहित अनेक समाजसेवी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### छह साल पुराने सड़क हादसा मामले का उद्घोषित अपराधी शिमला से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस के अनुसार पीओ सेल की टीम ने थाना राजगढ़ में वर्ष 2019 में दर्ज अभियोग संख्या 38/2019 के तहत वांछित उद्घोषित अपराधी कुशाल ठाकुर निवासी गांव कुंथल, डाकघर नेरीपुल, तहसील राजगढ़ को जिला शिमला के छेला क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था और न्यायालय ने उसे पहले ही उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह कार्रवाई जिला सिरमौर पुलिस की पीओ सेल द्वारा फरार आरोपियों की तलाश के तहत की गई है।

### संगड़ाह में 2.95 ग्राम चिट्टा बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना संगड़ाह और पुलिस चौकी हरिपूरधार की टीमों ने 18 जुलाई को गश्त के दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज किए। दोनों मामलों में कुल 2.95 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया तथा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस चौकी हरिपूरधार की टीम काल मोड़ हरिपूरधार के पास गश्त पर थी। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान चालक विजय निवासी जुब्बली, तहसील कुपवी, जिला शिमला तथा आयुष्मान निवासी बरमाणा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर से 0.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना संगड़ाह ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर और सुबाथू में नशा मुक्ति जागरूकता सत्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर और सूबाथू में नशे की बढ़ती समस्या, विशेषकर 'चिट्टा' के बढ़ते प्रचलन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद्, कुशल प्रशासक एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) अधिकारी अल्पा मलिक शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।वर्तमान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोलंकी प्रधानाचार्या के रूप में कार्यरत शर्मा ने शिक्षा एवं युवा विकास के क्षेत्र में अपने लगभग तीन दशकों के समृद्ध अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। अपने व्यापक शैक्षणिक अनुभव तथा एनसीसी में विशिष्ट सेवाओं के आधार पर उन्होंने विद्यार्थियों को अत्यंत प्रभावशाली, संवेदनशील एवं प्रेरणादायक ढंग से संबोधित किया।अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अक्सर साधारण प्रतीत होने वाली जिज्ञासा भी युवाओं को नशे की लत जैसी गंभीर समस्या की ओर ले जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवेश, संगति और निर्णयों के प्रति सदैव सतर्क एवं सजग रहने का आह्वान किया।

### सोलन में 'सभ्य रिफॉरेस्टर्स' ने जगाई पर्यावरण चेतना, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से 'सभ्य रिफॉरेस्टर्स' द्वारा नगर निगम सभागार, सोलन में स्कूली विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग एवं पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर सुषमा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और बच्चों में इसके प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए ऐसे रचनात्मक आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने 'सभ्य रिफॉरेस्टर्स' की इस पहल की सराहना करते हुए टीम को बधाई दी। पेंटिंग प्रतियोगिता के सब-जूनियर वर्ग में ज़ेफ़िरा अरोड़ा ने पहला, आराध्या शर्मा ने दूसरा तथा अयांश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में क्षिर्जा बंसल प्रथम, आहना वर्मा द्वितीय और त्रिशा कश्यप तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग में पायल ने पहला, नाओमी ने दूसरा और वंशिका ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## अर्की अस्पताल में नेत्र सेवाएं ठप : आंखों के इलाज को अर्की से सोलन-शिमला दौड़ रहे मरीज

# ढाई माह से आई स्पेशलिस्ट गायब; 3 साल से नहीं ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट, क्षेत्रवासियों में बढ़ा आक्रोश

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की उपमंडल मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ (आई स्पेशलिस्ट) का पद पिछले करीब ढाई माह से और ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट का पद लगभग तीन वर्षों से रिक्त होने के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर आवश्यकता अनुसार उन्हें जिला अस्पताल सोलन में ऑपरेशन के लिए रेफर करते थे। विशेषज्ञ की उपलब्धता से मरीजों को समय पर परामर्श और प्राथमिक उपचार मिल जाता था।




अस्पताल में रिक्त पड़े नेत्र रोग विशेषज्ञ और ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट के पदों के संबंध में विभाग को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। इन पदों पर नियुक्ति का निर्णय विभागीय स्तर पर लिया जाएगा।

**डॉ. मुक्ता रस्तोगी**
**बीएमओ, अर्की**

लेकिन पद रिक्त होने के बाद अब आंखों से संबंधित जांच और उपचार के लिए मरीजों को सोलन या शिमला जाना पड़ रहा है।

स्थिति को और गंभीर बनाता है कि अस्पताल में ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट का पद भी पिछले तीन वर्षों से खाली है। इसके कारण चश्मे का नंबर जांचने जैसी सामान्य सुविधा भी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। मजबूरन मरीजों को निजी क्लीनिकों या अन्य सरकारी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बदलती जीवनशैली, डिजिटल शिक्षा व मोबाइल के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक आंखों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में नागरिक अस्पताल में नेत्र संबंधी मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंता का विषय है। लोगों ने स्थानीय विधायक से मुख्यमंत्री के समक्ष मामला उठाकर अस्पताल में जल्द नेत्र रोग विशेषज्ञ व ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## शिलाई की 17 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला

# पांच आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जिले के शिल्लाई क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से बहला-फुसलाकर उत्तराखंड के हरबर्टपुर ले जाने के आरोप में पांच युवकों

◆ **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, किशोरी और परिजनों के बयानों के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई**

को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है और इससे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार संबंधित युवक शिल्लाई में एक मकान पर मिस्त्री का कार्य कर रहे थे। बताया जा रहा है कि उसी मकान में किशोरी अपनी दादी के साथ रहती थी। आरोप है कि युवक किशोरी को अपने साथ उत्तराखंड के हरबर्टपुर की ओर ले जा रहे थे। वायरल वीडियो में युवकों को बाजार से पैदल ले जाते हुए भी देखा गया था।

सोशल मीडिया पर युवकों के नाम आसिफ, शानू, महबूब और मतलूब सहित अन्य एक युवक के बताए जा रहे हैं। हालांकि इन नामों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से भी की गई है। फिलहाल पुलिस ने मामले को अपने संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के बयान, परिजनों के बयान तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 140 ग्रामीणों की मौजूदगी में धरोगड़ा ग्राम सभा संपन्न, पंचायत विकास कार्यों पर चर्चा



अनंत ज्ञान

**शिमला/सोलन।** शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरोगड़ा में ग्राम सभा की बैठक पंचायत प्रधान पुष्पा ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपप्रधान केवल राज वर्मा, बीडीसी सदस्य सरस्वती, वार्ड सदस्य राज कुमार, कांता, कल्पना, जमनी, ईश्वर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम सभा में कुल 140 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसके साथ बैठक का आवश्यक कोरम पूरा हुआ। बैठक में पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों, ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) व केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के संबंध में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम सभा में आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर चर्चा की गई।

ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, स्वच्छता और अन्य स्थानीय समस्याओं को बैठक में उठाया। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रधान पुष्पा ठाकुर ने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की महत्वपूर्ण इकाई है और पंचायत के विकास में लोगों की भागीदारी जरूरी है।

## चूड़धार यात्रियों को राहत, नौहराधार-चाबधार सड़क को मिली हरी झंडी

# 4 साल बाद पास हुई नौहराधार–चूड़धार सड़क, अब चाबधार तक यात्रा आसान

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल के प्रमुख आस्था स्थल चूड़धार के आधे रास्ते चाबधार तक जाने वाले 8 किलोमीटर नौहराधार–चूड़धार सड़क का एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ की अध्यक्षता वाली कमेटी द्वारा पासिंग की गई। इस सड़क के होने पर अब यहां अधिशासी अभियंता संगड़ाह द्वारा लगाया गया। यातायात प्रतिबंधित होने संबंधी बोर्ड भी हटाया जा चुका है। सड़क पास न होने के बावजूद पिछले 4 साल की तरह यहां वाहनों की आवाजाही जारी रही। सड़क मार्ग खुलने से यात्रियों को तीर्थ स्थल पहुंचने में आसानी होगी। सड़क खुलने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।




सड़क का मुआयना करने मौके पर पहुंचे अधिकारी। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन 200 से ज्यादा गाड़ियां इस मार्ग पर चल रही थी तथा इस साल शिकायत के बाद कुछ दिन पुलिस ने गाड़ियां रोकी भी थी। पूर्व प्रदेश सरकार के कार्यकाल में करीब साढ़े 8 करोड़ का बजट मिलने पर बनी इस 8 किलोमीटर सड़क पर एक स्थानीय निजी बस ऑपरेटर द्वारा नियमित रूप से चलाई गई। बस को शिकायत के बाद आरटीओ नाहन द्वारा बंद करवाए जाने के बाद यह रोड मीडिया व सोशल मीडिया पर चर्चा में आया। लोग इस सड़क को जल्द पास करवाने की भी मांग रहे थे, ताकि चाबधार के ग्रामीणों को उचित किराए पर बस सुविधा उपलब्ध हो सके। इस सड़क के बनने के बाद पैदल यात्रा आधी अथवा आठ किलोमीटर के करीब रह जाने से बुजुर्ग व बच्चे भी चूड़धार की यात्रा कर पा रहे हैं। चाबधार के ग्रामीणों ने पूर्व प्रदेश सरकार के कार्यकाल में 7 से 10 अक्टूबर, 2018 को इस सड़क की मांग को लेकर अपने गांव से शिमला तक की पैदल यात्रा की थी और फिर मुख्यमंत्री से मिले थे।

आज सड़क की पासिंग सड़क फिटनेस कमेटी द्वारा की जा चुकी है। एसडीएम संगड़ाह की अध्यक्षता वाली इस कमेटी द्वारा आज ही करीब 5 करोड़ की लागत से बने पौने 6 किलोमीटर चाड़ना-गुद्दगधार रोड को भी पास किया जा चुका है।

**खजान सिंह, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग संगड़ाह**

## हितों की रक्षा, समस्याओं के समाधान को बनी नई कमेटी

# अर्की के ऑपरेटरों को मिली नई ताकत 10 वार्डों में होगा संगठन का विस्तार

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** द मांगल लैंड लूजर प्रभावित परिवहन सहकारी सभा के अर्की घटक की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अर्की क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से जुड़े ट्रक ऑपरेटरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, ट्रक ऑपरेटरों के हितों की रक्षा करने तथा भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान सर्वसम्मति से 30 सदस्यीय अर्की घटक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी का मुख्य उद्देश्य ट्रक ऑपरेटरों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना, उनके हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करना रहेगा। बैठक में रमेश ठाकुर को कमेटी का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। रमेश ठाकुर ने बताया कि अर्की घटक के नामित चार सदस्यों के मार्गदर्शन में क्षेत्र के सभी ट्रक ऑपरेटरों को 10 वार्डों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड से प्रतिनिधि नियुक्त किए जाएंगे, जो ऑपरेटरों की समस्याओं को एकत्रित कर कमेटी तक पहुंचाएंगे, ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि नवगठित 30 सदस्यीय अल्ट्राटेक अर्की ट्रांसपोर्ट कमेटी संगठन को मजबूत बनाने और ट्रक ऑपरेटरों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। नई गाड़ियों को कार्य में शामिल करने, रिप्लेसमेंट, कार्य आवंटन, डिमांड से जुड़े मामलों तथा ऑपरेटरों के साथ होने वाली अनियमितताओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। बैठक में सुरेंद्र, हेमचंद, संजय ठाकुर, संजीव शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों के अनेक ट्रक ऑपरेटर उपस्थित रहे।

### मंदिर न्यास त्रिलोकपुर की बैठक, विधायक अजय सोलंकी रहे उपस्थित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर एवं आयुक्त मन्दिर न्यास त्रिलोकपुर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में मन्दिर न्यास की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक नाहन अजय सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में वित वर्ष 2026–27 का 23 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट अनुमोदित किया गया, जिससे मंदिर न्यास द्वारा विकासात्मक, निर्माण तथा धर्मार्थ कार्य किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि मंदिर में न्यास द्वारा नगदी गणना हेतु विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर दी गई है जिसके अनुसार सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार तथा शुक्रवार को नगदी गणना नियमों के अनुसार पारदर्शिता के साथ की जाएगी। उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा वित्तीय आय–व्यय का समय–समय पर आडिट भी किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही मन्दिर न्यास द्वारा त्रिलोकपुर में नई गौशाला का निर्माण करवाया जाएगा।

## गिरीपार युवाओं को जल्द मिले एसटी प्रमाण पत्र का लाभ : प्रताप सिंह रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता सिरमौर प्रताप सिंह रावत ने गिरीपार क्षेत्र के युवाओं को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का लाभ जल्द उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि गिरीपार क्षेत्र के हजारों बेरोजगार युवा लंबे समय से एसटी प्रमाण पत्र का इंतजार कर रहे हैं, जिससे वे सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलने वाले संवैधानिक लाभ से वंचित हैं।



रावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 अगस्त, 2023 को गिरीपार क्षेत्र की जनता को एसटी का संवैधानिक दर्जा दिया था और इसके बाद 1 जनवरी, 2024 को आवश्यक प्रक्रिया के लिए मामला प्रदेश सरकार को भेजा गया। उनका आरोप है कि जनजातीय मामलों के मंत्री जगत सिंह नेगी और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के कारण यह मामला आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने दावा किया कि 4 जनवरी 2024 को इस मामले में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे) लिया गया, जिसके चलते मामला अब तक लंबित है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस देरी के कारण गिरीपार क्षेत्र के अनेक युवा सरकारी नौकरियों के लिए निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इन युवाओं के नुकसान की भरपाई कौन करेगा।

रावत ने यह भी कहा कि एसटी प्रमाण पत्र न होने के कारण क्षेत्र के कई युवा यूपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में आरक्षण का लाभ नहीं ले सके। उनका कहना था कि यदि समय पर एसटी प्रमाण पत्र मिल जाते तो गिरीपार के अधिक युवा भी इन परीक्षाओं में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते थे।

### लायंस क्लब सोलन वैली की सेवा, पर्यावरण और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी परियोजनाएं शुरू

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रोपित किए 41 पौधे

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लायंस क्लब सोलन वैली (डिस्ट्रिक्ट 321–ए2) ने नए लायनिस्टिक वर्ष 2026–27 का शुभारंभ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, युवा विकास और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न जनहित परियोजनाओं के साथ किया है। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन रमिंदर बावा ने बताया कि जुलाई और अगस्त माह में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 और 19 जुलाई को धारों की धार स्थित सिल्विन रिजॉर्ट में फैमिली नाइट आउट, पिकनिक और जनरल हाउस मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारिवारिक गतिविधियों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 41 पौधों का रोपण किया गया। परियोजना का संचालन लायन रविंदर गांधी और लायन मदन शर्मा ने किया। इसके अलावा हिमगिरी कल्याण आश्रम में क्लब सदस्यों के जन्मदिवस और वैवाहिक वर्षगांठ भी मनाई गई। 23 और 24 जुलाई को लायंस इंटरनेशनल यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत विभिन्न देशों से आने वाले 10 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की मेजबानी की जाएगी। 24 जुलाई को गांव घट्टी स्थित सानो सीटो फार्मास्यूटिकल कंपनी परिसर में वृक्षारोपण अभियान होगा। 25 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिसमें विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स रैली निकालेंगे। अगस्त के प्रथम सप्ताह में हरि ओम गौशाला में गौ सेवा और वृक्षारोपण अभियान आयोजित होगा।

## विरोध | छात्र–युवाओं का सोलन में प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की उठी मांग

# भर्ती घोटालों, शिक्षा के निजीकरण पर गरजे प्रदर्शनकारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। पुराने डीसी कार्यालय से पुराने बस स्टैंड तक निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में छात्र, युवा और विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक, परीक्षा घोटालों, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, शिक्षा के निजीकरण और बढ़ती बेरोज़गारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन को सीटू जिला महासचिव मोहित वर्मा, एडवोकेट मनोज वर्मा और पूर्व आईएएस अधिकारी शरभ नेगी ने संबोधित किया। मोहित वर्मा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। उनका कहना था कि लगातार पेपर लीक, परीक्षाओं के रद्द होने, परिणामों में देरी और




सोलन में प्रदर्शन करते युवा व छात्र। अनंत ज्ञान

भर्ती प्रक्रियाओं के लंबा खिंचने से करोड़ों छात्रों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने शिक्षा के निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करना कठिन होता जा रहा है।

एडवोकेट मनोज वर्मा ने कहा कि पेपर लीक और भर्ती घोटाले युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ हैं। वहीं, पूर्व आईएएस अधिकारी शरभ नेगी ने शिक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि व्यवस्था में विश्वास बहाल नहीं हुआ तो युवाओं का आक्रोश बढ़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### राष्ट्रपति से उठाई नीट पेपर लीक मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डॉ. बीआर अंबेडकर महासभा अर्की ने तहसीलदार अर्की के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित कर दिल्ली के जंतर–मंतर पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलनरत विद्यार्थियों की न्यायोचित मांगों का समर्थन किया। महासभा ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार है। ऐसे में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना आवश्यक है। महासभा ने कहा कि विद्यार्थी अपनी मांगों को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उठा रहे हैं, उनकी बातों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### 'आपदा रक्षक' ऐप का करें उपयोग : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2023 के बाद प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और उनकी तीव्रता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, त्वरित और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से 'आपदा रक्षक मोबाइल ऐप' को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के सीईओ एवं अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना इशांत जसवाल ने जानकारी दी कि इस मोबाइल ऐप के माध्यम से नागरिक किसी भी प्रमुख आपदा से संबंधित घटना की जानकारी सिटीजन लॉगिन सुविधा के जरिए सीधे राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तक पहुंचा सकेंगे। इससे आपदा की स्थिति में समय पर सूचना उपलब्ध होगी, राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी आएगी, जन-धन की हानि को कम करने में सहायता मिलेगी तथा प्रदेश की आपदा से निपटने की क्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी। जसवाल ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी विभागों से अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनके परिवारों, सहकर्मियों और आम नागरिकों को भी इस ऐप से जोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा संबंधी घटनाओं की रिपोर्टिंग इसी मोबाइल एप्लीकेशन के सिटीजन रिपोर्टिंग फीचर के माध्यम से करने पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि आपदा रक्षक मोबाइल ऐप वेब पोर्टल पर उपलब्ध है, जबकि शीघ्र ही इसे गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### ऊना में जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 31 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 31 जुलाई से 2 अगस्त तक राव बैडमिंटन अकादमी में किया जाएगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अशोक ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी कड़ी में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए चैंपियनशिप के सफल आयोजन की रूपरेखा तय की गई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 28 जुलाई तक हरदीप सिंह (लाल जी) की दुकान पर अपना प्रवेश शुल्क जमा करवा सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। अशोक ठाकुर ने बताया कि बैठक में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता जिले के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करेगी।

### दिव्यांगजन पुरस्कारों के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वर्ष 2026-27 के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिए जाने वाले ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित ने बताया कि पुरस्कार योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले नियोक्ताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों, संस्थानों तथा दिव्यांगजनों के कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभागों एवं जिलों को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध करवाने के प्रयासों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों के तहत सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, निजी क्षेत्र तथा गैर-सरकारी संगठनों के उत्कृष्ट नियोक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सरकारी, कॉर्पोरेट एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगजनों के हित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभागों एवं संस्थानों तथा इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिले को भी राज्य स्तर पर सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### 7.28 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला बिलासपुर पुलिस ने एक और कार्रवाई करते हुए थाना भराड़ी क्षेत्र में 7.28 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। गश्त एवं चेकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी रिशव चौधरी (32) निवासी गांव टकरेड़ा, डाकघर बरोटा, तहसील घुमारवीं को गिरफ्तार किया। इस संबंध में पुलिस थाना भराड़ी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी तक मादक पदार्थ कहां से पहुंचा तथा इस तस्करी नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### ई. अश्वनी बने कहलूर सेवा समिति के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कहलूर सेवा समिति, बिलासपुर की त्रैवार्षिक बैठक विश्वकर्मा मंदिर, डियारा सेक्टर में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ई. अश्वनी कुमार सुहील को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष और शैलेन्द्र बक्शी को महासचिव चुना गया। समिति ने पिछले कार्यकाल में जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। महासचिव शैलेन्द्र बक्शी ने बताया कि समिति ने बेटियों के विवाह, शिक्षा, गंभीर रोगियों और आपदा प्रभावित परिवारों सहित जरूरतमंदों को कुल 10.82 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। नई कार्यकारिणी में पूर्व पदाधिकारियों को ही आगामी तीन वर्षों के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सदस्यों ने समाजसेवा के कार्यों को और अधिक विस्तार देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### पंचायत चुनावों की निष्पक्षता पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** डडवाल गांव के समाजसेवी एवं जिला परिषद चुनाव लड़ चुके बीरी सिंह 'बीरू' ने पंचायती चुनावों को लेकर सरकार और प्रशासन से कई मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने अंतरराज्यीय विवाह, अनुसूचित जाति आरक्षण और सरकारी भूमि पर कथित कब्जों से जुड़े मामलों में स्थिति साफ करने की मांग की। बीरी सिंह ने पूछा कि दूसरे राज्यों की अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को हिमाचल में आरक्षण का लाभ मिल सकता है या नहीं। उन्होंने जाति प्रमाण पत्रों की जांच और कथित अनियमितताओं पर कार्रवाई की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

### प्रतिमा मनहंस ने संभाला बीडीओ का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के बरमाना की कुमारी प्रतिमा मनहंस ने



एचएएस (हिमाचल प्रशासनिक सेवा) परीक्षा 2025-26 उत्तीर्ण कर प्रशिक्षण के बाद जिला मंडी के चौंतड़ा में बीडीओ पद पर कार्यभार ग्रहण किया। वे इस क्षेत्र की पहली एचएएस अधिकारी हैं। पिता शिवपाल मनहंस (उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वुशु एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष) और पूर्व प्रधान माता मंजू मनहंस ने बेटी की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### सड़क हादसे में अश्विनी 'बटला' का निधन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कंदरौर निवासी अश्विनी कुमार उर्फ बिट्टू/बटला का अंबाला में सड़क हादसे में निधन हो गया। गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किए गए, जहां कल दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। विभिन्न संस्थाओं और नेताओं ने इस निधन पर शोक प्रकट किया। हंसमुख और मिलनसार अश्विनी 80 वर्षीय पिता, एक बेटे और एक बेटी का छोड़ गए हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक है। पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर ने शोक व्यक्त कर परिजनों को संबल देने की प्रार्थना की।

### युवाओं को दिया नशामुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में चल रहे 1 हिमाचल प्रदेश नौसैनिक एनसीसी इकाई के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन कैडेटों ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। उपायुक्त कार्यालय से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तक निकाली गई रैली में 60 एनसीसी कैडेटों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। रैली के बाद महाविद्यालय परिसर में कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर युवाओं को चिट्टा व अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कहा कि एनसीसी कैडेट समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक हैं और नशामुक्ति अभियान में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

# कुटलैहड़ में खेलों से जुड़ेगा युवा : विवेक

## स्थानीय विधायक ने कोट और सरोह स्कूल के बच्चों को दी वॉलीबॉल किट्स

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोट व सरोह को विधायक विवेक शर्मा ने वॉलीबॉल किटे भेंट कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, आत्म विश्वास और सकारात्मक सोच भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि 'मेरा कुटलैहड़, मेरा परिवार' की भावना के साथ क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। विद्यालय परिवार ने विधायक विवेक शर्मा का विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करवाने पर आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भी वॉलीबॉल किट मिलने पर खुशी जताई और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# समूर स्कूल से उठी नशा मुक्ति की आवाज

## नशे के खिलाफ जागरूकता रैली में विधायक विवेक शर्मा हुए शामिल

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समूर में विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों के साथ रैली में भाग लिया।

रैली के दौरान छात्रों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'स्वस्थ युवा, सशक्त भारत' और 'नशा मुक्त समाज हमारा संकल्प' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विधायक विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और संस्कारों को अपनाएंगे तो समाज स्वत: ही स्वस्थ और समृद्ध बनेगा।



### नशा माफिया की संपत्तियां भी की जा रहीं ध्वस्त : विवेक

**विधायक** विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ धरातल पर प्रभावी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल सरगनाओं के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है तथा उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को भी ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई है और प्रदेश सरकार स्पष्ट संदेश दे रही है कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## विधायक विवेक ने जगदीश शर्मा के निधन पर जताया गहरा शोक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके जगदीश चंद शर्मा के आकस्मिक निधन पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया है,उन्होंने इस दुखद समाचार को कांग्रेस पार्टी के साथ पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति



बताया,विधायक विवेक शर्मा ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय जगदीश शर्मा केवल कांग्रेस पार्टी के समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता ही नहीं थे, बल्कि उनके परिवार के भी अत्यंत करीबी सदस्य जैसे थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व रामनाथ शर्मा जी के साथ स्वर्गीय जगदीश चंद शर्मा के वर्षों पुराने आत्मीय और पारिवारिक संबंध रहे हैं। ऐसे में उनका अचानक इस संसार से चले जाना उनके लिए व्यक्तिगत रूप से पीड़ादायक है।विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बहुत ही दुखद है कि विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ की एक सम्मानित शख्सियत और मेरे पिता जी के बेहद करीबी मित्र जगदीश शर्मा आज हमारे बीच नहीं रहे। कुटलैहड़ कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका निधन केवल कांग्रेस परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगदीश शर्मा का सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण सदैव लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने अपने जीवन में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में ईमानदारी तथा निष्ठा के साथ कार्य करते हुए लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई।

### बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव टलने पर भड़के पूर्व विधायक भुट्टो, बोले-

# लोकतंत्र की हत्या कर रही कांग्रेस, बंद कमरों व होटलों में हो रही खरीद-फरोख्त

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि एक बार फिर बदले जाने के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया है।

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए चुनाव प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव संपन्न हुए करीब पौने दो माह का समय बीत चुका है, लेकिन बंगाणा प्रशासन अभी तक बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव नहीं करवा पाया। प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि पहले चुनाव 24 जुलाई को प्रस्तावित थे, लेकिन अब इन्हें 27 जुलाई तक टाल दिया गया है। भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने आरोप लगाया कि बार बार तिथि बदलने से लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है और जनता में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह रवैया पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसे भाजपा कभी नहीं भूलेगी।

पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की राशि पंचायतों तक पहुंच चुकी है, लेकिन बीडीसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का गठन न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पंचायत समितियों का गठन नहीं होगा तो योजनाओं के क्रियान्वयन और धनराशि के सही उपयोग में अनावश्यक देरी होगी, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में खरीद-फरोख्त का धंधा चलाया जा रहा है और जन प्रतिनिधियों को बंद कमरों और होटलों में बुलाकर सौदेबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और निर्वाचित प्रतिनिधि बिकने वाले नहीं हैं और वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए मजबूती से खड़े हैं।

# नीट में 652 अंक प्राप्त कर आदित्य ने रोशन किया गोकुल मोंटेसरी स्कूल नेहरियां का नाम

अनंत ज्ञान



**अंब।** गोकुल मोंटेसरी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नेहरियां के होनहार छात्र आदित्य जसवाल ने नीट में 700 में से 652 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश भर में अच्छा रैंक हासिल करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक तथा विद्यार्थियों ने उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि आदित्य की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय के सहयोगपूर्ण वातावरण को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि आदित्य भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## बरमाणा पीएचसी बहाली का मुद्दा सीएम के समक्ष उठेगा: जितेंद्र चंदेल



हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र ने सुनीं समस्याएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने बरमाणा दौरे के दौरान ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने डी-नोटिफाई की गई बरमाणा पीएचसी को पुन: शुरू करने की मांग उठाई, जिस पर चंदेल ने मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात करवाकर पीएचसी बहाल कराने का हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

रेलवे परियोजना से संभावित विस्थापन को लेकर ग्रामीणों की चिंता पर उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद व्यवस्थित पुनर्वास योजना तैयार की जाएगी। हिमुडा द्वारा कॉलोनी विकसित करने तथा प्रशासन और परियोजना प्रबंधन के साथ मिलकर सीवरेज, पेयजल, स्कूल, अस्पताल सहित आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए माइक्रो प्लानिंग की जाएगी।

चंदेल ने मदद संस्था द्वारा प्रस्तावित स्किल डेवलपमेंट सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी और संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा, ताकि स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण व रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

## 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के होंगे फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर बचत भवन में अतिरिक्त उपायुक्त रूपिंदर कौर की अध्यक्षता में राज्य कार्य योजना 2026-27 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी ने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत पिछले वर्ष जिले में 45 वरिष्ठ नागरिकों के नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य पूरा किया गया था। इस वर्ष योजना के अंतर्गत 100 से अधिक पात्र वरिष्ठ नागरिकों की नि:शुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ऑपरेशन पर आने वाला करीब 12,500 रुपये का खर्च सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। एडीसी ने स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज संस्थाओं, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योजना का प्रचार-प्रसार करने और पात्र बुजुर्गों तक इसका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

## लापता व्यक्तियों के मामलों में 24 घंटे के भीतर एफआईआर सुनिश्चित करें : एडीसी



बैठक की अध्यक्षता करते हुईं एडीसी रूपिंदर कौर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त रूपिंदर कौर की अध्यक्षता में बचत भवन में लापता व्यक्तियों, मानव तस्करी और पीड़ितों के पुनर्वास से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

एडीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि लापता व्यक्तियों की सूचना मिलते ही 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रथम 24 घंटे जांच के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं तथा सभी मामलों की जानकारी नेशनल इंटीग्रेटेड पोर्टल पर समय पर अपलोड की जाए। उन्होंने पुलिस, सामाजिक न्याय, श्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

बैठक के बाद एडीसी ने जिला स्तरीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दो नए मामलों को स्वीकृति प्रदान की। इससे पहले 27 मामलों में राहत राशि स्वीकृत की जा चुकी है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## 21.12 ग्राम चिट्टा मामले में पंजाब से मुख्य सप्लायर समेत 4 दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिलासपुर पुलिस ने 21.12 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामदगी मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब से मुख्य सप्लायर समेत अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिलासपुर के एसपी अभिषेक ने बताया कि 18 जुलाई को स्वारघाट क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान चिट्टा बरामद होने पर थाना स्वारघाट में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती जांच में पुलिस ने उमेश निवासी गांधी रोपा और अजय सिंह निवासी दली, कंदरौर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच में पुलिस ने पंजाब के रूपनगर जिले के गंगूवाल निवासी सुनील कुमार को मुख्य सप्लायर के रूप में गिरफ्तार किया। वहीं, इसी नेटवर्क से जुड़े बिलासपुर के सुरहाड़ निवासी नितीश (28) को भी दबोचा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पंजाब से चिट्टा लाकर बिलासपुर क्षेत्र में बेचने की तैयारी में था। मामले में जांच जारी है।

# श्री नयना देवी मंदिर में लाइव दर्शन प्रसारण व आधुनिक सोलर हट्स का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, श्री नयना देवी (बिलासपुर)।** श्रावण अष्टमी मेले से पहले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में श्री नैना देवी मंदिर न्यास ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधीश एवं श्री नैना देवी मंदिर न्यास के आयुक्त राहुल कुमार ने सोमवार को मंदिर परिसर में लाइव ब्रॉडकास्टिंग (लाइव दर्शन प्रसारण) प्रणाली तथा आधुनिक तकनीक से निर्मित सोलर हट्स का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम धर्मपाल भी उपस्थित रहे।

जिलाधीश राहुल कुमार ने फीता काटकर दोनों परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मंदिर न्यास श्रद्धालुओं को आधुनिक और सुविधाजनक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया और उनकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि लाइव ब्रॉडकास्टिंग प्रणाली के माध्यम से



उपायुक्त राहुल कुमार शुभारंभ करते करते हुए। अनंत ज्ञान

### श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं: डीसी

मंदिर परिसर में कतारों में खड़े श्रद्धालु तथा विभिन्न स्थानों पर मौजूद श्रद्धालु माता के दर्शन का सीधा प्रसारण देख सकेंगे, जिससे उन्हें अधिक सुविधा मिलेगी। राहुल कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में करीब 16 आधुनिक सोलर हट्स स्थापित किए गए हैं। इन हट्स में श्रद्धालुओं के बैठने के साथ-साथ मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और मंदिर न्यास का प्रयास है कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक, सुरक्षित और सुगम सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी चतर सिंह राणोत, अकाउंट ऑफिसर मनीष कुमार, मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा, महेश कुमार, प्रभात शर्मा तथा सहायक अभियंता सुनील शर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

## कोट गांव में सीखी तनावमुक्त जीवन जीने की कला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के कोट गांव में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के महिला और पुरुषों ने उत्साह के साथ भाग लिया और तनावमुक्त, स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी हासिल की। कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुदीप शर्मा और मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को आर्ट ऑफ लिविंग के उद्देश्यों, श्वास तकनीकों और सुदर्शन क्रिया के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्ति संतुलित जीवन जीने में सक्षम बनता है। शिविर में बीना देवी, गायत्री, बबली, सुखलाल, शकुंतला, रचना, सुरेंद्रा, ओंका देवी, कांता देवी, धर्मपाल, सुमन, रेनू, लता, अंकित, ललिता, रेखा, ब्राह्मी देवी, सरल, रमेश और सुनीता सहित कई लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और इन तकनीकों का नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया।

# साहित्यिक सरोकारों से सजी भाषा विभाग की मासिक गोष्ठी



जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करतीं हुईं।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग, बिलासपुर द्वारा संस्कृति भवन में आयोजित मासिक साहित्यिक गोष्ठी में जिले के साहित्यकारों ने कविता, गीत, हास्य-व्यंग्य, पहाड़ी रचनाओं और यात्रा संस्मरणों के माध्यम से साहित्यिक रंग बिखेरे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की, जबकि संचालन शीला सिंह ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुआ। गोष्ठी में रविंदर कुमार शर्मा ने हास्य-व्यंग्य, रवीन्द्र चंदेल 'कमल' ने बिलासपुर की सुंदरता पर आधारित कविता, डॉ. अनेक राम सांख्यान ने सावन पर प्रेमगीत, जीत राम सुमन, बृजलाल लखनपाल, केशव शर्मा 'रसिक', अमर नाथ धीमान, कर्मवीर कंडेरा, बीरबल धीमान, बाबू राम धीमान, सुषमा खजूरिया, सुरेन्द्र मिंहास, ए डी रीतू', शीला सिंह, सुमन चट्टां तथा रामपाल डोगरा ने अपनी-अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। लोकभाषा, सामाजिक सरोकार, देशभक्ति, प्रकृति, परिवार और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने खूब सराहा। समापन अवसर पर जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग की मासिक गोष्ठियों का उद्देश्य स्थानीय रचनाकारों को सृजन के लिए सशक्त मंच उपलब्ध करवाना है।


## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में एसआईयू ने पंजाब के दो तस्करों को 23.77 ग्राम चिट्टे के साथ किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो युवकों को 23.77 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। एसआईयू टीम रविवार तड़के करीब 1:30 बजे चंबा-पठानकोट मुख्य मार्ग पर परेल पुल के समीप रेन शेड के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों की तलाशी ली, जिनके कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपेंद्र सिंह (35) और राजिंदर सिंह (21), दोनों निवासी कलेवाल, जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चिट्टा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### आदित्य ने नीट व जेईई में हासिल की शानदार सफलता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा जिला के लुड्डू गांव के होनहार छात्र आदित्य शर्मा ने नीट-2026 और जेईई-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदित्य ने नीट में 557 अंक प्राप्त किए, जबकि जेईई में 97 पर्सेंटाइल हासिल कर एनआईटी हमीरपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में प्रवेश पाया है। उन्होंने नीट की तैयारी एस्पायर हमीरपुर संस्थान से की। इससे पहले जेईई-2025 में 95 पर्सेंटाइल हासिल करने के बाद उन्होंने कड़ी मेहनत से अपना प्रदर्शन सुधारा। माता-पिता राकेश कुमार और गायत्री देवी ने सफलता का श्रेय उसकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। आदित्य की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### होमगार्ड्स के लिए बने स्थायी तैनाती नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** प्रदेश होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य के होमगार्ड स्वयंसेवकों की वर्षभर (365 दिन) तैनाती और संगठनात्मक सुधार के लिए 'हिमाचल प्रदेश होम गार्ड तैनाती नीति-2026' का व्यापक नीति प्रस्ताव तैयार किया है। एसोसिएशन का कहना है कि सरकार 365 दिन की ड्यूटी के साथ-साथ स्थायी, पारदर्शी और एक समान तैनाती नीति भी लागू करे। अध्यक्ष जोगिंदर सिंह चौड़िया ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा और विभागीय निर्देशों के बाद अधिकांश जिलों में वर्षभर तैनाती शुरू हो चुकी है, जिसे अब पूरे प्रदेश में लागू करने की आवश्यकता है। यह प्रस्ताव केवल मांग-पत्र नहीं, बल्कि एक विस्तृत व्हाइट पेपर है, जिसमें मानव संसाधन प्रबंधन, जिला एवं अंतर-जिला तैनाती, डिजिटल एचआरएमएस, प्रशिक्षण, स्वयंसेवक कल्याण, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), स्थायी आदेश, कार्यान्वयन रोडमैप और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे विषय शामिल हैं। जल्द ही एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक, होम गार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा को यह प्रस्ताव सौंपेगा।

### नारी शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 'नारी मन की संवेदना' श्रृंखला की 15वीं कड़ी ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई। कार्यक्रम में महिला साहित्यकारों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सुशीला शर्मा ने नारी शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। डॉ. रीता सिंह ने कहा कि यह मंच महिलाओं की संवेदनाओं और रचनात्मक अभिव्यक्ति को सम्मान देता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता बिजलवान ने किया।

# मिंजर मेले में बागवानी की नई तस्वीर दिखाएगा उद्यान विभाग

## आधुनिक तकनीकों और योजनाओं की मिलेगी जानकारी : डॉ. प्रमोद

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

**राहुल कुमार सहगल, चंबा।** ऐतिहासिक मिंजर मेले में इस वर्ष उद्यान विभाग की विशेष बागवानी प्रदर्शनी बागवानों और आम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रदर्शनी के माध्यम से जहां जिले के बागवानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों, उन्नत फल उत्पादन और नई कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलेगी, वहीं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी उन्हें रूबरू करवाया जाएगा।

उद्यान विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में बताया कि विभाग का उद्देश्य केवल प्रदर्शनी आयोजित करना नहीं, बल्कि बागवानों को बदलते समय के साथ नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन देना है। उन्होंने कहा कि आज बागवानी क्षेत्र में गुणवत्ता, वैज्ञानिक तकनीक और सही प्रबंधन का विशेष महत्व है। ऐसे में इस तरह की प्रदर्शनियां बागवानों के लिए ज्ञान और अनुभव साझा करने का बेहतर मंच साबित होती हैं। डॉ. शाह ने जिले के सभी बागवानों से अपील की है कि वे अपने फल एवं पौधों के उत्कृष्ट सैंपल प्रदर्शनी में लेकर आएं, ताकि बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदर्शित कर अन्य बागवानों को भी प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह मंच बागवानों को अपनी मेहनत और उत्पादन क्षमता दिखाने के साथ-साथ विशेषज्ञों से नई जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी स्थल पर उद्यान विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री, ब्रोशर और आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बागवानों को पौधरोपण, फल उत्पादन, आधुनिक बागवानी तकनीकों, अनुदान योजनाओं और सरकार की अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। डॉ. प्रमोद शाह ने कहा कि चंबा जिले में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। यहां के वातावरण और भौगोलिक परिस्थितियां विभिन्न प्रकार के फलों के उत्पादन के लिए अनुकूल हैं। विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि बागवानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़कर उत्पादन और आय में वृद्धि की जा सके। उन्होंने कहा कि मिंजर मेले के दौरान आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी बागवानों के लिए सीखने, समझने और नई संभावनाओं को तलाशने का अवसर होगी। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक बागवानों से प्रदर्शनी में भाग लेने एवं सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# रेई धार से बीमार भेड़ पालक का सफल रेस्क्यू, टांडा रेफर

अनंत ज्ञान



**ओपी शर्मा, भरमौर।** कांगड़ा जिले के बैजनाथ क्षेत्र के बड़ा गुनेड गांव निवासी भेड़ पालक निर्जल कुमार को प्रशासन ने बड़ा भंगाल की रेई धार से सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। भेड़-बकरियां चराने गए निर्जल कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए।

सूचना मिलते ही बैजनाथ और भरमौर प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र से उन्हें सुरक्षित निकालकर देर रात सिविल अस्पताल होली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया। खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी, जिसके चलते टीम को पैदल रास्ते से उन्हें बाहर लाना पड़ा। एडीएम भरमौर विकास शर्मा ने बताया कि समय पर कार्रवाई कर रेस्क्यू पूरा किया गया। इस घटना के बाद एक बार फिर होली-बड़ा भंगाल सड़क निर्माण की मांग जोर पकड़ गई है। ग्राम पंचायत ग्रौंडा प्रधान कविता देवी और निर्जल कुमार के पुत्र निखिल कुमार ने प्रशासन व ग्रामीणों का आभार जताया।

# सड़क निर्माण के लिए 16 बिस्वा भूमि दानकर जगत बने मिसाल



**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकास कार्यों में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ग्राम सुलाखर के निवासी जगत ने समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उलांसा-सतनाला-सुलाखर सड़क निर्माण के लिए अपनी 16 बिस्वा बेशकीमती भूमि स्वेच्छा से दानकर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण में भूमि संबंधी बाधा को दूर करने के उद्देश्य से जगत ने बिना किसी स्वार्थ के अपनी निजी भूमि जनहित में समर्पित कर दी। उनके इस निर्णय से सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी अधिक सुगम होगी। क्षेत्रवासियों ने जगत के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में निजी संपत्ति का त्याग कर जनहित को प्राथमिकता देना दुर्लभ है। उनका यह कदम न केवल सड़क निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि समाज में सेवा, त्याग और विकास की भावना को भी मजबूती देगा। स्थानीय लोगों ने कहा कि जगत का यह योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा और क्षेत्र के विकास के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। ग्रामीणों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका यह जनहितैषी निर्णय समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है।

# मिंजर मेले की जिला कराटे चैंपियनशिप में ट्विंकल महाजन ने जीते दो पदक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2026 के तहत आयोजित जिला कराटे चैंपियनशिप में पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा की छात्रा ट्विंकल महाजन ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में उन्होंने न केवल एक खिलाड़ी के रूप में शानदार सफलता हासिल की, बल्कि ऑफिशियल जज की जिम्मेदारी भी पूरी निष्पक्षता, दक्षता और पेशेवर कार्यशैली के साथ निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई। प्रतियोगिता में ट्विंकल महाजन ने काता स्पर्धा में रजत पदक तथा -48 किलोग्राम कुमिते वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ी और जज, दोनों भूमिकाओं में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण रहा। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने ट्विंकल महाजन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ट्विंकल की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ाएगी।

# बच्चों की प्रस्तुति पर न हो कार्रवाई राजपूत सभा चंबा ने सौंपा ज्ञापन



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** चुराह महोत्सव के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नाट्य प्रस्तुति को लेकर उठे विवाद में राजपूत सभा चंबा ने बच्चों और शिक्षकों के समर्थन में आवाज उठाई है। सभा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) चंबा अमित मेहरा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में किसी भी प्रकार की जांच अथवा दंडात्मक कार्रवाई न करने की मांग की।

ज्ञापन में सभा ने कहा कि विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संस्कार निर्माण और रचनात्मक अभिव्यक्ति के केंद्र होते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और सीखने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य किसी भी समुदाय या वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं होता। राजपूत सभा चंबा के अध्यक्ष शुभम ठाकुर ने कहा कि छोटे बच्चों और उनके अध्यापकों को विवाद में घसीटना उचित नहीं है। इससे विद्यार्थियों का मनोबल प्रभावित हो सकता है और शिक्षकों में भी भय का वातावरण बन सकता है। उन्होंने कहा कि चंबा जिला हमेशा आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। सभा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस मामले में संवेदनशीलता बरतते हुए बच्चों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को मानसिक परेशानी से बचाया जाए। साथ ही जिले में शांति, सौहार्द और आपसी सम्मान का वातावरण बनाए रखने के लिए सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की गई है।

# क्यूवी-एफवाई 2027 में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का मुनाफा 27.8% बढ़ा

अनंत ज्ञान

◆ **ग्राहकों को तिमाही में 4,666 करोड़ का लाभ**

**चंडीगढ़।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जून 2026 को समाप्त पहली तिमाही (क्यूवी-एफवाई 2027) के वित्तीय नतीजों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध लाभ (नेट प्रॉफिट) साल-दर-साल 27.8 प्रतिशत बढ़कर 386 करोड़ रुपये रहा। वहीं रिटेल प्रोटेक्शन (टर्म प्लान) कारोबार में 60.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी के बोर्ड ने कंपनी का नाम बदलकर 'आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) अनूप बागची ने कहा कि ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना कंपनी की रणनीति का मुख्य आधार है। क्यूवी-एफवाई 2027 के दौरान कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99.3 प्रतिशत रहा, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटिव क्लेम का औसत निपटान समय केवल एक दिन रहा। उन्होंने कहा कि यह जरूरत के समय ग्राहकों और उनके परिवारों को तेज, भरोसेमंद और प्रभावी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने 1,306 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम का निपटान किया और 3,360 करोड़ रुपये मैच्योरिटी एवं सर्वाइवल बेनिफिट के रूप में पॉलिसीधारकों को प्रदान किए। इस प्रकार कुल 4,666 करोड़ रुपये का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया गया। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 5,149 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम सेटल किए और 15,363 करोड़ रुपये मैच्योरिटी एवं सर्वाइवल बेनिफिट के रूप में वितरित किए। कंपनी ने कहा कि वह भविष्य में भी ग्राहकों को समय पर वित्तीय सुरक्षा और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# जुझार नगर में कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

## बलबीर सिंह सिद्धू ने नए कार्यकर्ताओं को दिलाई पार्टी की सदस्यता

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने मोहाली के जुझार नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर आए बड़ी संख्या में लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बलबीर सिंह सिद्धू ने पार्टी में शामिल हुए नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के अधिकारों की आवाज़ रही है और जनकल्याण की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी में शामिल होने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा सम्मान दिया जाएगा तथा क्षेत्र के विकास और जनता के हितों के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।

बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि पंजाब की जनता का आम आदमी पार्टी सरकार से पूरी तरह विश्वास उठ चुका है। जिस बदलाव के नाम पर लोगों से वोट मांगे गए थे, आज वही लोग सरकार की नाकामियों, झूठे वादों और जनविरोधी नीतियों के कारण स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है, विकास कार्य ठप पड़े हैं, युवा बेरोज़गारी से जूझ रहे हैं और किसान, व्यापारी तथा आम जनता सरकार की नीतियों से निराश हैं। सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल विज्ञापनबाज़ी और झूठे दावों में व्यस्त है।

बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि मोहाली और इसके आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्य लगभग ठप हो चुके हैं। सड़कों की बदहाल स्थिति, सीवरेज की समस्याएं, सफाई व्यवस्था की विफलता, स्वास्थ्य सेवाओं की खराब हालत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को रोज़ाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता द्वारा बार-बार मुद्दे उठाए जाने के बावजूद पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन गहरी नींद में सोए हुए हैं। सरकार का पूरा ध्यान केवल विज्ञापनबाज़ी और झूठी वाहवाही बटोरने तक सीमित रह गया है, जबकि ज़मीनी स्तर पर विकास और लोगों की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए कोई गंभीर कदम नहीं उठाए जा रहे।

# जंतर-मंतर पर लाखों युवाओं की बात सुनने की बजाय उन पर लाठीचार्ज करवा रही है केंद्र सरकार : केजरीवाल

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में सुधार व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे युवाओं पर लाठी चार्ज करने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर देश का लाखों युवा जमा है। सरकार उनकी बात सुनने की बजाय उन पर लाठी चार्ज करवा रही है। ये ठीक नहीं है। मैं सरकार से अपील करता हूं कि ये हमारे ही देश के बच्चे हैं जो न्याय मांगने सड़कों पर उतरे हैं। प्रधानमंत्री जी, अहंकार छोड़िए और इनकी बात सुनिए। इन युवाओं का गुस्सा संभालिए। ये युवा आपका अहंकार कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

पंजाब दौरे पर गए जंतर मंतर पर युवाओं के आंदोलन को लेकर 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में कितने ज्यादा लोग इकट्ठे हो गए हैं। पूरा कनॉट प्लेस भर गया है, जनपथ भर गया है और जंतर-मंतर भी भर गया है। पूरे देश भर से हजारों-लाखों की संख्या में युवा आए हुए हैं और सरकार उन पर अपनी पूरी दमन शक्ति का इस्तेमाल कर रही है। पुलिस उन पर लाठीचार्ज कर रही है और उन्हें पीट रही है। वहां इंटरनेट बंद कर दिया गया है और युवाओं को संसद जाने से रोका जा रहा है। यह बिल्कुल गलत है, युवा आखिर जाएं तो जाएं कहां? अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि पहले सरकार इनके पेपर लीक करा देती है, फिर जब पेपर दोबारा होता है तो उसके इवैल्यूएशन में पूरी गड़बड़ी हो जाती है। बच्चे शिकायत पर शिकायत करते हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। आखिर बच्चे जाएं कहां, सरकार ने तो उनका भविष्य ही बर्बाद कर दिया है। अब जब वे न्याय मांगने के लिए सड़क पर उतरते हैं, तो उन पर लाठीचार्ज करवाया जाता है। यह बिल्कुल सही नहीं है और बच्चों में इसे लेकर बहुत ज्यादा गुस्सा है।

वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बहुत से बच्चे ऐसे हैं जो यह सोचते हैं कि किताब मेरी जिंदगी और मेरे परिवार का भविष्य बदल देगी और मैं किताब पढ़ूंगा। बच्चे सुबह 3 बजे का अलार्म लगाकर पढ़ने बैठते हैं। उनकी 14-14 घंटे की सिटिंग होती है, तब जाकर कहीं वे नीट एग्जाम की तैयारी करते हैं। लेकिन परीक्षा से एक-दो दिन पहले पता चलता है कि पेपर तो लीक हो गया। बड़े-बड़े अमीर लोगों ने पेपर खरीद लिया है और अब केवल उन्हीं के बच्चे आगे आएंगे। यह बिल्कुल सही नहीं है। जंतर-मंतर पर हमारे छात्रों का जो प्रदर्शन चल रहा है, मैं उसका पूरा समर्थन करता हूं। हम सब छात्रों के साथ हैं।

# टाटा एआईए की बड़ी उपलब्धि; एजेंसी डिस्ट्रीब्यूशन में मजबूत प्रदर्शन, पंजाब में 31 एजेंट बने एमडीआरटी क्वालिफायर

अनंत ज्ञान

◆ **लुधियाना, पटियाला व अमृतसर के सलाहकारों ने हासिल किया खिताब**

**लुधियाना/अमृतसर।** भारत की एक प्रमुख जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने घोषणा की है कि पंजाब में उसके 31 सलाहकार 'मिलियन डॉलर राउंड टेबल' के लिए क्वालिफाई हुए हैं। यह कामयाबी ग्राहकों को बेहतरीन वित्तीय सलाह देने के कंपनी के वादे को मज़बूत करती है। साल 2026 की ग्लोबल एमडीआरटी रैंकिंग के मुताबिक, इस प्रतिष्ठित एमडीआरटी खिताब को हासिल करने वालों में लुधियाना से 8, पटियाला से 6 और अमृतसर से 4 सलाहकार शामिल हैं। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - प्रोप्रायटरी बिज़नेस, राकेश शर्मा ने कहा, 'भारत में लगातार चार वर्षों तक एमडीआरटी क्वालिफायर के मामले में नंबर 1 स्थान पर रहने से हम बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह सम्मान हमारे सलाहकारों की बेहतरीन क्षमता, निरंतरता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुरानी एमडीआरटी सदस्यता को बरकरार रखने वाले और 5 से 9 वर्षों की योग्यता वाले सलाहकारों को मिली यह पहचान विशेष रूप से उत्साहजनक है, क्योंकि यह लगातार बनी रहने वाली उत्कृष्टता को साबित करती है। हम आगे भी एक ऐसा फ्यूचर-रेडी सलाहकार समुदाय तैयार करना जारी रखेंगे जो इस नेक पेशे के लिए पूरी तरह समर्पित हो और पूरे भारत में भरोसेमंद व जरूरतों के अनुसार वित्तीय सलाह दे सके।' यह पड़ाव टाटा एआईए के सलाहकार नेटवर्क के बड़े पैमाने, बेहतरीन गुणवत्ता और निरंतरता को दर्शाता है। खास बात यह है कि क्वालिफाई करने वाले सलाहकारों में 695 यानी लगभग आधी महिलाएं हैं। यह इस बात का एक बड़ा और सकारात्मक संकेत है कि भारतीय वित्तीय सलाह के क्षेत्र में सबसे आगे रहकर कौन अपना करियर बना रहा है। साथ ही, यह सभी को समान अवसर देने वाले सलाहकार इकोसिस्टम के प्रति टाटा एआईए की प्रतिबद्धता को भी दिखाता है।

यह रैंकिंग फुल-टाइम और प्रोफेशनल सलाहकारों पर टाटा एआईए के फोकस को रेखांकित करती है, जो ग्राहकों को उनके सपनों को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। इसका उद्देश्य सलाहकारों की एक ऐसी टीम तैयार करना है, जो ग्राहकों की ज़रूरतों को समझे, ईमानदारी से काम करे और अपने काम में माहिर हो। मिलियन डॉलर राउंड टेबल, यानी एमडीआरटी को जीवन बीमा और वित्तीय सेवा क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक वैश्विक मानक माना जाता है।

एमडीआरटी-योग्य सलाहकार अपने पेशेवर ज्ञान, ईमानदारी, काम करने की बेहतर क्षमता और ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने के वादे के लिए जाने जाते हैं। चाहे ग्राहकों को अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करना हो, बच्चों की शिक्षा की योजना बनानी हो, रिटायरमेंट की तैयारी करनी हो या फिर लंबे समय के लिए संपत्ति बनानी हो—टाटा एआईए के एमडीआरटी-योग्य सलाहकार उनकी ज़रूरतों को समझने और भरोसेमंद वित्तीय फैसले लेने में उनकी मदद करते हैं। टाटा एआईए उन लोगों के लिए फुल-टाइम करियर के अवसर पैदा करने के लिए पूरी तरह समर्पित है, जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए पेशेवर सफलता हासिल करना चाहते हैं।

# जीरकपुर अवैध निर्माण मामले में हो कार्रवाई: सुखदेव

## सीएनजी हाई स्ट्रीट परियोजना में अनियमितताओं का आरोप, विजिलेंस जांच और प्रभावी कार्रवाई की उठाई मांग

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** राष्ट्र सेवा को समर्पित, एक विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव चौधरी ने पंजाब सरकार के लोकल बॉडीज कार्यालय में उच्च पदासीन अधिकारियों की अवैध गतिविधियों और विभाग में तेजी से फल फूल रहे भ्रष्टाचार में मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभाग में एक मुख्य पद पर आसीन उच्चाधिकारी असूलों के खिलाफ जाकर अपने ही एक बेहद करीबी को भी फायदा पहुंचा रहा है। विभाग में यह भ्रष्टाचार करोडों का नही, बल्कि अरबों रुपए का है

चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव चौधरी ने कहा कि जीरकपुर क्षेत्र में अवैध निर्माण लगातार बढ़ता जा रहा है। मेरा आरोप है कि स्थानीय सरकार विभाग, सेक्टर-35, चंडीगढ़ के कुछ अधिकारियों के संरक्षण के कारण नियमों का उल्लंघन करने वाले बिल्डरों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही।

गौतम कुमार सीनियर टाउन प्लानर , स्थानीय सरकार विभाग , पंजाब द्वारा बिल्डरों को किस तरह से लाभ पहुंचाया जा रहा है इसका उदाहरण ढकोली (जीरकपुर) में GNG HIGH STREET का एक मामला है, जहां उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार लगभग 80 दुकानों की अनुमति हो सकती थी इस के बावजूद 164 शोरूम बनाए गए। यह भूमि पहले भी विवादों में रही है। इसी भूमि पर GBP कंपनी द्वारा करोड़ों रुपये एकत्रित किए गए थे। इसके बाद यह परियोजना G&G Builders के पास चली गई। मैंने इस संबंध में विजिलेंस जांच की भी मांग की है कि GBP और GNG के बीच किसी प्रकार का संबंध या समान हित तो नहीं है। इस विषय की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

नगर कौंसिल जीरकपुर ने स्वयं इस परियोजना में अनियमितताओं को स्वीकार करते हुए धारा 195 के तहत नोटिस जारी किया। इसके बाद धारा 220 के अंतर्गत अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया, जिसमें छह घंटे के भीतर कार्रवाई करने का उल्लेख था। नगर कौंसिल द्वारा अवैध रूप से बनी लिफ्टों को भी हटाया गया। जब बिल्डर द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया गया, तब तत्कालीन कार्यकारी अधिकारी (EO) ने इस मामले में डेराबस्सी न्यायालय में मुकदमा दायर किया।

इसके बावजूद आज तक इस परियोजना के विरुद्ध अंतिम एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। मेरी शिकायतों के बाद मुख्य सतर्कता अधिकारी (LG)(Chief Vigilance Officer) द्वारा भी जांच की गई और मेरी जानकारी के अनुसार रिपोर्ट में बिल्डर तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध गंभीर टिप्पणियां दर्ज की गईं।

अब आरोप है कि स्थानीय सरकार विभाग, सेक्टर-35, चंडीगढ़ के कुछ अधिकारी इसी परियोजना को Completion Certificate (CC) दिलाने के लिए दबाव बना रहे हैं। यदि इस प्रकार के कथित अवैध निर्माण को Completion Certificate जारी किया जाता है, तो यह न केवल कानून का उल्लंघन होगा बल्कि आम जनता के हितों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। परियोजना में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यदि इसे Completion Certificate मिल जाता है, तो पहले से ही गंभीर ट्रैफिक जाम की समस्या और बढ़ जाएगी। आरोप है कि जिस सड़क की वास्तविक चौड़ाई लगभग 60 फुट है, उसे नक्शा स्वीकृत कराने के समय 40 फुट दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त, परियोजना को Stand Alone Project के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि वास्तविक स्थिति अलग बताई जा रही है। बिल्डर ने दो अलग-अलग नक्शों के आधार पर स्वीकृतियां प्राप्त की तथा सीढ़ियां और अन्य संरचनाएं स्वीकृत योजना से हटकर बनाई गईं।

अब गंभीर मामला : बेटा लकवय कंसलटेंट, बाप सबसे बड़ा अधिकारी STP, same विभाग हम स्थानीय सरकार विभाग से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों एवं बिल्डर के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए तथा जांच पूरी होने तक इस परियोजना को किसी भी प्रकार का Completion Certificate जारी न किया जाए। यदि सभी आपत्तियों, जांच रिपोर्टों और लंबित विवादों के बावजूद इस परियोजना को Completion Certificate जारी किया जाता है, तो हम भ्रष्टाचार एवं नियमों के कथित उल्लंघन के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य होंगे।

## 'मात्सुदा' खूबसूरत ओलंपिक एथलीट

**जापान** की शिनो मात्सुदा महिला सर्फिंग की दुनिया में उभरा हुआ है नाम बन चुकी हैं। सिर्फ सर्फिंग ही नहीं शिनो अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। शिनो सबसे खूबसूरत ओलंपिक एथलीट्स में से एक करार दिया गया है।



## स्पोर्ट्स विंडो

### आखिरी दम तक लड़ी वेस्टइंडीज, हार के बावजूद होप ने सराहा जुझारूपन

**एजेंसी, ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक विकेट से मिली रोमांचक हार के बावजूद अपनी टीम के संघर्ष और जुझारू प्रदर्शन की जमकर सराहना की। होप ने कहा कि उनकी टीम ने अंतिम गेंद तक हार नहीं मानी और पूरे मुकाबले में वही खेल भावना दिखाई, जिस पर महान गैरी सोबर्स को भी गर्व होता। उन्होंने माना कि हार को स्वीकार करना आसान नहीं है, लेकिन खिलाड़ियों ने मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। होप ने मैच के बाद कहा, 'अभी भी पूरी तरह यकीन नहीं हो रहा है, लेकिन दर्शकों के लिए यह एक शानदार क्रिकेट मुकाबला था। अगर कोई न्यूट्रल दर्शक इस मैच को देख रहा होगा, तो उसे इस रोमांचक मुकाबले का पूरा आनंद मिला होगा।' उन्होंने कहा कि टीम ने दबाव की परिस्थितियों में भी शानदार लड़ाई लड़ी और यही जज्बा आगे के मुकाबलों में भी बरकरार रखना होगा। कप्तान ने विश्वास जताया कि खिलाड़ी इस हार से सबक लेकर आगामी मैचों में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। (अनंत ज्ञान)



### विश्व कप क्वालिफायर के लायक नहीं हमारी मौजूदा टीमः अमीर जांगू

**एजेंसी, ब्रिजटाउन।** न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में एक विकेट से मिली रोमांचक हार के बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अमीर जांगू ने टीम के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा कि मौजूदा हालात में उनकी टीम वनडे विश्व कप क्वालिफायर में जगह बनाने की हकदार नहीं है। उन्होंने माना कि बल्लेबाजी टीम की सबसे बड़ी कमजोरी बनी हुई है और खिलाड़ी पूरे 50 ओवर तक टिककर बल्लेबाजी करने में लगातार असफल रहे हैं। जांगू ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मौजूदा टीम विश्व कप क्वालिफायर में जाने की काबिलियत रखती है। फिलहाल हमारी स्थिति ऐसी ही है। हालांकि, हमें अपने ड्रेसिंग रूम की क्षमता पर पूरा भरोसा है। हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और युवा विटेल लॉज़ जैसे खिलाड़ियों ने भी इस सीरीज में प्रभावित किया है, जो भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत हैं।' उन्होंने कहा कि यदि वेस्टइंडीज को फिर से मजबूत टीम बनना है तो बल्लेबाजी में निरंतरता लानी होगी और सही क्रिकेट खेलते हुए नियमित रूप से जीत दर्ज करनी होगी। (अनंत ज्ञान)



### मानवाधिकार संस्था ने विश्व कप की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

**एजेंसी, जेनेवा।** यूरोप की प्रमुख मानवाधिकार संस्था ने विश्व कप की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर चिंता जताते हुए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) से 2030 विश्व कप के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार करने की अपील की है। यूरोप परिषद के प्रमुख ने फीफा को लिखे एक खुले पत्र में कहा कि टूर्नामेंट की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने जरूरी हैं। 46 देशों वाली यूरोप परिषद के प्रमुख और स्विस राजनेता एलेन बर्सेट ने अपने पत्र में चेतावनी दी कि विश्व फुटबॉल के सामने अगला संकट 'पैसा और सत्ता' से जुड़ा हो सकता है। यह पत्र न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में स्पेन और अर्जेंटीना के बीच फाइनल से कुछ घंटे पहले लिखा गया। बर्सेट ने फीफा के कुछ हालिया फैसलों का हवाला देते हुए चिंता जताई, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद अमेरिकी खिलाड़ी फोलारिन बालोगुन पर लगे प्रतिबंध को निलंबित करने का मामला शामिल है। उन्होंने फीफा द्वारा भविष्यवाणी बाजार से जुड़े प्रायोजन समझौते में धोखाधड़ी के संभावित जोखिमों पर भी सवाल उठाए और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कड़े नियमों की मांग की। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रमंडल खेलों में हर भारतीय महिला मुक्केबाज स्वर्ण जीतने में सक्षमः नीवा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने भरोसा जताया है कि टीम की प्रत्येक खिलाड़ी आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है और टीम इस बार पिछले प्रदर्शन से बेहतर करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। नीवा ने कहा कि टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और सभी ने हाल के वर्षों में विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप तथा एशियाई चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास एक मजबूत टीम है और हमने ऊंचे मानक तय किए हैं। हमारी प्रत्येक महिला मुक्केबाज विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण या रजत पदक जीत चुकी है। हमें विश्वास है कि वे राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण जीत सकती हैं। ' उन्होंने माना कि इंग्लैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के मुक्केबाजों से कड़ी चुनौती मिलेगी, लेकिन भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम है। बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने तीन पदक जीते थे, जिसमें निकहत जरीन और नीतू घंघास ने स्वर्ण पदक हासिल किए थे। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी मुकाबले 24 जुलाई से शुरू होंगे। (अनंत ज्ञान)



# मेरा काम प्रदर्शन करना, बाहरी शोर से नहीं पड़ता कोई फर्क : रोहित शर्मा

## लॉर्ड्स में 138 रन की शानदार पारी के बाद संन्यास की अटकलों को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 138 रनों की पारी खेलने वाले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान केवल भारतीय टीम के लिए प्रदर्शन करने पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी शोर से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता और उनका काम सिर्फ मैदान पर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ देना है।

लॉर्ड्स वनडे मैच से पहले मीडिया रिपोर्ट्स में लगातार ऐसे दावे किए जा रहे थे कि यह मुकाबला भारतीय टीम के लिए रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने इन खबरों को निराधार बताया था। अब मैच के बाद रोहित ने भी अपने बयान से इन चर्चाओं को लगभग खारिज कर दिया।

बीसीसीआई की ओर से सोमवार को जारी वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा कि मेरा काम बल्ले से प्रदर्शन करना और मैदान पर उतरकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है। डेब्यू के बाद से मुझे यही जिम्मेदारी मिली है और मैं आगे भी यही करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बाहरी चर्चाएं और आलोचनाएं उनके करियर की शुरुआत से ही होती रही हैं और इससे उनके सोचने या खेलने के तरीके पर कोई असर नहीं पड़ता।

रोहित ने कहा कि जब से मैंने पदार्पण किया है, तब से यह शोर मौजूद है। जब तक मैं खेलूंगा, यह चलता रहेगा। इसलिए इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैं मैदान पर क्या करता हूं और टीम की सफलता में कितना योगदान देता हूं।' उन्होंने मुस्कराते हुए कहा, 'शोर-शराबा होने दीजिए। अगर शोर न हो, तो मजा ही नहीं आता। मेरा काम मैदान के अंदर है और आलोचकों का काम मैदान के बाहर। मैं इसे इसी नजरिए से देखता हूं।

138 रन की दमदार पारी भी नहीं दिला सकी जीतलॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में रोहित शर्मा ने 138 रनों की शानदार पारी खेलकर साबित कर दिया कि उनमें अभी भी भरपूर क्रिकेट बाकी है। हालांकि उनकी यह पारी भारतीय टीम को जीत नहीं दिला सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 387 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 360 रन ही बना सकी और 27 रन से मुकाबला हार गई। रोहित के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 77 और विराट कोहली ने 74 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इससे पहले भारतीय टीम को पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में भी इंग्लैंड के हाथों 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)



# रोहित भाई ने हमें संन्यास के बारे में कुछ नहीं बताया है: शुभम गिल

**एजेंसी, लंदन**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर को लेकर उनसे कोई बात नहीं की है, जिनके संन्यास को लेकर पिछले कुछ दिनों से अटकलों का बाजार गर्म था।

इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से पहले अटकल लगाई जा रही थी कि यह रोहित का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। रोहित ने इस मैच में शानदार शतक लगाया लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने इन अफवाहों का स्पष्ट खंडन किया था। रोहित अभी 39 वर्ष के हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल वनडे में ही खेलते हैं। वह लॉर्ड्स में शतक बनाने वाले पहले और सबसे उम्रदराज भारतीय बल्लेबाज बन गए। गिल से पूछा गया कि क्या रोहित ने उन्हें अपने भविष्य को लेकर कुछ संकेत दिया है।



गिल ने कहा, ''हमें उनसे बात करने का मौका ही नहीं मिला। उन्होंने (रोहित ने) हमें कुछ नहीं बताया। मुझे लगता है कि सारी बातें मीडिया में आ चुकी हैं। लेकिन इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।'' गिल ने रोहित की 110 गेंदों पर खेली गई 138 रन की पारी की जमकर प्रशंसा की। रोहित ने अपनी इस पारी में 17 चौके और पांच छक्के लगाए।

गिल ने कहा, ''रोहित भाई ने बड़े ही शानदार तरीके से पारी को संवारा। मैं नॉन-स्ट्राइकर छोर से उनकी बल्लेबाजी देख रहा था। हमारी बातचीत मुख्य रूप से इसी बात पर केंद्रित थी कि अगर हम विकेट बचाकर रखते हैं तो हमारे पास लक्ष्य तक पहुंचने का मौका रहेगा।''

उन्होंने कहा, ''पावरप्ले में हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि शॉट मारें या नहीं। नई गेंद के सामने बल्लेबाजी करना इतना आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने अपनी पारी को गति दी और फिर 70 रन पर पहुंचने के बाद जिस तरह से उन्होंने तेजी से रन बनाए, वह शानदार था।'' कुलदीप यादव को तीनों मैच में नजरअंदाज करने के लिए गिल और कोच गौतम गंभीर को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जबकि इंग्लैंड ने कई स्पिनरों का इस्तेमाल करके अच्छा प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के 11 स्केटर एशियन ट्रॉफी के लिए सिलेक्ट

## बिना सरकारी मदद बने चियोग आइस स्केटिंग रिंक से 7 खिलाड़ी पहुंचे भारतीय टीम तक

**अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 11 खिलाड़ी 'एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी-2026' के लिए चयनित हुए हैं। इनमें से छह खिलाड़ी शिमला जिला के चियोग व आसपास के है, जहां के ग्रामीणों ने खुद बिना सरकारी मदद के दो साल पहले आइस 'स्केटिंग रिंक' तैयार किया। अब यहां तैयार बच्चे इंडियन टीम के लिए चयनित हुए है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने टीम देहरादून में आयोजित ट्रॉयल के दौरान टीम का चयन किया। भारतीय टीम में सिलेक्ट 11 में से 7 खिलाड़ी चियोग में ही अभ्यास करते है। अब यही बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों में तेजस्वी कुठियाला, रुद्रवीर गांगटा, समर्थ अत्री, दिव्यांश ठाकुर, आभास वर्मा, आद्विक जगटा, आराध्या शर्मा, अनिरुद्ध चंदेल, शुभम ठाकुर, विख्यात कंवर और मोक्षा शर्मा शामिल हैं। इनमें से आभास वर्मा, आद्विक जगटा, आराध्या शर्मा, अनिरुद्ध चंदेल, शुभम ठाकुर और विख्यात कंवर चियोग के रहने वाले हैं। शिमला जिला के ही जुब्बल के रहने वाले रुद्रवीर गांगटा भी चियोग के ही आइस स्केटिंग रिंक में अभ्यास करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### उत्तराखंड के देहरादून में होगी एशियन चैंपियनशिप

**एशियन** चैंपियनशिप 17 से 20 अगस्त तक उत्तराखंड के देहरादून स्थित हिमाद्रि आइस रिंक में आयोजित होगी। इसमें भारत समेत 11 एशियाई देशों के 200 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले इंडियन टीम के लिए चयनित खिलाड़ी 21 जुलाई से देहरादून में होने वाले कैंप में शामिल होंगे।

### ग्रामीणों ने खुद ही पहाड़ को काटकर बनाया रिंक

**आइस** स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप कंवर और कोच रविंद्र ठाकुर ने इसका श्रेय क्षेत्र की जनता को दिया है, जिन्होंने खुद आइस स्केटिंग रिंक तैयार किया। उन्होंने बताया कि बिना सरकारी मदद के आइस स्केटिंग रिंक तैयार करना सपने देखने जैसा है। ग्रामीणों ने पहाड़ को काटकर पहले समतल मैदान तैयार किया। इसके बाद यहां रिंक तैयार किया गया। उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि छोटे से चियोग गांव व आसपास के छह बच्चों का चयन भारतीय टीम में होना पूरे हिमाचल के लिए गौरव की बात है।

# अर्जेंटीना के राजदूत ने फीफा विश्व कप में समर्थन के लिए भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को दिया धन्यवाद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन से अतिरिक्त समय में 0-1 से हारकर उपविजेता रही अर्जेंटीना की टीम को मिले समर्थन के लिए भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कौसिनो ने भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया है।



कौसिनो ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए भारत में अर्जेंटीना के प्रति लगातार बढ़ रहे समर्थन की सराहना की। उन्होंने लिखा, 'इस विश्व कप के दौरान अर्जेंटीना की टीम को लगातार समर्थन देने के लिए भारत के लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत, एक बार फिर आपका शुक्रिया!'

विश्व कप-2022 में लियोनेल मेस्सी की अगुआई में अर्जेंटीना के विश्व चैंपियन बनने के बाद भारत में टीम और मेस्सी के प्रशंसकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी कारण पूरे टूर्नामेंट के दौरान भारत में भी प्रशंसकों ने अर्जेंटीना का उत्साहवर्धन किया। डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरी अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन खिताब बचाने का उसका सपना न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में टूट गया। स्पेन ने अतिरिक्त समय में 1-0 से जीत दर्ज कर 2010 के बाद अपना दूसरा फीफा विश्व कप खिताब अपने नाम किया। मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल फेरान टोरेस ने 106वें मिनट में किया।

पूरे मुकाबले में स्पेन का दबदबा देखने को मिला। स्पेन ने लगातार आक्रमण करते हुए कई मौके बनाए, जबकि अर्जेंटीना उसकी मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में सफल नहीं हो सकी। हालांकि, अर्जेंटीना खिताब बचाने में सफल नहीं रही, लेकिन लगातार दूसरे विश्व कप फाइनल तक पहुंचने की उसकी उपलब्धि को भारत सहित दुनिया भर के प्रशंसकों ने सराहा। (अनंत ज्ञान)

# पहली बार मोल्दोवा पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

## उपप्रधानमंत्री मिहाई पोपशोई ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की राजकीय यात्रा के पहले चरण में सोमवार को मोल्दोवा की राजधानी चिशिनाउ पहुंच गईं। चिशिनाउ पहुंचने पर यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मोल्दोवा के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मिहाई पोपशोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली मोल्दोवा की यात्रा है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति मुर्मु के मोल्दोवा पहुंचने की जानकारी दी। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा गया कि राष्ट्रपति मुर्मू के मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की अपनी राजकीय यात्रा के पहले चरण में मोल्दोवा की राजधानी चिशिनाउ पहुंचने पर मोल्दोवा के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मिहाई पोपशोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया सैंडू के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। इसके अलावा वह मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसू से मुलाकात करेंगी और मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। उनका व्यापार मंच को संबोधित करने तथा मोल्दोवा में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से मिलने का भी कार्यक्रम है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मू 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे चरण में वह 21 जुलाई को उत्तर मैसेडोनिया पहुंचेंगी, जहां राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की से मुलाकात करेंगी, उत्तर मैसेडोनिया की संसद को संबोधित करेंगी और भारत-उत्तर मैसेडोनिया व्यापार मंच में भी भाग लेंगी। यात्रा के अंतिम चरण में राष्ट्रपति 23 जुलाई को रोमानिया पहुंचेंगी। वहां वह राष्ट्रपति, अंतरिम प्रधानमंत्री और सीनेट अध्यक्ष से मुलाकात करेंगी। साथ ही भारत-रोमानिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों से बातचीत करेंगी, भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलेंगी। (अनंत ज्ञान)

## त्रिपुरा के डीजीपी अनुराग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**एजेंसी, अगरतला।** त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनखड़ की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव अगरतला स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय के कार्यालय कक्ष से बरामद किया गया। पुलिस प्रारंभिक जांच में मामले को आत्महत्या की आशंका से जोड़कर देख रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी। जानकारी के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने नियमित निरीक्षण के दौरान डीजीपी को कार्यालय कक्ष में फंदे से लटका पाया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक मजिस्ट्रेट और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अगरतला के जीबीपी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# भारत में 15 जुलाई तक डोपिंग के 78 मामले दर्ज, यूपी और पंजाब सबसे आगे : मांडविया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में खुलासा किया कि भारत में इस साल 15 जुलाई तक डोपिंग के 78 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश और पंजाब में सबसे अधिक 13-13 मामले दर्ज किए गए।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पिछले तीन वर्षों में प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ियों की संख्या के बारे में सवाल पूछा था जिसके लिखित जवाब में मांडविया ने बताया कि 2026 में डोपिंग के 78 मामले दर्ज दर्ज किए गए हैं। मंत्री ने कहा, ''राष्ट्रीय डोपिंगरोधी नियम 2021 के तहत इन खिलाड़ियों पर खेल गतिविधियों से प्रतिबंध लगा दिया गया है।''

डोपिंग के सर्वाधिक मामले उत्तर प्रदेश और पंजाब में पाए गए। इनके बाद मध्य प्रदेश का नंबर आता है जहां 11 ऐसे मामले पाए गए। कर्नाटक इस सूची में चौथे नंबर पर है जहां नौ मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि 2023 में भारत में डोपिंग के 213 मामले दर्ज किए गए, जो 2024 में बढ़कर 260 हो गए। इसके बाद 2025 में यह संख्या घटकर 131 रह गई।



- खेल मंत्री का खुलासा, राष्ट्रीय डोपिंगरोधी नियम-2021 के तहत दोषी खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय और सिक्किम के किसी भी खिलाड़ी को डोपिंग का दोषी नहीं पाया गया। खेल मंत्री ने बताया कि डोपिंग से बचने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें खिलाड़ियों में जागरूकता लाना, सेमीनार और कार्यशालाओं का आयोजन करना भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

# युवाओं का साहस और परिश्रम विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत : पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं के साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए सोमवार को एक संस्कृत सुभाषित साझा किया। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अपने साहस, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और अथक परिश्रम के बल पर ऐतिहासिक सफलताएं हासिल कर रहे हैं, जो विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभर रही हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'प्राप्यापदं न व्यथते कदाचिदुद्योगमनविचति चाप्रमत्त:। दु:खं च काले सहते महात्मा धुरंधरस्तस्य जिता: सपत्नी: ॥' अर्थात- जो महान व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी कभी विचलित नहीं होता, पूरी सावधानी और सजगता के साथ अपने कार्य में निरंतर जुटा रहता है तथा कठिन समय का धैर्यपूर्वक सामना करता है, उसके शत्रु पहले से ही पराजित माने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के युवा अपने साहस, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के दम पर नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि युवाओं की यही ऊर्जा, संकल्प और कर्मठता विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है। (अनंत ज्ञान)



- संस्कृत सुभाषित साझा कर युवाओं के आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की सराहना की
- कठिन परिस्थितियों में धैर्य और निरंतर प्रयास को बताया सफलता की कुंजी

## बलूचिस्तान में सेना के वाहन पर आईईडी हमला, कई जवानों के हताहत होने की आशंका

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सेना के एक बख्तरबंद वाहन को निशाना बनाकर आईईडी हमला किया गया। यह घटना पंजगुर जिले के प्रोम इलाके में हुई, जहां विस्फोट से सेना के बुलेटप्रूफ और विस्फोटरोधी वाहन को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार हमले में कई सैन्यकर्मियों के मारे जाने और कुछ के घायल होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अभी तक हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक विस्फोट काफी शक्तिशाली था, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। अब तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके में जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने क्षेत्र में हाल के कुछ अभियानों का दावा किया है। संगठन के प्रवक्ता मेजर घोरम बलूच ने कई घटनाओं का जिक्र करते हुए सुरक्षा बलों से जुड़े लोगों को निशाना बनाने की बात कही है। वहीं, डेरा बुगती जिले में लैंडमाइन विस्फोट में एक युवक की मौत की भी सूचना है, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और राजमार्ग जाम कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# सोना 756 और चांदी 3493 रुपए महंगी

## 10 ग्राम गोल्ड 1.42 लाख और 1 किलो चांदी की कीमत 2.19 लाख पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने-चांदी की कीमतों में आज तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, एक किलो चांदी 3,493 रुपए बढ़कर 2,18,967 रुपए पर पहुंच गई है, जो शुक्रवार को 2,15,474 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 756 रुपए चढ़कर 1,41,915 रुपए आ गया है। इससे पहले 17 जुलाई को यह 1,41,159 पर था। सोना के दाम इस महीने 283 रुपए बढ़े हैं, जबकि चांदी के दाम 6,463 रुपए गिरावट रही। 1 जुलाई को सोना 1,41,632 रुपए की 10 ग्राम और चांदी 2,25,430 रुपए किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 9 हजार रुपए महंगा हुआ है।



31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए के ऊपर था, जो अब 1.42 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं, चांदी की कीमत में 11 हजार रुपए की गिरावट है। चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.19 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

## सेंसेक्स 443 अंक गिरकर 77,709 पर आया, निफ्टी 96 अंक नीचे 24,239 पर बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज यानी 20 जुलाई को गिरावट रही। सेंसेक्स 443 अंक की गिरावट के साथ 77,709 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 96 अंक की गिरावट रही, ये 24,239 पर आ गया है। आज के कारोबार में प्राइवेट बैंक, ऑटो और आईओ शेयरों में ज्यादा बिकवाली रही। वहीं सरकारी बैंक और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। शुक्रवार 17 जुलाई को सेंसेक्स 964 अंक की तेजी के साथ 78,151 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 261 अंकों की तेजी है, ये 24,334 पर बंद हुआ। कारोबार में आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। (अनंत ज्ञान)

